सूर्योदय : 6:57
सूर्यास्त : 5:33
अधिकतम तापमान : 21
न्यूनतम : 6.7

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-209 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 18 जनवरी 2026
28 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मजबूत न्यायपालिका और बेहतर न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर अनिवार्य : योगी

- इंटीग्रेटेड कोर्ट काम्प्लेक्स राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क साबित होंगे : सीजेआई
- चन्दौली को मिला 286 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटेड कोर्ट



राजेन्द्र प्रकाश

**चंदौली।** प्रदेश के चंदौली में न्याय व्यवस्था को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 286 करोड़ की लागत से बनने वाले इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स का भव्य शिलान्यास किया। इस मौके पर देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

शिलान्यास के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक यात्रा के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस बात पर विशेष जोर दिया था कि न्याय व्यवस्था आम नागरिक तक सरलता से पहुंचे। इसके लिए इंटीग्रेटेड मॉडल जरूरी हैं। क्योंकि यहां न्याय से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। उनकी सोच ने इस पहल को दिशा दी। योगी ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' को लेकर देश में व्यापक सुधार हुए हैं। अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्टर विकसित किया गया है। उसी प्रेरणा से न्यायिक व्यवस्था को भी आधुनिक बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, अधिवक्ताओं के लिए आधुनिक चैंबर, पार्किंग और कैंटीन सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं होंगी। इससे अधिवक्ताओं को जर्जर चैंबरों में काम करने की मजबूरी नहीं रहेगी। उन्हें हाई राइज भवनों में बेहतर व सम्मानजनक कार्यस्थल मिलेगा।

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि चीफ जस्टिस की प्रेरणा से यह सुविधा उत्तर प्रदेश के छह जिलों- चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस और औरैया में शुरू की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने इसे भारत के न्यायिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मजबूत न्यायपालिका और बेहतर न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्टर अनिवार्य है। न्यायिक कार्यों को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संसाधनों की कोई कमी नहीं है, केवल इच्छाशक्ति के साथ काम करने की जरूरत है।

सीएम ने चंदौली सहित सभी जिलों के अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों के संघर्ष की सराहना की। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के साथ समन्वय कर सरकार ने इस दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाए हैं।

### अमेठी में बनेगा दीवानी न्यायालय, सीएम और सीजेआई ने चंदौली से किया वर्चुअल शिलान्यास

उत्तर प्रदेश में अमेठी जिला बनने के 15 साल बाद दीवानी न्यायालय निर्माण की औपचारिक प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सीजेआई सूर्यकांत ने चंदौली से अमेठी दीवानी न्यायालय के निर्माण का शिलान्यास किया। यह दीवानी न्यायालय गौरीगंज तहसील के जामो रोड स्थित विसुनदासपुर गांव में बनेगा। इसकी लागत 220 करोड़ रुपये होगी। पहली किस्त के रूप में 55 करोड़ की धनराशि शासन द्वारा निर्गत कर दी गई है।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वह जब भी अन्य राज्यों का दौरा करेंगे, तो वहां की राज्य सरकारों और हाईकोर्ट के समक्ष उत्तर प्रदेश के इस मॉडल का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। कहा- संविधान में जिला न्यायपालिका को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। संविधान में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य का अपना हाईकोर्ट होगा, जिलों में जिला कोर्ट होंगे। न्यायालयों को मौलिक अधिकारों, मानवीय अधिकारों सहित अन्य संवैधानिक अधिकारों को लागू करने की व्यापक शक्तियां प्राप्त होंगी। संविधान निर्माताओं की मंशा यही थी कि यदि जिला स्तर पर न्यायपालिका सशक्त होगी, तो 'एक्सेस टू जस्टिस' का सपना साकार होगा। आम नागरिक को अपने ही क्षेत्र में न्याय मिल सकेगा।

## एआर रहमान के कम्युनल वाले बयान पर भड़कीं कंगना रनौत



**मुंबई।** संगीतकार एआर रहमान फिल्मी सिनेमा को कम्युनल कहकर बुरे फंस चुके हैं। उन्हें अपने बयान की वजह से आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत ने एआर रहमान को पूर्वाग्रही और बुरा इंसान बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने लिखा, डियर, रहमान, फिल्म उद्योग में मुझे भगवा पार्टी का समर्थन करने के कारण बहुत भेदभाव व पक्षपात का सामना करना पड़ता है, फिर भी मैं ये कहना चाहूंगी कि मैंने आपसे अधिक पूर्वाग्रही और हेटफुल व्यक्ति नहीं देखा।

# पश्चिम बंगाल को लूट रही तृणमूल

- मोदी बोले, भाजपा लौटाएगी रुका हुआ विकास



**मालदा:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद ही राज्य में रुके हुए विकास कार्य फिर शुरू हो सकते हैं। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के चारों ओर 'सुशासन' की सरकार है।

उन्होंने कहा कि ओडिशा, त्रिपुरा, असम और बिहार में भी भाजपा सरकार है। अब बंगाल में भाजपा सरकार आनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने हावड़ा-गुवाहाटी के बीच चलने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद एक जनसभा में कहा कि पश्चिम बंगाल का तेज़ विकास भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता है। यह खुशी की बात है कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जहां से शुरू हो रही है, वह बंगाल है। मोदी ने कहा कि मैं बंगाल के विकास के लिये काम कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि सरकार की जो योजनाएं हैं, वे उसके सही हकदारों को मिलें, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। बंगाल की तृणमूल सरकार बहुत निर्दयी है। केंद्र सरकार बंगाल के विकास के लिये जो पैसे भेजती है, उसे तृणमूल के लोग लूट लेते हैं। उन्हें जनता की तकलीफ़ की कोई चिंता नहीं। वे अपनी तिजोरियां भरने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के लोग पश्चिम बंगाल को लूट रहे हैं और बंगाल का विकास रोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि यहां आयुष्मान भारत योजना लागू हो, लेकिन बंगाल देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां यह योजना लागू नहीं। बीते कुछ सालों में देश के करोड़ों गरीबों ने अपना मुफ्त इलाज करवाया है, लेकिन तृणमूल वाले बंगाल में मेरे किसी भी भाई-बहन को आयुष्मान भारत का लाभ नहीं लेने देते। ऐसी निर्मम सरकार की बंगाल से विदाई ज़रूरी है। मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केंद्र में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना चला रही है। लाखों परिवारों ने इस योजना की मदद से घरों में सोलर प्लांट लगाये हैं।

मैं चाहता हूं कि बंगाल के लोगों को भी इस योजना का लाभ मिले और आपके घर का बिजली बिल भी शून्य हो जाये, लेकिन तृणमूल सरकार ऐसी योजनाओं को आगे नहीं बढ़ने देती। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों का तभी भला होगा, जब यहां विकास रोकने वाली तृणमूल सरकार नहीं, बल्कि उन्नयन वाली भाजपा सरकार होगी। उन्होंने कहा कि यहां न फैक्ट्रियां लगती हैं, न किसानों को सुविधा मिल रही है। मालदा-मुर्शिदाबाद से किसानों को रोज़ी-रोटी के लिये पलायन करना पड़ता है। रेशम किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं। आम किसान बेहाल हैं। उन्होंने राज्य में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाला देते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर यहां गंगा, महानंदा और फुलहर नदी पर बाढ़ से सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतज़ाम किये जाएंगे। श्री मोदी ने बंगलादेश सीमा की सुरक्षा को लेकर चिंता ज़ाहिर करते हुए कहा कि बंगाल के सामने घुसपैठ बहुत बड़ी चुनौती है। दुनिया के समृद्ध देश भी अपने यहां से घुसपैठियों को निकाल रहे हैं।

### तस्वीरों में देखते थे विदेशी ट्रेनें, उस सपने को हकीकत में बदला



**कोलकाता।** पीएम मोदी ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पीएम मोदी ने ट्रेन में बच्चों और लोको पायलटों से भी मुलाकात की और उनसे बातें कीं। इसके बाद पीएम मोदी ने मालदा में चार अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कभी हम तस्वीरों में विदेशों की ट्रेनों को देखकर कहा करते थे कि काश ऐसी ट्रेनें भारत में होती, आज हम उसी सपने को हकीकत में बदलते देख रहे हैं। मैं देख रहा हूं कि विदेशी भारत की ट्रेनों की तस्वीरें बनाकर दुनिया को बता रहे हैं कि भारत की रेलों में किस तरह से क्रांति आ गई है।

### असम की रैली में पीएम ने घुसपैठ को लेकर कांग्रेस को घेरा

**गुवाहाटी।** बंगाल के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने असम में भी एक जनसभा को संबोधित किया। यहां पर भी उन्होंने घुसपैठ का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों का नतीजा आज सबके सामने है। उन्होंने कहा कि असम में शांति, विकास और आत्मविश्वास लौट रहा है। खासकर बोडो समाज के युवाओं में नई ऊर्जा दिखाई दे रही है, जो अब सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे असम के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब भी असम की कला, संस्कृति और पहचान का सम्मान किया जाता है, कांग्रेस को तकलीफ होती है। उन्होंने सवाल किया कि भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किसने किया था। जवाब खुद कांग्रेस है।

## डीजीसीए ने लगाया इंडिगो पर 22 करोड़ का जुर्माना

- 2500 से ज्यादा फ्लाइट रद्द करने के बाद हुआ एक्शन




**नई दिल्ली।** दिसंबर 2025 में हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना कराना इंडिगो एयरलाइंस को महंगा पड़ गया। नागरिक उड्डयन नियामक (डीजीसीए)ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही एयरलाइन के वरिष्ठ प्रबंधन के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई भी की गई है।

यह कार्रवाई उस जांच के बाद हुई, जिसमें दिसंबर की शुरुआत में हुए बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी की जिम्मेदारी इंडिगो की गंभीर लापरवाहियों को माना गया। इन गड़बड़ियों की वजह से देशभर के एयरपोर्ट पर तीन लाख से ज्यादा यात्री फंस गए थे। डीजीसीए की यह जांच नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय समिति ने की थी, जिसने पूरी घटना की विस्तृत पड़ताल की। जांच में सामने आया कि 3 से 5 दिसंबर 2025 के बीच इंडिगो ने कुल 2507 उड़ानें रद्द कीं, जबकि 1852 फ्लाइट्स में देरी हुई। इस दौरान देश के कई बड़े एयरपोर्ट पर हालात बिगड़ गए और यात्रियों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। समिति के मुताबिक, यह केवल मौसम या बाहरी कारणों की वजह से नहीं हुआ, बल्कि एयरलाइन की आंतरिक योजना और संचालन में बड़ी चूक इसकी मुख्य वजह रही।

### जांच में सामने आईं कमियां

जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इंडिगो में जरूरत से ज्यादा ऑपरेशन को ऑप्टिमाइज करना एक बड़ी समस्या बन गया। इसके अलावा नियामकीय तैयारी की कमी, कमजोर सॉफ्टवेयर सिस्टम और प्रबंधन स्तर पर निगरानी में बड़ी खामियां भी सामने आईं।

## तकनीक का इस्तेमाल समाज कल्याण के लिए हो

- इसका गुलाम नहीं बनना चाहिए : मोहन भागवत
- व्यापार और उद्योग केवल मुनाफे के लिए नहीं होने चाहिए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि तकनीक का इस्तेमाल समाज की भलाई के लिए होना चाहिए, लेकिन हमें उसका गुलाम नहीं बनना चाहिए। उन्होंने यह बात छत्रपति संभाजीनगर में युवा उद्यमियों से बातचीत के दौरान कही। यह बातचीत आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। भागवत ने यह भी जोर दिया कि स्वदेशी का मतलब तकनीक को पूरी तरह से नकारना नहीं है।

मोहन भागवत ने कहा, तकनीक से बचा नहीं जा सकता और यह अपने आप में बुरी नहीं है। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम इस पर इतने निर्भर न हो जाएं कि यह हमें नियंत्रित करने लगे। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार और उद्योग केवल मुनाफे के लिए नहीं होने चाहिए।

भागवत ने समझाया, हम सिर्फ अपने फायदे के लिए काम नहीं करते, बल्कि समाज के लिए भी करते हैं। आजीविका कमाना सामाजिक जिम्मेदारी के साथ-साथ चलना चाहिए। उन्होंने कृषि का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय किसान अक्सर खेती को सिर्फ एक काम नहीं, बल्कि अपना कर्तव्य मानते हैं। भागवत ने कहा, यह नेक सोच कहीं और मुश्किल से देखने को मिलती है। यह हमें याद दिलाता है कि हमारा काम समाज-केंद्रित होना चाहिए।% उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक तकनीक को भारत की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार ढालना चाहिए। यह भी जरूरी है कि तकनीक समाज को नुकसान न पहुंचाए।

### मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर एके-47 बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उत्तर-पश्चिमी घने वनक्षेत्र में शनिवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं तथा दो एके-47 राइफलें बरामद हुई हैं। मृतकों में नक्सलियों की नेशनल पार्क एरिया कमेटी के प्रमुख दिलीप बेड़जा की ही पहचान की गयी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल ऑपरेशन) विवेकानंद सिन्हा के मुताबिक खुफिया सूचनाओं के आधार परएक बड़े नक्सली कमांडर पापाराव की मौजूदगी का संकेत मिला था। राज्य पुलिस की जिला रिजर्व गार्ड एवं विशेष टास्क बल तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा 210, 206 और 202 बटालियनों के जवानों ने संयुक्त तलाशी ऑपरेशन शुरू किया।

## लखनऊ में जुटेंगे देश की सभी विधानसभाओं के अध्यक्ष

- 19 से 21 जनवरी तक लोकसभा अध्यक्ष रहेंगे मौजूद



**लखनऊ।** लखनऊ 19 से 21 जनवरी तक देश के सबसे बड़े विधायी आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। तीन दिवसीय राष्ट्रीय पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन यहां आयोजित होगा, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं के अध्यक्ष, विधान परिषदों के सभापति तथा संसद के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आयोजन की मेजबानी करेंगे।

सम्मेलन का उद्घाटन 19 जनवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के समापन सत्र को 21 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे।

विधानमंडलीय परंपरा के अनुसार यह सम्मेलन हर वर्ष किसी न किसी राज्य में आयोजित किया जाता है। पिछली बार इसकी मेजबानी कर्नाटक ने की थी। उत्तर प्रदेश में यह सम्मेलन चौथी बार आयोजित हो रहा है। इससे पहले वर्ष 2015 में प्रदेश को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वहीं, 100वां सम्मेलन वर्ष 2022 में शिमला में आयोजित किया गया था।

सम्मेलन के समानांतर 19 जनवरी को देश भर के विधानसभा और विधान परिषद सचिवों का अलग सम्मेलन भी आयोजित होगा। इसमें बदलते राजनीतिक और प्रशासनिक परिवेश में विधानमंडलीय सचिवों की भूमिका, डिजिटल प्रक्रियाएं और कार्यप्रणाली में सुधार जैसे विषयों पर मंथन किया जाएगा।

### सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज

20 जनवरी को मुख्य सम्मेलन सत्र में पीठासीन अधिकारियों के स्तर पर विधायी संस्थाओं की भूमिका, कार्यकुशलता, संसदीय मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने पर विस्तृत चर्चा होगी। राज्य सरकार और विधानसभा सचिवालय ने सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के आवास, परिवहन और कार्यक्रम स्थलों को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस आयोजन से लखनऊ एक बार फिर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक विमर्श के केंद्र के रूप में उभरेगा।

## कांग्रेस नेता बोले, सरकार को लेनी होगी जिम्मेदारी, मैं इनके साथ खड़ा हूं

# इंदौर के दूषित पेयजल संकट के पीड़ितों से मिले राहुल गांधी



**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण कई लोगों की मौत के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को देश के सबसे स्वच्छ शहर में पहुंचे और इस प्रकोप के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की। राहुल गांधी ने निजी क्षेत्र के बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती चार मरीजों से मिलकर उनके हाल जाने और उनके परिजनों से भी मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार भी थे।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गांधी ने भागीरथपुरा में उल्टी-दस्त के प्रकोप के दौरान दम तोड़ने वाली गीता ध्रुवकर (64) और जीवनलाल बरेड़े (80) के घर जाकर उनके शोकसंतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद वह एक स्थान पर पीड़ित परिवारों से सामूहिक तौर पर मिले। राहुल गांधी के दौरे के मद्देनजर भागीरथपुरा में पुलिस ने सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए थे और जगह-जगह बैरिकेड लगाए गए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, अलग-अलग शहरों में यही हो रहा है। जो सरकार की जिम्मेदारी है- साफ पानी, कम प्रदूषण, यह सब जिम्मेदारी सरकार नहीं निभा रही। यहां जिन लोगों ने यह कराया है, सरकार में कोई तो जिम्मेदार होगा तो कोई न कोई जवाबदेही सरकार को लेनी चाहिए और इन्हें जो मुआवजा मिलना है, यह जो सरकार की लापरवाही से हुआ है, उसके लिए इनकी मदद करनी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा, इन्होंने हमें बताया कि यह टंकी प्रतीक है कि आज भी यहां साफ पानी नहीं है, बैंडेड लगा दिया है जो कुछ दिनों तक चलेगा लेकिन जैसे ही सबका ध्यान हटेगा वापस वही हालत हो जाएगी। ये लोग कह रहें कि यहां व्यवस्थित रूप से काम किया जाए और इन्हें साफ पानी दिया जाए, यह कोई गलत बात नहीं है, इनका समर्थन करने मैं आया हूं। मैं विपक्ष का नेता हूं, यहां लोगों की मृत्यु हुई है, मैं इनका मुद्दा उठाने आया हूं। यह मेरा काम है, मेरी जिम्मेदारी बनती है देश में लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा, मैं इनके साथ खड़ा रहने यहां आया हूं। भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से लोगों के बीमार पड़ने का सिलसिला दिसंबर में शुरू हुआ था। नागरिकों ने इस प्रकोप में अब तक 24 लोगों के दम तोड़ने का दावा किया है। मृतकों के आंकड़े को लेकर विरोधाभासी दावों के बीच सरकार ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में पेश रिपोर्ट में भागीरथपुरा में उल्टी-दस्त के प्रकोप के दौरान पांच माह के बालक समेत सात लोगों की मौत का जिक्र किया है।

### राहुल के आते ही संकरी गलियों से छलका दर्द

राहुल के भागीरथपुरा पहुंचते ही लोगों का दर्द छलक पड़ा। जनता ने खूब नारेबाजी की और चिल्लाकर कहा कि उन्हें न्याय चाहिए। जिन लोगों ने गंदा पानी पीकर अपनी जान गंवा दी उनके परिजन सड़कों पर उतकर नारेबाजी करते रहे और बोले कि दोषियों को सख्त सजा मिलेगी तभी उन्हें न्याय मिलेगा। राहुल ने उन्हें आर्थिक मदद करने के उद्देश्य से 1.50 लाख रुपए के चेक भी दिए लेकिन परिजन पूरे समय न्याय दिलाने की बात कहते रहे। राहुल के आने से पहले भागीरथपुरा स्थित गार्डन में सभी पीड़ित परिवारों को एकत्र किया गया था। यहां राहुल ने सामूहिक चर्चा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पीड़ित परिवारों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से प्रदूषित जल आ रहा था और शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।

## संधियां राष्ट्र हित से प्रेरित होनी चाहिए

- विदेशी सरकारों और कॉर्पोरेशनों के दबाव में न हों संधियां : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कर समझौतों में शामिल होते समय, अपनी टैक्स संप्रभुता की रक्षा करनी चाहिए साथ ही इसकी निष्पक्षता सुनिश्चित करनी चाहिए और इसके दुरुपयोग को रोकना चाहिए। यही नहीं सर्वोच्च अदालत ने भविष्य के लिए भी संधि में ऐसी गुंजाइश रहने देने की बात कही है, जिसमें देश की जरूरत के हिसाब से फिर से बातचीत का रास्ता बना रहे।

सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच में जस्टिस जे बी पारदीवाला की ओर से ऐसी टिप्पणियां एक फैसले के दौरान अलग से की गई है। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू राजस्व प्राधिकरण के फैसले को सही ठहराया है कि 2018 में अमेरिकी इंवेस्टर फर्म टाइगर ग्लोबल के फ्लिपकार्ट से बाहर निकलने से होने वाला कैपिटल गेन भारत में टैक्स के दायरे में आता है।

इस केस में जस्टिस जे बी पारदीवाला ने अलग लेकिन सहमति वाली राय दी कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कर संधियों के मामले में कैसे आगे बढ़ना चाहिए। जस्टिस पारदीवाला ने कहा, संधियां विदेशी सरकारों और कॉर्पोरेशनों के दबाव में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संधियों की शर्तों को लेकर कहा, कर संधियां, अंतरराष्ट्रीय समझौते, प्रोटोकॉल और सुरक्षा उपाय बेहद आकर्षक, पारदर्शी होने चाहिए और समय-समय पर समीक्षा लायक होनी चाहिए, साथ ही गलत नतीजों से बचने के लिए स्ट्रॉन्ग एग्जिट क्लॉज के साथ फिर से बातचीत की प्रक्रिया की भी गुंजाइश होनी चाहिए, जिससे राष्ट्र की रणनीतिक और सुरक्षा की रक्षा की जा सके।

### संधियों में आर्थिक और जनहित नजर आना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने देश की आर्थिक संप्रभुता, राजस्व आधार और जनहित की रक्षा के लिए कर संधि को लेकर एक विस्तृत सेफगार्ड दिए हैं। जस्टिस पारदीवाला का कहना है कि संधियों में विस्तृत रूप से आर्थिक और जनहित नजर आनी चाहिए, न कि सिर्फ नौकरशाही या राजनीतिक लक्ष्य। 2018 में जब वॉलमार्ट ने भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में कंट्रोल करने लायक स्टेक खरीद लिए तो टाइगर ग्लोबल इससे बाहर निकल गई।

# जनपद में गणतंत्र दिवस के अवसर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## महापुरूषों की प्रतिमा पर होगा माल्यार्पण एवं निकाली जाएगी प्रभात फेरी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जनपद में गणतंत्रत दिवस के अवसर पर 24, 25 एवं 26 जनवरी को रात्रि में सभी सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा लाइट लगाई जाएं। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख चौराहों को तिरंगा लाइट से सजाया जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में 26 जनवरी 2026 गणतन्त्र दिवस मनाये जाने के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे। आहूत की गयी। नगर निगम द्वारा शहर में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था, महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कराएं। 26 जनवरी को सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 08:30 बजे एवं शिक्षण संस्थाओं पर प्रातः 10:00 बजे किया जायेगा। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर अधिकारियों द्वारा प्रातः 07:30 बजे माल्यापर्ण कराया जायेगा। प्रभातफेरी प्रातः 06:00 बजे जनकनगर स्थित गांधी आश्रम से प्रारम्भ होकर 06:30 बजे घंटाघर पंहुचेगी तथा वहां से नेहरू मार्किट, शहीद गंज, चौक फव्वारा, पंसारी बाजार, सर्राफा सराय, लौहानी सराय, फायर ब्रिगेड से होकर गांधी पार्क में सम्पन्न होगी। गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा, घण्टाघर चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर जिला विद्यालय निरीक्षक, देहरादून चौक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा, चौधरी चरण सिंह चौक पर चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा, जनकपुरी चौक स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा, पुल खुमरान शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर जिला आबकारी अधिकारी, लोहा बाजार स्थित तस्वीर झांसी की रानी एवं शहीद स्मारक पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा, स्टेडियम गांधी पार्क डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी द्वारा, जाटव नगर बस्ती डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर ए0आर0टी0ओ0 (प्रवर्तन) द्वारा, माधव नगर/गढी मलूक पार्क स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर जिला उद्यान अधिकारी द्वारा, नुमाईश कैम्प भारत माता की प्रतिमा पर तहसीलदार सदर द्वारा, कैलाशपुर स्थित डा0 अम्बेडकर पार्क में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर उप जिलाधिकारी सदर द्वारा, ग्राम पठेड व ग्राम नारायणपुर गुर्जर स्थित महंत जगन्नाथ दास तथा चौधरी प्रताप सिंह की प्रतिमा पर सब रजिस्ट्रार द्वारा, ग्राम रणदेवा में महंत जगन्नाथ दास की प्रतिमा पर तहसीलदार नकुड द्वारा, अशफाक उल्लाह चौंक पर स्मारक पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पुष्पांजली अर्पित करेंगे, विश्वकर्मा चौक पर माल्यार्पण डिप्टी कमीश्नर प्रशासन वाणिज्य कर द्वारा, रेलवे स्टेशन पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा, मुन्नालाल डिग्री कॉलेज मण्डी समिति के गेट के पास वीर शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर सहायक महानिरीक्षक निबन्धन द्वारा, हासिम खां चौंक मौ0 खजूरतला थाना मण्डी हाशिम खां की प्रतिमा पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी द्वारा, सन सिटी कालोनी गेट के सामने राजबाहे की पटरी पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त समस्त उप जिलाधिकारी अपनी-अपनी तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। 26 जनवरी को प्रातः 11 बजे विभिन्न स्थानों पर जनपद के अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा फल वितरण का कार्य किया जायेगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद में पूर्णतयाः मद्य निषेध रहेगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ के अंतर्गत साइकिल रेस जनता रोड महाराज सिंह कॉलेज ग्राउंड से पुंवारका 05 किमी तक का आयोजन प्रातः 7:00 आरंभ कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

## तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला अधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्रायः चकरोड, सड़क, नाली, खडंजे एवं पेंशन संबंधी आवेदन प्राप्त होते हैं। भूमि संबंधी विवादों में जांच कर्ता अधिकारी यदि मौके पर उभयपक्षों की मौजूदगी में पूर्ण पारदर्शिता से शिकायत का निस्तारण करें तो अधिकांश शिकायतों का समाधान हो सकता है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान समेत आयोजित विभिन्न दिवसों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि इन दिवसों में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 21, विकास विभाग की 03, नगर निगम की 05, परिवहन विभाग की01, श्रम विभाग की 01, पुलिस विभाग की 02, पूर्ति विभाग की 02, समाज कल्याण विभाग की 01 एवं विद्युत विभाग की 01 कुल 37 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने सभी पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए।

## एलआईसी के विकास अधिकारी द्वारा किया गया अभिकर्ता संगोष्ठी का आयोजन





**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जीवन बीमा निगम की नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी भोले सिंह ने अपने अभिकर्ताओं की सभा का आयोजन किया जिसमें सभी अभिकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भारतीय जीवन बीमा निगम की नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी द्वारा शनिवार सुबह लगभग 10 बजे अपने अभिकर्ताओं का टीकाकरण कर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई एल आई सी के क्षेत्र में काम करता है तो अच्छी आय के साथ-साथ सामाजिक सम्मान में भी वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में काम करने से सरकारी नौकरी के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने अपने अभिकर्ताओं के कार्य को कुशल बनाने के तरीकों के बारे में बताया एवं अच्छा कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया। इसी के साथ-साथ एल आई सी की प्रसिद्ध पॉलिसियों के बारे में बताया एवं प्रचलित प्लान के फायदे बताए। सभा का समापन लगभग 3 बजे मध्याह्न भोजन के उपरांत किया गया। सभा के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम नजीबाबाद शाखा के शाखा प्रबंधक ऋषभ कपूर एवं उनके सहयोगी सहायक शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार रहे। इस अवसर पर अभिकर्ता अजीत सिंह, केशव, शेर खान, गंगाराम, सलीम अहमद, कल्लू सिंह, आदित्य अग्रवाल, राम अवतार, संजय, इतिक्षा, स्वाति, दिव्या, सपना, सीमा आदि सहित लगभग 100 अभिकर्ता शामिल रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी जनसमस्याएं, दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद की बिसौली तहसील पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा बिल्सी तहसील पर एसडीएम बिल्सी तथा एसपी आरए द्वारा जन समस्याओं को सुना गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए तथा कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर दोनों तहसीलों पर अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## फैक्ट्रियों से एक टन पॉलीथिन बरामद, एक लाख 65 हजार जुर्माना वसूला

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम के प्रवर्तन दल व स्वास्थ्य विभाग ने नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज सड़क दूधली क्षेत्र में दो पॉलीथिन फैक्ट्रियों पर छापा मारकर करीब एक टन प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद किया और एक लाख 65 हजार जुर्माना वसूल किया।



नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि सड़क दूधली क्षेत्र में चल रही दो पॉलीथिन फैक्ट्रियों में प्रतिबंधित पॉलीथिन बनायी जा रही है। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने स्वास्थ्य विभाग व प्रवर्तन दल की टीम के साथ सड़क दूधली क्षेत्र में उक्त दोनों फैक्ट्रियों पर छापा मारा। छापे के दौरान फैक्ट्रियों में खुले स्थान पर व बोरों में रखी प्रतिबंधित पॉलीथिन पायी गयी। जिसे जब्त कर ट्रक व ट्राली में भरकर नगर निगम लाया गया। ये दोनों फैक्ट्रियां देहरादून रोड से जा रहे एक राजबाहे के किनारे स्थित है।

प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि दोनों फैक्ट्रियों से करीब एक टन प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर दोनों फैक्ट्रियों से एक लाख 65 हजार जुर्माना वसूला गया है। कार्रवाई के दौरान उक्त अधिकारियों के अलावा सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना, सफाई निरीक्षक अमित तोमर, आशीष, सुधाकर, मनोज कुमार, ज्योति व सोमकुमार के अलावा प्रवर्तन दल के जवान शामिल रहे।

इसके अलावा प्रवर्तन दल टीम ने चिलकाना रोड पर पुलिस चौकी से चिलकाना बस स्टैंड तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण अभियान चलाते हुए दो दर्जन से अधिक दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटाया और एक मेज, चार फ्लेक्स व दो होर्डिंग्स जब्त कर 13 हजार सात सौ रुपये का जुर्माना वसूल किया।

इसी क्रम में चमन पैलेस के निकट ढमोला सफाई अभियान के दौरान सफाई निरीक्षक अमित तोमर व प्रवर्तन दल के हेमराज ने ट्रैफिक पुलिस की सहायता से ढमोला की पटरी पर अवैध रुप से पार्किंग कर खड़ी की गयी दस कारों के चालान भी कराए गए।

## वेल्डिंग मशीन गिरने से युवक की मौत

**सहारनपुर।** वेल्डिंग करते समय मशीन गिरने से एक युवक की मौत हो गई। अचानक हुए हादसे से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

गंगोह क्षेत्र गांव गांव कुंडा कलां निवासी 21 वर्षीय भूरा पुत्र ममरेज हरियाणा के कैथल स्थित एक सेलर में काम करता था। गुरुवार को वह अपने अन्य साथियों के साथ वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक एक मशीन उसके सिर पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी तुरंत घायल को अस्पताल ले गए जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी वहां पहुंच गए। बिना किसी कार्रवाई के परिजन शव को अपने गांव ले आए तथा गमगीन माहौल में उसे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। युवक की मौत से परिजन सदमे में हैं वहीं गांव मे शोक की लहर है।

## 20 वें दिन भी जारी रहा भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का का 20 वें दिन शनिवार को डी एफ ओ कार्यालय नजीबाबाद पर धरना प्रदर्शन जारी रहा। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में धरना जारी है। जांच करने पर पता चला कि वन विभाग का नोटिफिकेशन त्रुटि पूर्ण है। जिस कारण किसानों को कृषि भूमि नहीं मिल पा रही है। वन विभाग ने कृषि विभाग कब्जा रखी हैं। किसानों पर वन विभाग जुटे मुकदमे दर्ज करा रहा है। जो वापिस किए गए। 21 जनवरी को होने वाली जिले की मासिक पंचायत धरना स्थल वन विभाग कार्यालय नजीबाबाद पर होगी, लड़ाई आर पार की होगी इस कड़कड़ाती ठंड के बावजूद धरने में दिन - रात जारी है धरने पर, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह, सोनू गिरिराज, सत्यपाल सिंह, अर्जेंद्र सिंह, पप्पू, जाहिद, शकील, विनीत, रोहित, युसूफ, रजत , अजीत, विजेंद्र, जाहिद, बलराम सिंह, अनिल चौहान, नीटू, पवन, मोनू, सुभाष, हुकम, संदीप आदि मौजूद रहे।

## आशा तथा संगीनियों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन बादस्तूर जारी

### काला दिवस के रूप में मनाया गया प्रदर्शन का 33वां दिन



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश आशा संगिनी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले संगठन की जनपद इकाई द्वारा मालवीय आवास गृह पर एक माह से अधिक समय पूर्व से किए जा रहे धरना प्रदर्शन बदस्तूर जारी रहा,जिसे शनिवार को 33 वें दिन संगठन द्वारा सरकार की वादा खिलाफी कहकर काला दिवस के रूप में मनाया गया।इस दौरान आशाओं तथा संगीनियों द्वारा काले वस्त्र तथा दुपट्टे पहनकर प्रदर्शन किया गया।यह प्रदर्शन जनपद के सामुदायिक केंद्रों पर भी किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों आशा कर्मी काला दिवस मना रही हैं।उन्होंने कहा कि सरकार के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक स्थिति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि वार्ता के दरवाजे बंद कर सरकार ने अपने अहंकार और जनविरोधी चेहरे को ही उजागर किया है। उन्होंने कहा कि इन 33 दिनों में हर दिन सरकार के दोहरे चेहरे और उसके खुद के कथनों का दोहरापन साफ होता गया है।उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि आशा कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी कहने वाले मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कहां हैं।उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में पूरी सर्दी में आशा कर्मी अपनी आवाज़ उठाती रही पर सरकार ने उनकी आवाज को सुनकर भी अनसुना कर दिया। उन्होंने कहा कि 19 और 20 जनवरी को जन अदालतें लगाई जाएंगी और जनता की अदालत में सरकार के खिलाफ आशा कर्मी अपनी फरियाद पेश करेंगी,सरकार इस आंदोलन को चुप्पी साधकर थका नहीं सकती और न ही दमन के बल पर डरा सकती है। उनके द्वारा बुद्धिजीवी वर्ग सहित आशा कर्मियों के परिजनों से आगामी 19 जनवरी को मालवीय आवास गृह पर होने वाली जन अदालत को सफल बनाने की अपील की गई है। इस मौके पर मनीषा सोमश्री, गीता देवी, नीरज देवी, प्रतिभा, इंदुवती, सरोज पाठक, कमलेश, अनुपम, हंसमुखी, शारदा देवी, रजनी, रामवती, मिथलेश, मुन्नी, राधेश्वरी, मंजू , सीता रानी आदि मौजूद रहीं।

## राष्ट्रीय लोकदल किसान, मजदूरों का परिवारः चौधरी नीरपाल

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने सोनकर समाज, वाल्मीकि समाज और कश्यप समाज के लोगों को राष्ट्रीय लोकदल का पटका पहनाकर सम्मानित किया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई।

जेल चुंगी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में जाति,धर्म नहीं देखा जाता बल्कि सभी वर्गों का सम्मान किया जाता है।हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते है।जयंत चौधरी साहब के पदचिन्हों पर चलकर सर्व समाज का सम्मान कर रहे है। जयंत चौधरी ने दलित समाज से अनिल कुमार को उत्तर प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री बनाया है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

### 25 शिकायतों में से मात्र दो का हुआ मौका पर समाधान

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। डीएम साहिबा नजीबाबाद के नव निर्मित स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने



जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और ज़िम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 23 जनवरी को आयोजित होगा मॉकड्रिल

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रस्तावित मॉकड्रिल,की तैयारियों के संबंध में एक बैठक का आयोजन नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस बैठक की जानकारी देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली ब्लैक आउट मॉकड्रिल की तैयारी के सम्वन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को एक बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में समस्त संबंधित विभागों के समन्वय से कार्य योजना तैयार करने, निर्धारित समय शाम 6:00 बजे पुलिस लाइन में मॉकड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किया जाएगा, सायरन बजते ही पुलिस लाइन क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। मॉकड्रिल में अग्निशमन विभाग स्काउट गाइड वालंटियर्स, नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों, एनसीसी वालंटियर्स एवं आपदा मित्रों द्वारा आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं भवनों फसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा, मॉकड्रिल में नागरिक सुरक्षा कोर, पावर कारपोरेशन, पुलिस विभाग, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग आदि द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

## बरेली में एलटी ग्रेड परीक्षा का महायज्ञ शुरू, 28 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों की कड़ी परीक्षा

### 21 परीक्षा केंद्र, दो दिन की अग्निपरीक्षा, प्रशासन से लेकर रेलवे तक अलर्ट मोड में

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड प्रारंभिक परीक्षा-2025 का आगाज शनिवार से हो गया। पहले दिन परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिले में दो दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा में कुल 28,132 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। शनिवार को जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर पहली पाली में सुबह 9 से 11 बजे तक जनरल स्टडीज और सोशल साइंस की परीक्षा कराई गई। इस पाली में 9,792 पंजीकृत अभ्यर्थी शामिल हुए। अभ्यर्थियों को सुबह 7:30 बजे से प्रवेश दिया गया, जबकि 8:15 बजे के बाद प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया। दूसरी पाली में शनिवार को दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक 16 परीक्षा केंद्रों पर जनरल स्टडीज और बायोलॉजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें 7,104 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। 18 जनवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक 19 केंद्रों पर जनरल स्टडीज और अंग्रेजी की परीक्षा होगी, जिसमें 8,832 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं, शाम 3 से 5 बजे तक केवल 6 परीक्षा केंद्रों पर जनरल स्टडीज और फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा कराई जाएगी, जिसमें 2,400 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। बरेली इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, एफआर इस्लामिया, साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज, पीसी आजाद, तिलक इंटर कॉलेज, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, बरेली कॉलेज, केपीआरसी कला केंद्र, जीआईसी, सीबीगंज इंटर कॉलेज सहित कई प्रमुख संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। एलटी ग्रेड परीक्षा को लेकर रेलवे प्रशासन भी सतर्क हो गया है। मुरादाबाद रेल मंडल के अंतर्गत बरेली, मुरादाबाद और शाहजहांपुर रेलवे स्टेशनों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा समाप्ति के बाद प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर और पूछताछ केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा तैनात की गई है।

**सख्त दिशा-निर्देश लागू**

परीक्षा में केवल काली स्याही के बॉल प्वाइंट पेन की अनुमति है। ग्राफ शीट, मानचित्र, कैलकुलेटर और किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। परीक्षा के अंतिम आधे घंटे में किसी भी अभ्यर्थी को कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## सोनू कश्यप हत्याकांड पर निषाद पार्टी का आक्रोश, मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** मेरठ जिले में मछुआ समाज से जुड़े युवक सोनू कश्यप की संदिग्ध हालात में हुई मौत को लेकर निषाद पार्टी ने प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के प्रदेश सचिव ईश्वर दयाल कश्यप के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ईश्वर दयाल कश्यप ने कहा कि सोनू कश्यप की मौत साधारण घटना नहीं है और पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पहल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के निर्देश पर की गई है। निषाद पार्टी का आरोप है कि प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बावजूद अब तक निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, जिससे समाज में भारी आक्रोश है। पार्टी नेताओं का कहना है कि शुरुआती स्तर पर ही मामले को दबाने की कोशिश की गई। साथ ही डॉ. संजय कुमार निषाद को मेरठ जाने से गाजियाबाद सीमा पर रोके जाने को पार्टी ने संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया, जबकि अन्य जनप्रतिनिधियों को पीड़ित परिवार से मिलने की अनुमति दी गई।

## इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी का दीक्षा महोत्सव बना यादगार, सुष्मिता सेन और संजय मिश्रा को मिला डॉक्टरेट सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय परिसर शनिवार को शिक्षा, सम्मान और उत्साह के संगम का गवाह बना, जब यहां 12वें दीक्षा समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में जहां हजारों छात्र-छात्राओं ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव मनाया, वहीं बॉलीवुड की चर्चित हस्तियां सुष्मिता सेन और संजय मिश्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। पूर्व मिस यूनिवर्स और अभिनेत्री सुष्मिता सेन तथा अपनी सशक्त अभिनय शैली के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता संजय मिश्रा को कला एवं समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। दोनों हस्तियों का तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सम्मान किया गया, जिससे पूरा सभागार उत्साह से गूंज उठा। मंच से परिचय कराते हुए वक्ताओं ने बताया कि सुष्मिता सेन ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल कायम की। वहीं संजय मिश्रा ने अपने दमदार अभिनय और आम आदमी से जुड़े किरदारों के जरिए भारतीय सिनेमा में अलग पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. उमेश गौतम और प्रतिकुलाधिपति पार्थ गौतम के सान्निध्य में आयोजित इस समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के स्नातक, परास्नातक एवं शोध विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। अपने पसंदीदा कलाकारों की मौजूदगी में डिग्री पाना विद्यार्थियों के लिए किसी यादगार पल से कम नहीं रहा। हालांकि कार्यक्रम में आमंत्रित कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू फ्लाइट में देरी के कारण तय समय पर नहीं पहुंच सके, लेकिन इससे समारोह की भव्यता और उत्साह पर कोई असर नहीं पड़ा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को न सिर्फ सम्मान का अहसास कराते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा भी देते हैं।

# सभी बच्चे अपने परिवार के सदस्यों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें : सुधांशु रंजन

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन आज शनिवार को विकास इंटर कॉलेज, चंदमारी वाराणसी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे मनोज वर्मा,आर.टी.ओ. (प्रवर्तन), वाराणसी तथा विशेष अतिथि राघवेन्द्र सिंह, आर.टी.ओ. (प्रशासन), वाराणसी रहे। इस कार्यक्रम के आयोजक रहे ए.के सिंह चेयरमैन, विकास इंटर कॉलेज इस अवसर पर सुधांशु रंजन, एआरटीओ, (प्रवर्तन) तथा प्रो0 ओ.पी. सिंह मनोविज्ञान विभाग। कार्यक्रम की शुरुआत में सुधांशु रंजन ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि,विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम इसलिए आवश्यक हैं। क्योंकि बच्चे नई आदतें शीघ्र सीखते हैं और नैतिक व भावनात्मक अपील के माध्यम से अपने परिवार के सदस्यों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक कर सकते हैं। मुख्य अतिथि मनोज वर्मा, ने विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी एंबेसडर बताते हुए कहा कि चाहे व्यक्ति चालक हो या सह-यात्री,वाहन के भीतर हो या पैदल यात्री के रूप में सड़क पर सड़क सुरक्षा के नियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यालय आते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें, क्योंकि शिक्षक विद्यार्थियों के लिए आदर्श (रोल मॉडल) होते हैं। विशेष अतिथि राघवेन्द्र सिंह, आर.टी.ओ.(प्रशासन),वाराणसी ने ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चलाना जैसी समस्याओं के मूल में लापरवाही को प्रमुख कारण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए तैयार रोड सेफ्टी हैंडबुक का विमोचन करते हुए बताया कि यह पुस्तिका पुस्तकालय तथा व्हाट्सऐप समूहों के माध्यम से विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे नियमित रूप से सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रो.ओ.पी. सिंह द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए लगभग 2000 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# वाराणसी में भीषण जाम,ध्वस्त हुई ट्रैफिक व्यवस्था, सड़क पर घंटों परेशान रहे राहगीर



(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो

**ट्रैफिक नियमों का नया फंडा नहीं समझ में आ रहा है लोगों को**

**वाराणसी।** विश्व के प्राचीन धरोहर नगरी काशी में इन दिनों ज़ाम रहने से आम नागरिक परेशान है। शनिवार को सुबह से शाम तक शहर के अधिकांश चौराहों पर भीषण ज़ाम लगा रहा। वही आम नागरिक के साथ स्कूली बच्चों का बस भी जम के आगोश में फस गया। इतना ही नहीं जाम में सबसे ज्यादा दिक्कत एंबुलेंस वालों को होती है, जिसके अंदर मरीज जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा होता है। एंबुलेंस के सायरन सुनने के बावजूद लोग उसे रास्ता नहीं देते हैं। सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण अन्य लोगों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। भेलूपुर कमच्छा मार्ग के दोन तरफ फल विक्रेता सालों साल से कब्जा करके फल बेचते आ रहे हैं। कमच्छा तिराहे पर पाईप लाइन बिछाने के चलते रास्ते में गड्ढे किए गए हैं।जो कम होने के बाद भी अभी तक पाटा नहीं गया। जिसके चलते चार पहिया वाहन के पहिए गड्ढे में धस जा रहे हैं इस रास्ते पर लंबा जाम लग जा रहा है। वहीं ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलने के लिए कागजी निर्देश जारी हो रहे हैं मगर जमीनी हकीकत कुछ और नज़र आ रहा है।

# हरघर जल योजना ने कस्बा को किया नरक, विरोध में 19 को व्यापार मंडल करेगा बाजार बंदी

अवधनामा संवाददाता



**महोबा चरखारी।** हर घर जल योजना करवाई संस्था द्वारा पाइप लाइन डाले जाने के बाद क्षतिग्रस्त किए मार्गों को दुरुस्त न किए जाने पर व्यापार मंडल ने विरोध दर्ज कराया है साथ ही ठोस कार्यवाही न होने पर 19 जनवरी को बाजार बंद करते हुए विरोध दर्ज किए जाने का नोटिस प्रशासन को दिया है।

बताते चलें कि हर घर जल योजना के तहत पूरे कस्बे के प्रमुख मार्गो से लेकर एक-एक मोहल्ले की गलियों में पाइपलाइन बिछाई गई है लेकिन पाइपलाइन बिछाई जाने के बाद समुचित रूप से सड़कों की मरम्मत न की जाने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है जिसको लेकर समय-समय पर स्थानीय लोगों द्वारा विरोध दर्ज किया जाता रहा है। लेकिन इसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से आक्रोश व्याप्त हो गया है।

कस्बा चरखारी के प्रमुख मार्गो एवं बाजार में विगत 3 वर्षो से सड़कों के क्षतिग्रस्त पल होने के कारण एक और जहां व्यापार प्रभावित हो रहा है वही धूल धक्कड़ से व्यापारियों की दुकानों में रखा लाखों का सामान भी क्षतिग्रस्त व खराब हो रहा है। व्यापार मंडल ने इन रास्तों व प्रमुख मार्गो को दुरुस्त किए जाने की लिए अब आंदोलन का रुख अपनाया है। जिसमें नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल आनंद स्वरूप दामले के नेतृत्व में महामंत्री रामबाबू गुप्ता कोषाध्यक्ष अनिल सोनी, युवा अध्यक्ष राम जी सोनी, महामंत्री गुलशन वीरेंद्र गुप्ता जीतू सोनी आलोक खरे , सरफराज नीरज सोनी, शशिकांत शर्मा आदि ने उप जिलाधिकारी कार को ज्ञापन सौंपते हुए 24 घंटे के भीतर ठोस निर्णय लेने की मांग की है तथा कहा है कि अगर 24 घंटे के अंदर कोई ठोस कार्रवाई या आश्वासन नहीं मिलता तो 19 जनवरी को व्यापारी पूरा बाजार बंद करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे। हालांकि ज्ञापन मिलने के बाद उप जिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार ने आज ही संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कार्य दाई संस्था से वार्ता करते हुए मामले का निस्तारण की जाने का आश्वासन दिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर आई 52 शिकायतें, 12 का निस्तारण

**संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह की अध्यक्षता में हुआ संपन्न**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** सदर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जहां पर अपर जिलाधिकारी के अलावा अन्य अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में कुल 52 शिकायतों को गंभीरता के साथ सुनते हुए अधिकारियों ने 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष शिकायतों को निस्तारण कि लिए संबन्धित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया।

सदर तहसील में शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से बात अवश्य की जाए और शिकायत के निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, क्योंकि इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है, इसलिए शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का कागज पर नही बल्कि धरातल पर निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को इधर उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा पाया गया तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे ने लोगों की समस्याओं को सुना गया।

उधर जिले की तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार की उपस्तिथि में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां पर आए हुए 39 शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए दो शिकायतों को मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील चरखारी में उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे।

# प्रभावी पैरवी के चलते सम्मनपुर के अभियुक्त को न्यायालय ने सुनाई सज़ा

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर चलाए जा रहे दोष सिद्धि अभियान के अंतर्गत जनपद की पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ एवं अभियोजन विभाग द्वारा की गई लगातार, सशक्त और प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप थाना सम्मनपुर में पंजीकृत एक मामले में अभियुक्त को न्यायालय से सजा दिलाई गई। थाना सम्मनपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 80ए/2002, धारा 323, 325 एवं 504 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत आरोपी रामबहाल पुत्र रामसहाय, निवासी कटघर मूसा, थाना सम्मनपुर, जनपद अम्बेडकरनगर को माननीय अपर सिविल न्यायाधीश/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अम्बेडकरनगर द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2026 को दोषी करार दिया गया।

# मध्यस्थता अभियान के तहत शहर के इंडस वैली पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूगता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश के आदेश पर 31 जनवरी तक चलाए जा रहे मध्यस्थता अभियान के तहत शहर के इंडस वैली पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूगता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव तेन्द्र पाल ने की। शिविर में छात्र छात्राओं को प्राधिकरा में विधिक साहयता के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविर में अपर जिला जज ने बताया कि आशा, साथी, संवाद, डान और जागृति योजनाएं नागकिं तक न्याय और सेवाएं पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की शुरू की गई पहल हैं, जिनका उद्देश्य विभिन्न विभागों को एक साथ लाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक कानूनी सहायता और जागरूकता पहुंचाना है। यह योजनाएं जागरूकता बढ़ाने, संवाद स्थापित करने और जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने पर केंद्रित हैं, जिसमें न्यायपालिका और प्रशासन मिलकर काम करते हैं। बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिकारिक संख्या में निस्तारण कराना है। बताया कि बाल विवाह को पूर्णतयः खत्म करने के लिए कानूनी कार्रवाही की जा रही है साथ ही साथी अभियान के अंतर्गत बेसाहरा बच्चों के आधारकार्ड भी बनाए जा रहे हैं।

शिविर के मौके पर बताया कि अभियान के तहत कमजोर आदिवासियां और विमुक्त खानाबदोस जनजातियां को सार्थक न्याय प्रदान किया जा रहा है । छात्र छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों प्रोत्साहित करते हुये समाज की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया।

# आवास विकास परिषद में भारी भ्रष्टाचार

अवधनामा संवाददाता

**सहायक आवास आयुक्त आगरा के कारनामें, नियम विरुद्ध नामांतरण करने का प्रयास**

**अलीगढ़।** आवास एवं विकास परिषद में अलीगढ़ से लेकर आगरा तक भारी भ्रष्टाचार हैं। नक्शे के विपरीत, आवासीय भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराए जाने थर्ड पार्टी को नियम ताक पर रख नामांतरण कराने के लिए अधिशाषी अधिकारी नवजोत सिंह का बड़ा रोल सामने आ रहा है। भारी भरकम धन लेकर नियम विरुद्ध तरीके से चिरंजीलाल आवासीय योजना में भवन संख्या 165 जोकि आवासीय भूमि हैं जिस पर एक नर्सिंग होम डॉक्टर अंजुला भार्गव का बन तैयार हो गया है। इस संबंध में पूर्व में भी इनके कारनामें की शिकायत और समाचार प्रकाशित किए जा चुके हैं। इन कामों को कराए जाने में अहम भूमिका सहायक आवास आयुक्त आगरा जोन अमित गुप्ता की है।

अमित गुप्ता ने भी भ्रटाचार को करते हुए भूखण्ड संख्या 163 जिसके मूल अवंती विश्वनाथ कौशिक थे। उनकी मौत के बाद उनके पुत्र गौरव कौशिक ने बिना नामांतरण कराए उक्त भूखंड को सभी नियम और कानून को ताक पर रखकर अभिषेक गुप्ता के नाम रजिस्ट्री करदी। अब पेच यह फस रहा है कि बिना नामांतरण के अभिषेक गुप्ता के नाम रजिस्ट्री कैसे हुई। विभाग के दोनों अधिकारी नवजोत सिंह और अमित गुप्ता अभिषेक गुप्ता के नाम नामांतरण करा रहे थे। जोकि की संपति अधिकारी देशराज सिंह ने अभिषेक के नाम नामांतरण करना नियम विरुद्ध बताया इसको लेकर सहायक आवास आयुक्त अमित गुप्ता ने देशराज सिंह को निलंबित कर दिया क्योंकि अमित गुप्ता पहले ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुके हैं। अमित गुप्ता ने देशराज सिंह की जगह आगरा से संपति अधिकारी का चार्ज खंडेलवाल को दे दिया है। यहां यह भी अवगत कराना है कि जिनको संपति अधिकारी बना भेजा गया उनकी पहले ही जांच चल रही है। क्या अमित गुप्ता भ्रष्टाचार में इतने डूब गए हैं कि जांच के घेरे में चल रहे अधिकारी को ही अलीगढ़ भेज रहे हैं?

# बीएसएफ जवान के बुजुर्ग माता पिता से दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

**महोबा।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के टिकरिया गांव में एक बीएसएफ जवान के बुजुर्ग माता पिता से दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती देख दबंग तमंचा लहराते हुए मौके से भाग गए, इसके बाद ग्रामीणों ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी में भर्ती कराया, जहां पर बुजुर्ग पिता की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्तपाल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर और पास लगे सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

टिकरिया गांव राजबहादुर यादव (64) ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार रात अपनी पत्नी कमलेश (61) के साथ घर खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहा था, तभी गांव के ही शीलेंद्र, सुनील, रिंकू और उनके साथियों ने पुरानी किसी बात की रंजिश के चलते हमलावर धारदार हथियार और अवैध तमंचे लिए घर आकर दरवाजा पीटने लगे, जिस पर राजबहादुर ने दरवाजा खोला ही था कि उपरोक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी।

# बाल श्रम के खिलाफ शहर में चला अभियान, तीन बच्चों को रेस्क्यू कर परिजनों को किया सुपुर्द



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बच्चों की सुरक्षा व बाल श्रम कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक प्रवण प्रताप सिंह के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने दुकानों, वर्कशाप, गैरेज व अन्य प्रतिष्ठानों पर अभियान के तहत चेकिंग अभियान चलाया, जहां पर तीन बच्चे बालश्रम करते पाए गए। टीम ने बच्चों को उनके परिजनों कं सुपुर्द करते हुए दुकान मालिको के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई। अभियान के तहत टीम ने आमजन को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति आदि न कराए जाने के प्रति जागरूक भी किया।

निदेशालय महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) वंदना सिंह के निर्देशन पर महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान, स्वालम्बंन और संकट की स्थिति में महिलाओं, बच्चों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए औचक ड्राइव बाल विवाह रक्षा अभियान के लिए थाना एचडी केउपनिरीक्षक फूलचन्द्र मिश्रा, महिला कांस्टेबल कविता देवी, श्रम पर्वतन अधिकारी महंत प्रजापति, जिला बाल संरक्षण अधिकारी संगीता राजपूत, कोऑर्डिनेटर चाइल्ड लाइन दीपक कुमार, बाल कल्याण समिति की मधुबाला चौरसिया की संयुक्त टीम के साथ संघन अभियान चलाया गया । अभियान दौरान तीन नाबालिक बालक बालश्रम करते पाए गए, जिन्हें तो संयुक्त टीमन ने बच्चों को रेस्क्यू कर उनके परिजनों को सुपुर्द कराया गया।

श्रम पर्वतन अधिकारी ने बताया कि बालश्रम करने वाले वर्कशॉप, दुकान के मालिक के खिलाफ विधिक कार्रवाई अमल में लायी गयी है। संयुक्त टीम ने दुकानों, वर्कशाप, होटलों, ढाबों व गैरेजों आदि के मालिकों कों कड़ी हिदायत दी गयी कि किसी भी 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिक बालक, बालिका से काम न कराये और न ही काम पर रखें । इस मौके पर चेकिंग टीम ने मानव तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति न कराने सम्बन्धी आवश्यक निर्देशों से आम जनमानस को जागरूक किया और इमरजेंसी सहायता के लिए शासन की जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बरों की भी जानकारी दी।

# जिलाधिकारी द्वारा कायमगंज में संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गई



**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि की गरिमामयी उपस्थिति में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील दिवस में राजस्व विभाग की 18, पुलिस विभाग की 11,विद्युत विभाग की 23, विकास विभाग की 14,आपूर्ति विभाग की 04,नगर पालिका/नगर पंचायत की 05 व अन्य विभागों की 12 कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 09 का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संवंधित अधिकारियो को दिये। इसके साथ ही विधायक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा 40 गरीब व निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी व संवंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री रामआसरे ने बाबा के दरबार मे मत्था टेका



**वाराणसी।** उ प्र सरकार के पूर्व मंत्री एवं विश्वकर्मा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा शनिवार को वाराणसी के सर्किट हाउस पहुंचे तो उनका स्वागत सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ÷विश्वकर्मा÷ ने किया । इस अवसर पर उन्होंने विश्वकर्मा समाज के लोगों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।इसके बाद विश्वकर्मा समाज के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा के साथ विश्वनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया। वही पूर्व मंत्री दोपहर सड़क मार्ग से आजमगढ़ के लिए निकल गए। इस अवसर पर विष्णु शर्मा,सोनू विश्वकर्मा,सुनील विश्वकर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# कैनवस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक अभय सिंह ने किया उद्घाटन

**जलालपुर (अंबेडकरनगर)।** ए.एस.पी. विद्यापीठ, फखरपुर में आयोजित स्व. अनिरुद्ध सिंह परिवार कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ आज 17 दिसंबर 2026 को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन अयोध्या जनपद के गोसाईगंज विधायक अभय कुमार सिंह ने किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन मुकाबले दो शिफ्टों में खेले गए। पहले शिफ्ट में अजईपुर और अमौली ग्रामसभा की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। अजईपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए अमौली की टीम ने 8 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए और अजईपुर को जीत के लिए लक्ष्य दिया। जवाब में अजईपुर की टीम 8 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य से सिर्फ एक रन पीछे रह गई, जिससे अमौली ने रोमांचक मुकाबले में 1 रन से जीत दर्ज की। दूसरे शिफ्ट में बड़ेगांव और फखरपुर की टीमों के बीच मैच खेला गया। इस मुकाबले में बड़ेगांव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# सीपी ग्लोबल एकेडमी में विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई, स्कूल बसों का किया गया निरीक्षण**

जया उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी फर्रूखाबाद श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज दिनांक 17-01-2026 को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव के द्वारा सी0पी0ग्लोबल एकेडमी, सकवाई में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक किया जा रहा है।

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के द्वारा अवगत कराया गया कि यातायात पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार माह दिसम्बर 2025 तक जनपद फर्रूखाबाद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद फर्रूखाबाद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। जनपद में घटित लगभग 65 प्रतिशत दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है तथा मृतकों की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत दो पहिया वाहन सवार है।

एआरटीओ-प्रवर्तन द्वारा अवगत कराया गया कि अवयस्क द्वारा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेन्स के विद्यार्थियों के द्वारा वाहन चलाये जाते पाये जाने पर चालान के साथ-साथ संरक्षक/मोटरवाहन स्वामी के विरूद्ध मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 की धारा-199क के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्राविधान है कि किसी किशोर द्वारा मोटरवाहन अपराध में किशोर के संरक्षक/मोटरवाहन के स्वामी को ही दोषी मानते हुये दण्डित किया जाये। संरक्षक/मोटरवाहन के स्वामी को 03 वर्ष तक कारावास तथा 25 हजार रू0 तक का जुर्माना आरोपित किया जा सकता है तथा अपराध में प्रयुक्त वाहन का पंजीयन 01 वर्ष की अवधि के लिये निरस्त कर दिया जायेगा तथा ड्राइविंग लाइसेन्स 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरान्त ही बन सकेगा।

एआरटीओ-प्रवर्तन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी 478 छात्र.-छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुये उनसे अपील की गई कि वह विद्यालय आने वाले वाहनों जैसे-ऑटो, ओमनी वैन, बस आदि की जानकारी अपने विद्यालय को दें ताकि परिवहन विभाग द्वारा उन वाहनों की फिटनेस जाँच की जा सके। सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा साहित्य भी वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों, शिक्षक, कर्मचारियों तथा चालक/परिचालकों ने उपस्थित रहकर यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली कि वे सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। व्यक्तित्व विकास पर बल देते हुए श्री यादव ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समयबद्धता और सहयोग जैसे गुणों को अपनी जीवन शैली में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अच्छे गुणों का समावेश न केवल व्यक्ति के विकास के लिए, अपितु समाज की उन्नति के लिए भी आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अमित चौहान तथा अन्य शिक्षण स्टॉफ उपस्थित रहा। एआरटीओ-प्रवर्तन एवं एआरटीओ-प्रशासन के द्वारा मोहम्मदाबाद क्षेत्र के विद्यालयों में पहुंच कर स्कूल बसों का निरीक्षण किया। बसों में कमी पाये जाने पर 02 बसों के सम्बन्ध में नोटिस जारी किये गये।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई



अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड के विकास कार्यो की नवंबर माह की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया जिसमे विकास कार्यों में जनपद ने 18वां स्थान प्राप्त किया है। बैठक में 29 विभागों की 77 योजनाओं की समीक्षा की गई,समीक्षा में सबसे खराब डी0 श्रेणी में उद्योग विभाग की ओ0डी0ओ0पी0 टूल किट योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में आई,समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 24 रैंक आई,सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में 38रैंक आई,अनुसूचित जाति पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में 59 रैंक आई, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में 40 रैंक आई,पूर्व दशम छात्रवृतियोजना में 63 रैंक आई, जल निगम ग्रामीण विभाग का कार्यक्रम जल जीवन मिशन की रैंक 60 प्राप्त हुई है ग्राम्य विकास विभाग का कार्यक्रम डे एन आर एल एम आरएफ सी आई एफ में रैंक में सुधार हुआ और 12 रैंक आई है,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कार्यक्रम दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ती योजना में 35,पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में 48 रैंक प्राप्त हुई है, उद्योग विभाग ओ0डी0ओ0पी0 वित्त पोषण योजना में 67 रैंक आई, चिकित्सा विभाग का कार्यक्रम एम्बुलेंस 102 में 23 एवं एम्बुलेंस 108 में 12 रैंक आई है।

# जिला व्यापार बन्धु बैठक में व्यापारियों से हुआ संवाद, जीएसटी-2.0 की सुविधाओं पर जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अपर आयुक्त रोड-1, राज्य कर अयोध्या जोन, अयोध्या की अध्यक्षता में जिला व्यापार बन्धु की बैठक व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, पंजीयन आधार एवं राजस्व वृद्धि, तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी-2.0 में निहित व्यापारी सुविधाओं से व्यापारियों को अवगत कराना रहा। साथ ही व्यापार में आ रही समस्याओं एवं उनके निराकरण हेतु प्राप्त सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक सदर, अयोध्या ने कहा कि विद्युत आपूर्ति की समस्या कभी व्यापारियों की सबसे बड़ी समस्या हुआ करती थी, लेकिन सरकार के प्रयासों से अब यह अतीत की बात हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पूर्व व्यवस्था में व्यापारियों के शोषण और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में क्रान्तिकारी बदलाव करते हुए जीएसटी एवं जीएसटी-2.0 लागू किया गया, जो व्यापारी वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ है।

जीएसटी जागरूकता के अंतर्गत राम आशीष पाण्डेय, उपायुक्त राज्य कर ने पंजीयन, व्यापारी दुर्घटना बीमा, समाधान योजना तथा उसकी सरल प्रक्रियाओं सहित जीएसटी से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। वहीं राज्य कर मुख्यालय, उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहीं श्रीमती मधुरिमा मित्रा, संयुक्त आयुक्त ने व्यापारी संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की भावनाओं को व्यापारियों से जोड़ने का प्रयास किया तथा जीएसटी में अपेक्षित सुधारों के लिए व्यापार संगठनों एवं अधिवक्ताओं से सुझाव आमंत्रित किए। कार्यक्रम में अतुल सिंह, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ईंट निर्माता कल्याण परिषद ने ईंट निर्माता व्यापारियों को जीएसटी की स्पेशल समाधान योजना से बाहर रखने एवं वैट कालीन समाधान योजना को लागू करने की मांग रखी। वहीं अरविन्द अग्रवाल, अधिवक्ता ने जीएसटी के अंतर्गत पारित एकपक्षीय आदेशों की सुनवाई हेतु प्रथम अपीलीय अधिकारी की नियुक्ति की मांग की, जिससे छोटे व्यापारियों के मामलों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर हो सके।

## माता का बहुमूल्य प्यार मातृभाषा से मिलता है: विश्व प्रकाश



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में देशभर के सिंधी भाषा अध्ययन केंद्रों पर संचालित सिंधी भाषा सीखो पाठ्यक्रम की परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हो गईं।परिषद के बोर्ड मेंबर एवं अयोध्या निवासी विश्व प्रकाश रूपन को जयपुर (राजस्थान) स्थित आदर्श विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता, पारदर्शिता एवं गरिमापूर्ण आयोजन का निरीक्षण किया।श्री रूपन ने बताया कि परिषद द्वारा देश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर योग्य एवं अनुभवी विद्वानों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इनमें प्रो. वासुदेव देवनानी (अजमेर), मनीष देवनानी (अयोध्या), अशोक मूलचंदानी (ब्यावर), भगतराम छाबड़ा (कोल्हापुर), डॉ. कन्हैयालाल खटवानी (रायपुर), डॉ. वंदना खुशालानी (अमरावती), सीए तुलसीराम टेकवानी (अहमदाबाद) तथा राम जवाहरानी (उल्हासनगर) सहित अन्य विद्वान शामिल रहे। सिंधी भाषा के प्रसार, संरक्षण, संवर्धन एवं लोक संस्कृति की अभिवृद्धि हेतु चलाए जा रहे इस अभियान में देश की अनेक प्रमुख सामाजिक संस्थाओं ने परिषद को सक्रिय सहयोग प्रदान किया।जयपुर आदर्श विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान श्री रूपन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷मातृभाषा से प्रेम ही माता के बहुमूल्य प्यार की अनुभूति कराता है।

# बीकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस, डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ तहसील बीकापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं प्रत्येक फरियादी की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम डेहरियावां, विकासखण्ड बीकापुर के शिकायतकर्ता ने रास्ते की भूमि पर अवैध निर्माण हटवाने की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने एसएचओ बीकापुर को प्रकरण का संज्ञान लेकर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

वहीं ग्राम गौरा, विकासखण्ड तारून में चकमार्ग की पटाई से संबंधित शिकायत पर खंड विकास अधिकारी एवं एसएचओ तारून को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया। इसी क्रम में ग्राम मरूई सहाय सिंह, विकासखण्ड बीकापुर में रास्ते पर जबरन मिट्टी डालकर अवरोध किए जाने की शिकायत पर एसएचओ बीकापुर को जांच के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बताया कि बीकापुर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 100 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। तहसील दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व, सड़क, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला पूर्ति अधिकारी, उपजिलाधिकारी बीकापुर, क्षेत्राधिकारी बीकापुर, खंड विकास अधिकारी बीकापुर, खंड विकास अधिकारी तारून, तहसीलदार बीकापुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्व. डॉ. राम प्रसाद गुप्ता की पुण्य स्मृति में निःशुल्क चिकित्सा शिविर कैल्शियम जांच पर उमड़ी भीड़



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वर्गीय डॉ. राम प्रसाद गुप्ता की पुण्य स्मृति में शनिवार को जिला चिकित्सालय अयोध्या में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला चिकित्सालय के एसआईसी डॉ. राजेश कुमार सिंह एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर शिविर के संचालक एवं स्व. डॉ. गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार गुप्ता तथा उनके अनुज पुत्र फार्मेसिस्ट संजीव कुमार गुप्ता ने दोनों अधिकारियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया।शिविर में डॉ. राजीव कुमार गुप्ता एवं डॉ. ऋचा अग्रवाल के पास हजारों की संख्या में मरीज पहुंचे और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ विभिन्न जांचें कराईं। शिविर में सबसे अधिक भीड़ कैल्शियम जांच को लेकर देखने को मिली। इसके अलावा लोगों ने शुगर एवं ब्लड प्रेशर की भी जांच कराई। करीब तीन घंटे तक चले इस शिविर में बाहरी मरीजों के साथ-साथ जिला चिकित्सालय के कर्मचारियों ने भी जांच का लाभ उठाया।

# शिक्षिका ने विद्यालय मे फांसी लगाकर आत्महत्या की, मौक़े पर पुलिस



उमा वर्मा उर्फ माला, मृतक टीचर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सतरिख क्षेत्र अंतर्गत उधवापुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां विद्यालय के प्रिंसीपल ऑफिस में लगे पंखे में एक शिक्षिका का शव रस्सी के सहारे फंदे कर लटका मिला। घटना से शिक्षा विभाग और इलाकें में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान उमा वर्मा उर्फ माला 40 वर्ष के रूप में हुई है, जो शहर के जलालपुर की निवासी थीं और कंपोजिट विद्यालय उधवापुर में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत थीं। सहकर्मी टीचरों के अनुसार, शनिवार सुबह उमा वर्मा के पति ऋषि, जो स्वयं शिक्षक हैं और सिद्धौर ब्लॉक में तैनात है, वहा अपनी पत्नी को विद्यालय छोड़कर अपने स्कूल चले गए थे। विद्यालय पहुंचने के बाद उमा ने अपनी कक्षा में बैग रखा और इसके बाद प्रधानाचार्य कक्ष मे चली गई। काफी देर तक बाहर न निकलने पर जब सहकर्मियों को शक हुआ तो उन्होंने प्रधानाचार्य कक्ष में जाकर देखा तो सबके होश उड़ गये। उमा का शव रस्सी के सहारे पंखे से लटका हुआ था। बताया गया की कमरे का दरवाज़ा अंदर से बंद नहीं था। घटना की सूचना मिलते ही सतरिख थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट न मिलने के चलते शिक्षिका द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### पति ने विद्यालय प्रिंसिपल और स्टॉफ पर गंभीर आरोप लगाए

सूचना मिलने पर विद्यालय पहुंचे मृतका के पति ऋषि ने स्कूल की प्रिंसिपल और कुछ स्टॉफ के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से स्कूल की प्रिंसिपल उनकी पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। स्टाफ के कुछ लोग भी लगातार टीका-टिप्पणी करते थे और शिकायतें कर रहे थे। ऋषि के अनुसार, इसी कारण वे उमा का ट्रांसफर कराने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन अब तक ट्रांसफर नहीं हो सका था।

### मृतका के भाई ने भी लगाया आरोप

मृतका उमा के भाई शिवाकांत वर्मा ने बताया कि उनकी बहन मन लगाकर बच्चों को पढ़ाती थी, जिससे कुछ लोग नाराज रहते थे। स्टाफ के लोग टीका-टिप्पणी करते थे कि इन्हें अवॉर्ड चाहिए। परिजनों का आरोप है कि सहायक अध्यापक सुशील वर्मा और इंचार्ज सितावती, जया और अर्चना लगातार परेशान कर रही थी।

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि जिस प्रधानाचार्य कक्ष में उमा ने फांसी लगाई, वहां का दरवाज़ा अंदर से बंद नहीं था और पुलिस को सूचना देने से पहले स्टाफ ने कमरे की चीजों को व्यवस्थित किया है।

### बीएसए बोले कोई शिकायत नही मिली, जाँच शुरू

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) नवीन कुमार पाठक ने कहा कि उमा वर्मा की ओर से प्रताड़ना को लेकर कोई शिकायत उनके पास नहीं की गई। उन्होंने घटना को अत्यंत दुखद बताया और कहा कि पूरे मामले की गहन जांच कराई जा रही है। यदि कोई भी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वैश्विक रैंकिंग के लिए वैज्ञानिकों का सामूहिक प्रयास जरूरीः डा. धीरेंद्र

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में बोर्ड ऑफ फैकल्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और शिक्षा एवं शोध में उत्कृष्टता को बढ़ाना था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन डा. डी. के. सिंह ने शिक्षकों से शिक्षा और शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। सचिव डा. आलोक कुमार सिंह ने लीव एनकैशमेंट, मेडिकल सुविधा, ग्रेच्युटी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बैठक में निदेशक शोध डा. शम्भू प्रसाद, पूर्व अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह, और संकाय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## साइबर धोखाधड़ी के शिकार को वापस कराई 43,355.71 रुपये की धनराशि

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** थाना साइबर क्राइम जनपद अयोध्या ने त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर धोखाधड़ी के शिकार एक आवेदक को 43,355.71 रुपये की धनराशि वापस कराई। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या ACK-33109250112591 पर की गई। अयोध्या पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सतर्क रहें और किसी भी धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## डकैती की योजना बनाते 10 शातिर बदमाश गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व औजार बरामद

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना कोतवाली बीकापुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बीकापुर पुलिस टीम ने 16 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर मंगारी विसुही नदी पुल के नीचे डकैती की योजना बनाते हुए 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से 2 अवैध देशी तमंचे, 4 जिंदा कारतूस, लोहे की रॉड, प्लास, पेंचकस, 11 मोबाइल फोन तथा 3610 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्तों ने धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चोरी व लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। यह गिरोह अयोध्या सहित वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, गोंडा, अमेठी व चित्रकूट जनपदों में घटनाएं कर चुका है। पुलिस की सक्रियता से एक बड़ी डकैती की घटना टल गई। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली बीकापुर में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।

## जगदगुरू परमहंस आचार्य ने लगाया महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट पर जमीन कब्जाने आरोप

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रामनगरी में महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट पर जमीन कब्जाने का बड़ा आरोप लगा है यह आरोप अंतरराष्ट्रीय सिख परिषद के अध्यक्ष तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगदगुरू परमहंस आचार्य ने लगाया है उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा अयोध्या के लोगों से राम राज्य की स्थापना बताकर जमीन लिया और अब उन्हीं जमीनों पर अवैध प्लाटिंग कर रहे और लोगों की जमीन अधिकारियों का रौब दिखाकर कर रहे उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रस्ट वीवीआईपी कार्यक्रमों के जरिए प्रभाव जमाता है। उन्होंने कहा कि तपस्वी छावनी की करीब छह बीघा जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जमीन ठाकुर रामलला विराजमान के नाम से है। वही परमहंस आचार्य ने आरोप लगाया कि ठाकुर राम लला विराजमान के नाम गाटा संख्या 691 की 10 बिस्वा जमीन पर भी ट्रस्ट विश्वविद्यालय के नाम पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।महर्षि रामायण विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम के नाम पर रातों-रात बाउंड्री वॉल बनवा डाला। परमहंस ने संत समाज की भावनाओं और धार्मिक परंपराओं को ठेस पहुंचने की बात कही।

# सामाजिक समरसता, भाईचारा एकता को मजबूत करताः पूर्व एमएलसी राजू



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सामाजिक समरसता, भाईचारा एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर ऐसे आयोजनों का आयोजित होना नितांत आवश्यक है खिचड़ी भोज जैसे आयोजन सदियों से होते आ रहे हैं इनका निरंतर अनुसरण अमीर-गरीब, ऊँच-नीच के भेदभाव को मिटाने वाला होता है। उक्त बात समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू द्वारा नगर के बड़ेल नहर स्थित शांति पैलेस में आयोजित समरसता खिचड़ी भोज एवं सम्मान समारोह में पधारे सभी नेताओं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जिला पंचायत सदस्य प्रधान बीडीसी व्यापारी एवं जनपद के गणमान्य लोगों सभी सहयोगियों और उपस्थित जनों के बीच व्यक्त किये। आयोजक राजेश यादव राजू ने आयोजन को सफल बनाने में एवं परंपराओं को जीवित रखें और समाज में प्रेम व सद्भावना एकता भाईचारा को मजबूत करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज करने पधारे सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं नेताओं ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान व्यापारी बंधुओ एवं जनपद के कोने-कोने से पधारे गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त करते हुए व्यक्त किया। खिचड़ी भोज में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत राष्ट्रीय प्रवक्ता फैजान किदवाई, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप सिंह, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव सहित सैकड़ो की संख्या में पधारे साधु संत ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन, प्रधान बीडीसी, डीडीसी पार्टी पदाधिकारी व्यापारी सहित गणमान्य लोगों ने समरसता खिचड़ी भोज में सम्मिलित होकर एकता भाईचारे को मजबूत करने के साथ खिचड़ी का आनंद लिया।

## पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने करियप्पा मंडल के बूथों पर भरवाए नवमतदाताओं के फार्म



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में चार निर्धारित तिथियों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिन शनिवार को पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने करियप्पा मंडल के विभिन्न बूथों पर नवमतदाताओं से संवाद किया और पात्र युवाओं के फार्म संख्या-6 भरवाने की प्रक्रिया को गति दी। पूर्व सांसद को करियप्पा मंडल का प्रवासी नियुक्त किया गया है, जिसके तहत वे क्षेत्र में संगठनात्मक समन्वय और मतदाता जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। भ्रमण के दौरान पूर्व सांसद ने बूथ लेवल कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि बोगस मतदाताओं के नाम हटाने, मृतक मतदाताओं तथा स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाए। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य हर पात्र नागरिक को मताधिकार दिलाना और मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध करना है। युवा नवमतदाता लोकतंत्र की शक्ति हैं, उन्हें जोड़ना हमारी प्राथमिकता है, वहीं फर्जी और अपात्र नामों को हटाना भी उतना ही आवश्यक है।

## चौक खिचड़ी मेला में साइबर से सम्बन्धित जागरूकता अभियान चला



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** नगर पंचायत चौक में गोरक्षनाथ मंदिर के परिसर में शनिवार को खिचड़ी मेला ड्यूटी के दौरान साइबर थाना प्रभारी सजनू यादव और उनकी टीम ने महाराजगंज के थाना चौक क्षेत्र में एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य आम जनता को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम में लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी/लिंक फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी केवाईसी अपडेट और ऑनलाइन खरीदारी में धोखाधड़ी जैसे विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने यह भी बताया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें और अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल सहायता के लिए राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

साथ ही, नागरिकों को साइबर क्राइम पोर्टल cybercrime.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। उन्हें बताया गया कि समय पर शिकायत दर्ज कराने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अतिरिक्त, टीम ने साइबर अपराध से संबंधित नए कानूनों के बारे में भी बताया, जिनमें अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के प्रावधान हैं। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

## समाधान दिवस में लगाये गए विभिन्न विभागों के हेल्प डेस्क

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा तहसील निचलौल में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन शिकायतों की सुनवाई की गयी।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुक 102 जनशिकायतें आई, जिनमें जिलाधिकारी महोदय द्वारा 17 शिकायतो को मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अवशेष जनशिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए समयांतर्गत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने भूमि सम्बन्धी प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत ही प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में अधिकारियों को स्थलीय भ्रमण करने और स्पॉट मेमो बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाएं तथा शिकायतों के निस्तारण की निगरानी स्वयं करें।

समाधान दिवस में चकबंदी कार्यालय में अनुपस्थिति की शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी निचलौल को निर्देशित किया कि चकबंदी कार्यालय का नियमित रूप से आकस्मिक निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि चकबंदी कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें। उन्होंने एसओसी को भी कड़ा निर्देश दिया और कहा कार्यालय में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थिति स्वीकार्य नहीं है।

संपूर्ण समाधान के अवसर पर तहसील परिसर में पीएम सूर्यघर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 100 से अधिक लोगों ने योजना को लेकर रुचि का प्रदर्शन किया और अपना विवरण दर्ज कराया। जिलाधिकारी महोदय ने पीओ नेडा को सभी इच्छुक व्यक्तियों से संपर्क कर अधिक से अधिक आवेदन कराने का निर्देश दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी सीएमओ डॉ नवनाथ प्रसाद, उपजिलाधिकारी निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता, डीडीओ बीएन कन्नौजिया, सीओ निचलौल एसपी सिंह, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक पीके शर्मा, डीपीआरओ सुश्री श्रेया मिश्रा, बीएसए ऋद्धि पांडेय सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वंचित आरोपी ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**अवधनामा सवाददाता**

**बाराबंकी।** नौकरी दिलाने के नाम पर लोगो को ठगने वाला एक वंचित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह को सूचना मिली की एक व्यक्ति भोलेभाले लोगो को सरकारी नौकरी दिलाने को लेकर लाखो की ठगी करता था। जिसके बाद पुलिस टीम ने वंचित अभियुक्त धनीराम प्रजापति पुत्र मोतीराम निवासी ग्राम जलिहापुर थाना माधौगंज जनपद हरदोई हालपता बादशाहखेडा आलमनगर थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ को सफेदाबाद रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आम जनमानस से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता है।

## एआरटीओ ने किये बिना फिटनेस की 2 स्कूली वाहन सीज, 16 चालान




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अनफिट स्कूली वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तृतीय सप्ताह 15 से 21 जनवरी तक चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत अनफिट स्कूली वाहनो को सीज कर चालान किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्रीमती अंकिता शुक्ला ने सुबह विभिन्न मार्गो पर बिना फिटनेस व अनाधिकृत संचालन मिलने पर 2 स्कूली वाहनो को सीज तथा 3 ओवरलोड़ वाहनो को भी मानको का उल्लंघन मिलने पर थानो मे निरुद्ध किया। तथा 16 अन्य अभियोगो मे चालान किये गये। एआरटीओ ने चालको को कोई स्कूली वाहन बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के किसी भी हालत में बच्चों को लाने-जाने के लिए नहीं करने को लेकर निर्देशित किया। तथा उल्लंघन करते मिलने पर उनके खिलाफ प्रवर्तन कार्यवाही की चेतावनी दी।

# परीक्षा देने जा रहे युवकों को ट्रैक्टर ने घायल एक की मौत

अवधनामा संवाददाता



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार दो युवक मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर अवस्था में भर्ती है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

शनिवार को हंसवर क्षेत्र के साबुकपुर गांव निवासी शिवांग (28) तथा औझीपुर गांव निवासी पिंटू सुपर स्प्लेंडर बाइक से परीक्षा देने निकले थे। दोनों जैसे ही बरियावन पट्टी मार्ग पर सलाहुद्दीनपुर गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार और अनियंत्रित ढंग से आ रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्राली बाइक सवारों के ऊपर से गुजरते हुए सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस दौरान चालक कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा और मौके से फरार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद दोनों घायल युवक करीब आधे घंटे तक सड़क पर तड़पते रहे। बाद में पुलिस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां शिवांग ने दम तोड़ दिया। पिंटू की हालत नाजुक बनी हुई है। दर्दनाक हादसे को देख मौके पर मौजूद लोगों का दिल दहल गया। ट्रैक्टर-ट्राली बरियावन निवासी संजय यादव की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि चालक शराब के नशे में था और तेज रफ्तार में लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली का धड़ल्ले से व्यवसायिक और अवैध खनन में उपयोग किया जा रहा है। अधिकांश चालक नाबालिग होते हैं, जो मिट्टी लादकर सड़कों पर बेढंग और खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हैं। इससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। अवैध खनन पर रोक लगाने में खनन विभाग और संबंधित विभागों की नाकामी साफ नजर आ रही है। जिम्मेदारों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता, जिसके चलते आए दिन निर्दोष लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

## जीएसटी 2.0 के प्रति जागरूकता को लेकर व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राज्य कर विभाग, सिद्धार्थनगर की ओर से शनिवार को व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन, पंजीकरण वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी 2.0 के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त राज्य कर सिद्धार्थ सौरभ द्वारा किया गया। इस दौरान व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई तथा विभिन्न व्यापारिक समस्याओं और सुझावों को विभाग के समक्ष रखा। व्यापारियों द्वारा रखी गई समस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान व्यापारियों में सकारात्मक माहौल बनाने तथा विभाग और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित रखने को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा ने किया गया। इस अवसर पर उप्र उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष अजय कसौधन, सीए राजेश शर्मा, महामंत्री भीम चंद कसौधन, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, बांसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष धनश्याम जायसवाल, राजकमल, धनेश वर्मा, भट्ठा संघ महामंत्री राम दास, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रह्लाद जायसवाल, महामंत्री ज्ञानेंद्र दूबे, सहित सहायक आयुक्त परमहंस यादव, राज्य कर अधिकारी सदाशिव त्रिपाठी, जय प्रकाश भारती सहित जिले के व्यापारी व अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# घने कोहरे से मदरसे की बस पलटी 19 घायल

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरूआ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 730 ढेबरूआ शोहरतगढ़ मार्ग पर मदरहिया गाँव के पास एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में घने कोहरे की चपेट में आने से एक मदरसे की बस और एक अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय की मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें करीब 38 विद्यार्थी सवार थे, जिसमें 19 लोग घायल हो गए सूचना पाकर स्थानीय ग्रामीणों और मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी पहुंचाया जिसमें 6 विद्यार्थियों के सर में गंभीर चोटे आने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

मिली जानकारी मुताबिक शनिवार की सुबह नेशनल हाईवे ढेबरुआ तुलसियापुर मार्ग पर स्थित मदरहिया गाँव के पास घने के कोहरे के चपेट आने के कारण एक मदरसे की बस और एक अंग्रेजी मीडियम के विद्यालय की मैजिक साइकिल सवार को बचाने के में पलट गई। बताया जाता है कि बस में लगभग 38 स्कूली बच्चे सवार थे जिसमें 19 लोग घायल थे।



**बस में सवार ये बच्चे हुए गंभीर रूप से हुए घायल :** 1.शोदसबा (12) पुत्री शमसुलहुदा निवासी तुलसियापुर थाना ढेबरूआ , 2. सोदा (13) पुत्री अब्दुल मोईद निवासी बिजुआ थाना पचपेड़वा, 3. सायमा (16) पुत्री हमीद निवासी थाना पचपेड़वा, 4. सोमेश्वर प्रसाद (8) पुत्र माता प्रसाद निवासी पिकौरा थाना ढेबरूआ, 5. अदीना (14) पुत्री अब्दुल मोईद निवासी लक्ष्मीनगर थाना पचपेड़वा, 6. मोबसरा फिरदौस ( 15) पुत्री बदरे आलम निवासी लक्ष्मीनगर थाना पचपेड़वा।

सूचना पाकर स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंचाया। पीएचसी बढ़नी पर घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया जिसमें से 6 गंभीर रूप से घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। सूचना पाकर एसडीएम शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा व सीएमओ डॉक्टर रजत कुमार चौरसिया घायलों का हाल जानने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंच कर हालत का जायजा लिया। ढेबरूआ थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव मय फोर्स राहत बचाव कार्य में लगे रहे।

उक्त के सम्बन्ध में प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी डॉ अविनाश चौधरी ने बताया कि कुल 19 घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है जिसमें 6 लोगों के सर में गंभीर चोटे आई थी उन्हें मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया गया है।

# लावारिस नवजात को मिला नया ठिकाना, गोंडा भेजा गया



- बाल कल्याण समिति के निर्णय पर एसएनसीयू से रवाना

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बीते 10 जनवरी को जिले के बर्डपुर नंबर-तीन टोला उत्तर महुलौर के सिवान में मिला अज्ञात नवजात अब सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ चुका है। प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चाइल्ड लाइन के समन्वित प्रयास से नवजात को दत्तक ग्रहण इकाई गोंडा भेज दिया गया है, जहां अब उसका पालन-पोषण और संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

नवजात के मिलने के बाद तत्काल चाइल्ड लाइन की ओर से उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी से संबद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की निगरानी में एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) वार्ड में नवजात का समुचित इलाज और देखभाल की गई। स्वास्थ्य में सुधार के बाद शनिवार को बाल कल्याण समिति की बैठक में पूरे मामले पर विचार-विमर्श किया गया। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अर्पणा श्रीवास्तव समेत सदस्य वीरेंद्र मिश्र, राधा श्रीवास्तव और प्रकाशनी श्रीवास्तव ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि नवजात के सर्वोत्तम हित में उसे दत्तक ग्रहण इकाई भेजा जाए, ताकि उसे सुरक्षित वातावरण, उचित देखभाल और बेहतर भविष्य मिल सके। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके झा के निर्देशन में मेडिकल कॉलेज में पूरी प्रक्रिया को विधिवत पूरा किया गया। बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता चौधरी की अगुवाई में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. फुरकान अहमद समेत नर्सिंग ऑफिसर श्रीश श्रीवास्तव, घनश्याम गुप्ता और मधुबाला मैसी की मौजूदगी में चाइल्ड लाइन के परियोजना समन्वयक सुनील उपाध्याय और सखी वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर साधना जायसवाल की देखरेख में नवजात को एसएनसीयू वार्ड से गोंडा के लिए सुरक्षित रूप से रवाना किया गया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने घर घर संपर्क कर एसआईआर की दी जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतिम चरण में विधानसभा कपिलवस्तु के उसका मंडल के ग्रामीण क्षेत्रों के बूथ संख्या 477,478,479,480 पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पहुंचकर स्ढ्ढक्र की स्थिति एंव वोटर लिस्ट के प्रकाशन को देखा। जिलाध्यक्ष ने गांव में भ्रमण कर लोगों से संवाद करते हुए फॉर्म 6 के बारे में जानकारी दी जिससे जिनका नाम छूट गया हो अब से जुड़ जाए। जिलाध्यक्ष ने एसआईआर से अधिक से अधिक फॉर्म 6 भरने को कहा जिससे कोई भी व्यक्ति वोटर बनने से वंचित न रहे। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा इस विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में भारतीय जनता पार्टी के एक एक कार्यकर्ता एंव पार्टी पदाधिकारी बूथ स्तर पर लग कर अधिक से अधिक वोटर बनवाने का काम कर रहे है। इस अवसर पर जिला मिडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य एंव भाजपा बूथ अध्यक्षण, बीएलओ गण उपस्थित रहें।

# उप्र टैलेंट ओलंपियाड में प्रदेश के कई जिलों से आए मेधावी विद्यार्थियों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिध्दार्थनगर।** सर्व शिक्षा सेवा समिति द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश टैलेंट ओलंपियाड में प्रदेश के कई जिलों से आए मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पार्टङ्क2 के अंतर्गत भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ के ऑडिटोरियम हॉल में एक भव्य शैक्षिक सेमिनार एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, न्याय, प्रशासन और समाज सेवा क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ शामिल हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट जस्टिस वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति, परिवार व समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है।

छात्र-छात्राओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर उस पर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिभावक कभी भी बच्चों पर अपनी इच्छा न थोपें। बच्चों की रुचि के हिसाब से उनकी शिक्षा का प्रबंध करें।इस दौरान सिद्धार्थनगर के बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पर.बाबूराम शुक्ल विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रवि शुक्ल व नूर फाउंडेशन, लखनऊ के संस्थापक मौलाना मुस्तफा मदनी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ÷सर्व शिक्षा रत्न पुरस्कार÷ से सम्मानित किया गया।इस दौरान 20 मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सर्व शिक्षा एप्रीसिएशन अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान बलरामपुर सांसद राम शिरोमणि वर्मा, रिटायर्ड जिला जज बी. नक़वी, पूर्व आईपीएस बी.पी.अशोक, संस्था के मैनेजर शाहिद आलम, मुख्तार अहमद,राम सूरत यादव, अजय यादव आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक समरसता का प्रतीक है मकर संक्रांति : गोकुल गोयल



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सामाजिक समरसता के प्रतीक मकर संक्रांति उत्सव और सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे व क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने सहभागिता किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक गोकुल गोयल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्वों का विशेष महत्व है। संघ के 6 पर्वों में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। मकर संक्रांति सामाजिक समरसता का प्रतीक है। हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम व समरसता की भावना वाली है। संघ अपने 100 वर्षों वर्ष के दौरान देश व समाज के सर्वांगीण विकास तथा सेवा की भावना पर कार्य किया है, उसके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उसके स्वयंसेवकों का कार्य समाज के किसी भी वर्ग का निःस्वार्थ सेवा करना है। हम समाज के उत्थान व सेवा में कितना समय देते हैं, हमारा युवा वर्ग किस राह पर चल रहा है, युवा वर्ग को डॉ0 हेडगेवार, स्वामी विवेकानन्द के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक मक्खन लाल मित्तल ने किया। वहीं सहभोज कार्यक्रम में नगर पंचायत बढ़नी चेयरमैन सुनील अग्रहरि, भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह उर्फ राजू शाही, डॉ0 राजन उपाध्याय, अजय जायसवाल, अजय प्रताप गुप्त, सचिन गोयल, सरदार रविन्द्र सिंह, हरिकेश पाठक, संजय मित्तल आदि की सहभागिता रही।

## स्पा सेंटर का एएचटीयू ने किया औचक निरीक्षण

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मानव तस्करी एवं अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की टीम ने बांसी में संचालित एक स्पा सेंटर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें स्पा सेंटर में संचालित गतिविधियों, कर्मचारियों के दस्तावेजों तथा नियमों के अनुपालन की गहन जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान एएचटीयू टीम ने स्पा सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन किया तथा उनकी पहचान से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। साथ ही यह भी देखा गया कि कहीं स्पा सेंटर की आड़ में कोई अनैतिक या अवैध गतिविधि तो संचालित नहीं की जा रही है। टीम ने सेंटर के संचालक से आवश्यक पंजीकरण, लाइसेंस, कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अभिलेख एवं अन्य वैधानिक कागजात प्रस्तुत करने को कहा। एएचटीयू निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने स्पा सेंटर में मौजूद कर्मचारियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं कानून संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की मानव तस्करी, जबरन श्रम अथवा अनैतिक कार्य पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील गोण्डा सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन की अध्यक्षता में तहसील गोण्डा सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित थी। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत धानेपुर, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) विकासखंड इटियाथोक, खंड शिक्षा अधिकारी रूपईडीह एवं सहायक विकास अधिकारी (सहकारी समितियां) विकासखंड झंझरी आदि अनुपस्थित पाए गए।

समाधान दिवस में अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त अधिकारियों का एक दिवस का वेतन बाधित किए जाने के साथ-साथ उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनसुनवाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा भविष्य में ऐसी स्थिति पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## लोककलाओं को मिलेगा मंच- संस्कृति उत्सव 2026 के तहत गोण्डा में जुटेंगे चयनित कलाकार

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित संस्कृति उत्सव 2026 के अन्तर्गत आज जनपद गोण्डा में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 18 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से गोण्डा टाउन हॉल में सम्पन्न होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजना तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में छिपी लोककलाओं और नवोदित कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

संस्कृति उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधाओं जैसे लोकगीत, लोकनृत्य, शास्त्रीय संगीत, नाटक एवं अन्य पारंपरिक कलाओं में कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे पूर्व ग्राम पंचायत, विकास खण्ड एवं तहसील स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागी आज जिला स्तर पर अपनी कला प्रस्तुत करेंगे। जिला प्रशासन एवं संस्कृति विभाग के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

## अपर जिलाधिकारी ने किया मौनी अमावस्या नहान पर राप्ती नदी तट पर लगने वाले मेले का शुभारंभ



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कस्बे मे मौनी अमावस्या नहान पर राप्ती नदी तट पर लगने वाले मेले का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, एस डी एम निखिल चक्रवर्ती , सी ओ रोहिणी यादव और नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने शनिवार को मेला के मुख्य द्वार पर विधि विधान पूर्वक पूजन कर और फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने मेला मैदान के मध्य में लगे मेला संस्थापक पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मेला का ध्वज फहराया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि मेले का सफल आयोजन और भव्यता को बरकरार रखने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की पर्याप्त व्यवस्था किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि मेले में आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने लोगो से अपील किया कि मेले को सजाने और संवारने में सहयोग करें।अधिशाषी अधिकारी जय प्रकाश सिंह यादव , नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, माधुर्य यादव, कोतवाल मृत्युंजय पाठक, कवि डा ज्ञानेंद्र द्विवेदी दीपक, अतुल चंद्र त्रिपाठी, कपिल देव, सभासद अकरम अली, बुद्धिराम प्रजापति, बजरंगी वर्मा, नीलेश निषाद, ध्रुव चंद्र, शाकिर अली, शकील खान, अरुण गुप्ता, मनोज यादव, श्याम बाबू, रुस्तम राईनी, दीपक चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संविदा सफ़ाई कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान मौत

**टांडा अम्बेडकरनगर(** नगर पालिका परिषद टांडा में तैनात संविदा सफाई कर्मचारी की मौत हार्टअटैक ड्यूटी* के दौरान हो गई। इस घटना के दौरान नगर पालिका टांडा की जलकल अनुभाग की जुबैर चौराहे पर स्थित पानी की टंकी के परिसर में मौजूद जलकल अभियंता आशीष चौहान और उनके साथ मौजूद अन्य कर्मचारियों ने तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डाक्टरों ने संविदा सफाई कर्मचारी मोहम्मद नईम को मृत्यु घोषित कर दिया। हालांकि संविदा सफाई कर्मचारी मोहम्मद नईम को सुबह लगभग 12 बजे के आस-पास* ड्यूटी पर तैनात रहते हुए आकस्मिक हार्टअटैक की शिकायत हो गई। आननफानन में पानी की टंकी पर मौजूद जलकल अभियंता आशीष चौहान और उनके साथ मौजूद अन्य कर्मचारियों ने तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण के लिए ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। नईम के परिजनों में घटना की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और परिजनों का* रो-रो कर बुराहाल हो गया हैं, और पालिका टांडा के अधिकारी व कर्मचारियों तथा उनके शुभचिंतकों के द्वारा गहरी संवेदना व्यक्त किया जा रहा है।

## मकर संक्रांति पर खाटू श्याम भक्ति का हुआ आयोजन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में खिचड़ी भोज, कंबल वितरण एवं भव्य जागरण कार्यक्रमों का श्रृंखला जारी है। फतेहपुर मोहिबपुर गांव में खाटू श्याम महाराज के प्रति अनन्य भक्ति से ओत-प्रोत एक दिव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। अवधी के प्रसिद्ध गायक पंचम परदेशी ने रामलाल देवर्षि के निर्देशन में बाबा खाटू श्याम के चमत्कारों एवं महिमा का गुणगान करते हुए मनमोहक भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। पंचम परदेशी के संगीत की लय पर बाबा की भक्ति में डूबी कई सजीव व भव्य झांकियों ने समां बांध दिया। इनमें राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती तथा मुख्य रूप से बाबा खाटू श्याम की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस आयोजन में ग्राम प्रधान शकुंतला देवी, आयोजन समिति के सोनू गुप्ता, मोनू गुप्ता सहित अखिलेश कुमार, भुवनेश कुमार, स्वदेश गुप्ता, परमेश कुमार, राम पराग अग्रहरि, सुमित राज, देवेंद्र उपाध्याय %देव% मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बाबा खाटू श्याम के दिव्या झांकी की भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। साथ ही संगीत निर्देशक विपिन गुप्ता, श्रेया सिंह तथा पंडित रामदौर मिश्र ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की हो बुवाई : पी.एन. सिंह

- बजाज चीनी मिल में गन्ना बीज वितरण व बुवाई पर कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल में गन्ने की प्रजाति पहचान, बीज वितरण और उन्नतशील प्रजाति के गन्ने की बुवाई पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें उन्नतशील अगेती प्रजाति के गन्ने की बुवाई करने की सलाह दी गई। इस मौके पर सभी को गन्ने की अस्वीकृत, अवांछित और बेनामी प्रजातियों के बुवाई से बचने पर जोर दिया गया। इस दौरान गन्ने की पहचान हेतु उन्नतशील गन्ना किस्मों के नमूने भी प्रदर्शित किये गये।

इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के अत्यधिक आर्थिक लाभ दिलाने हेतु उन्हें केवल अच्छी गुणवत्ता वाले बीज का वितरण कराया जाये और अगेती प्रजाति जैसे को0 0118, को0 15023, कोलख 14201, को0 98014, कोशा0 13235, कोलख 16202, कोशा0 18231 व कोजे0 85 आदि की ही बुवाई कराई जाए।

वैज्ञानिक एस.पी. शुक्ला ने गन्ने की विभिन्न प्रजातियों और उसके लाभ के बारे में जानकारी प्रदान किया। उन्होंने गन्ने की पहचान के लिए लोगों को व्यवहारिक तरीकों के बारे में भी बताया। महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के. सिंह ने गन्ने के खेतों की गहन जांच करने, जहां आवश्यक हो वहां तत्काल भूमि सुधार करने एवं मौजूदा बीज भूखंडों की स्क्रीनिंग करने की सलाह दिया। चेयरमैन गोंडा सोसायटी भारत सिंह ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उन्नतशील प्रजाति के गन्ने को बढ़ावा देने की सलाह दिया। एससीडीआई गोंडा सुनील कुमार शुक्ला ने बीज प्रतिस्थापन की तकनीकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उपमहाप्रबंधक (गन्ना) प्रदीप पंवार ने गन्ने की किस्मों का संक्षिप्त इतिहास और उसके पहचान के बावत विस्तार से जानकारी दिया। कार्यक्रम में सचिव गोंडा डॉ राम मिलन प्रजापति, एससीडीआई नवाबगंज अब्दुल आजाद अंसारी, सचिव नवाबगंज अवधेश प्रताप सिंह, चीनी मिल के प्रबंधक/ब्लॉक इंचार्ज दिनेश सिंह, संतोष मिश्रा, शशिकांत दूबे, लालजी सिंह, अरविन्द सिंह, सुनील पाठक, उमापति तिवारी एवं रमेश प्रताप सिंह सहित अन्य फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व दिव्यांग बच्चो को दिया गया ड्रेस

**सिद्धार्थनगर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्ग शनिवार को कैम्प के माध्यम से पूर्व से चयनित दिव्यांगजनों को जय किसान इण्टर कालेज सनई सकतपुर के प्रांगण में सदस्य विधान परिषद/ सदस्य, राज्य दिव्यांगजन सलाकार समिति ध्रुव कुमार त्रिपाठी के कर कमलो द्वारा दिव्यांगजनों को 20-ट्राईसाइकिल, 15-व्हील चेयर, 10-वैशाखी, 10-ब्रेल किट व दिव्यांग बच्चो को ड्रेस वितरित किया गया। विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाये जैसे दिव्यांग पेंशन योजना, शादी विवाह प्रोत्साहन योजना, एवं दुकान निर्माण/संचालन योजना से जनपद क समस्त दिव्यांगजनो को संतृप्त करने हेतु विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया गया दिव्यांगजनो हेतु सरकार द्वारा विभिन्न उपकरणो जैसे ट्राइसाईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, बैशाखी इत्यादि तथा 80 प्रतिशत से उपर के अस्थिबाधित दिव्यांगजनो हेतु मोटराईज्ड ट्राइसाईकिल दिया जाना चाहीए ताकि दिव्यांगजनों को आवागमन में सुगमता आयें।

# अभियान चलाकर बाल श्रम कराने वाले सेवायोजकों को दी गयी नोटिस



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर डिटीएफ द्वारा सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान में टीम ने बांसी कस्बे में छापेमारी कर बाल श्रमिकों को चिन्हांकन कर सेवायोजकों को नोटिस जारी किया गया।

अभियान के दौरान बांसी कस्बे में लगभग 20 दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें राजा फैमिली रेस्टुरेंट एवं अमित चाय पानी की दूकान पर एक-एक नाबालिग बच्चे श्रम करते हुए पाए गए। टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को चिन्हांकित करते हुए सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई। संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे भविष्य में किसी भी परिस्थिति में बाल श्रम न कराएं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई, जुर्माना एवं अभियोजन की चेतावनी भी दी गई है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि जिले में बाल श्रम के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी बाल श्रम होते हुए दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें। अभियान में मुख्य रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य आरक्षी गंगेश सिंह, महिला हेड कांस्टेबल प्रिया तिवारी, आरक्षी समरजीत चौरासिया, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से जय प्रकाश गुप्ता शामिल रहे।

## अब ग्रीनलैंड को लेकर अमरीकी प्राणायाम

ग्रीनलैंड की कहानी भी अनोखी है। इसलिए भी क्योंकि अमरीका के राष्ट्रपति ने वेनेजुएला पर कब्जे के उपरांत अब ग्रीनलैंड पर अपनी नजरें गड़ा दी हैं। वेनेजुएला का स्वयं को कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित करने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को लेकर कुछ छिटपुट कानूनी विधि विधान भी तैयार करने शुरू किए हैं। अमरीकी संसद में कुछ इस प्रकार का विधेयक भी रखा जाने वाला है जो अमरीका को ग्रीनलैंड पर कब्जा कर लेने का अधिकार दे देगा। अमरीका स्वयं ही अमरीका को एक तीसरे देश पर कब्जा करने का अधिकार देगा। एक बार फिर पुरानी कहावत को दोहराने की जरूरत है। जिसकी लाठी उसकी भैंस। अब थोड़ा ग्रीनलैंड के बारे में भी। भौगोलिक लिहाज से ग्रीनलैंड अमरीकी महाद्वीप का हिस्सा है। इस विशाल महाद्वीप पर यूरोप की विभिन्न जातियों ने कब्जा कर लिया था। इस महाद्वीप पर रहने वाले लोगों को इंडियन कहा जाता था क्योंकि यह माना जाता है कि आज से लगभग पन्द्रह बीस हजार साल पहले ये लोग एशिया/जम्बूद्वीप से हिजरत करके यहां पहुंचे थे। यह कहानी भी प्रचलित है कि जब पन्द्रहवीं शताब्दी में कोलम्बस यहां पहुंचा तो उसने इनको एशिया मूल होने के कारण इंडियन कहा। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि कोलम्बस जब अमरीका द्वीप में पहुंचा तो उसको धोखा लगा कि वह इंडिया पहुंच गया, इसलिए इन लोगों को इंडियन कहा जाने लगा। आजकल इन लोगों को भारतीयों से अलग बताने के लिए इन्हें नेटिव इंडियन कहा जाता है। कोलम्बस के बाद सत्रहवीं शताब्दी में इंग्लैंड से लोगों ने खासकर उत्तरी अमरीका आना शुरू कर दिया और यहां बस्तियां बसाईं। बताते हैं कि उसके बाद फ्रांस के लोग भी आए।

दक्षिणी हिस्से में स्पेन से आकर लोगों ने अड्डे जमा लिए। उन्होंने यहां के नेटिव इंडियन को मारा। लेकिन एक बात सभी में समान थी कि इन यूरोपीय लोगों के साथ ईसाई पादरी भी आए। पादरियों ने इंडियन को ईसाई बनाने का अपना पुश्तैनी काम शुरू किया। लेकिन उस समय ग्रीनलैंड क्षेत्र की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। शायद इसका एक कारण उस समय इस विशाल क्षेत्र की कोई उपयोगिता न होना भी हो सकता है। लेकिन अठारहवीं शताब्दी के दूसरे दशक में यूरोप के एक देश डेनमार्क के डेन लोगों का ध्यान ग्रीनलैंड की ओर चला गया। वहां के एक पादरी ने ग्रीनलैंड में जाकर अपना स्थान अड्डा जमा लिया। वहां के भले लोगों ने उसका सम्मान किया। यह कुछ इसी प्रकार था जिस प्रकार कभी अमरीका के इंडियन ने कोलम्बस का किया था और बाद में धोखा खाया था। यह धोखा ग्रीनलैंड के लोग भी खा गए और इसका परिणाम यह हुआ कि ग्रीनलैंड डेनमार्क ने अपना प्रशासन भी वहां स्थापित कर दिया और पादरी अपने उसी पुराने काम स्थानीय लोगों को ईसाई बनाने में लगे रहे। लेकिन मामला यहीं समाप्त नहीं हुआ। 1953 में डेनमार्क ने कानूनी विधिविधान से ग्रीनलैंड को अपने देश का हिस्सा ही घोषित कर दिया। यह मानना चाहिए कि पन्द्रहवीं शताब्दी में अमरीकी महाद्वीप पर यूरोपीय जातियों में वर्चस्व की जो जंग छिड़ी थी वह 1953 में अपने अंतिम चरण में जाकर समाप्त हो गई। लेकिन इसमें एक पेंच बाकी रह गया था। अमरीकी महाद्वीप के जिन हिस्सों पर यूरोपीय जातियों ने कब्जा किया था, वे हिस्से मूल देश के कब्जे में मान लिए गए। उदाहरण के लिए अमरीका के जिन हिस्सों पर अंग्रेजों ने बस्तियां बसाईं वे सभी बस्तियां इंग्लैंड के राजा या रानी के अधीन ही मानी गईं और वहां का प्रशासन इंग्लैंड ही चलाता था। लेकिन कालान्तर में अमरीका महाद्वीप के लगभग सभी देश स्वतंत्र हो गए। लेकिन ग्रीनलैंड के मामले में किस्सा अलग हुआ। ग्रीनलैंड को यूरोप के डेनमार्क नामक देश ने अपना हिस्सा ही बता कर उसे डेनमार्क का इन्टीग्रेटेड भाग मान लिया। अभी तक सारी दुनिया यह समझ बैठी थी कि अमरीकी महाद्वीप को कब्जाने की जंग समाप्त हो चुकी है। लेकिन अब यूएसए ने इसे दोबारा खोल दिया है। यूएसए मोटे तौर पर इंग्लैंड से गए हुए इंग्लिश लोगों का समूह/देश है। अब उसे लगता है कि जैसे अमरीकी महाद्वीप के कुछ भागों पर इंग्लिश लोगों का कब्जा है उसी प्रकार ग्रीनलैंड पर भी उनका कब्जा होना चाहिए। वह यूरोप द्वीप के एक छोटे से देश डेनमार्क का हिस्सा कैसे हो सकता है। वैसे इतिहास में अमरीकी महाद्वीप का यह अंतिम हिस्सा है जो 21वीं शताब्दी में भी यूरोप द्वीप के एक देश का हिस्सा है।

## 'सरहदों की भेंट चढ़ता बचपन : जब जन्म देने वाली धरती ही पराई हो जाए'

दिलीप कुमार पाठक

युद्ध अनाथों का विश्व दिवस प्रतिवर्ष 6 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका एकमात्र उद्देश्य दुनिया भर के उन निर्दोष बच्चों की व्यथा को वैश्विक मंच पर लाना है, जिन्होंने युद्ध की आग में अपने माता-पिता और अपना घर खो दिया है। जब दो देशों या गुटों के बीच सशस्त्र संघर्ष होता है, तो उसकी सबसे भारी कीमत अक्सर बच्चे ही चुकाते हैं। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता, बल्कि यह हजारों परिवारों को उजाड़ देता है और बच्चों को एक ऐसे अंधेरे भविष्य की ओर धकेल देता है जहाँ न तो सिर पर साया होता है और न ही मन में सुरक्षा का भाव। युद्ध के कारण अनाथ हुए इन बच्चों को विस्थापन की कड़वी सच्चाई का सामना करना पड़ता है, जहाँ उन्हें अपने ही देश में शरणार्थी बनकर शिविरों में रहना पड़ता है। गरीबी और संसाधनों की कमी उनके जीवन का हिस्सा बन जाती है, जिससे उन्हें पर्याप्त भोजन, साफ पानी और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ भी नहीं मिल पातीं। शिक्षा, जो किसी भी बच्चे के विकास की नींव होती है, युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में पूरी तरह ठप हो जाती है, जिससे इन बच्चों का भविष्य और भी असुरक्षित हो जाता है।

युद्ध अनाथों के विश्व दिवस का प्राथमिक उद्देश्य उन मासूम बच्चों के अधिकारों के लिए पुरज़ोर तरीके से आवाज़ उठाना एवं उनके लिए संसाधनो को मुहैय्या कराने की ज़िम्मेदारी को उठाना जिनका जीवन युद्ध की विभीषिका ने पूरी तरह बदल दिया है। यह दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों और आम नागरिकों के लिए एक सामूहिक आह्वान है कि वे आगे आएं और इन बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ठोस कदम उठाएं। इस दिन का सबसे बड़ा लक्ष्य दुनिया को यह समझाना है कि युद्ध में अनाथ हुए बच्चे केवल भोजन या कपड़ों के मोहताज नहीं हैं, बल्कि उन्हें कानूनी सुरक्षा, नागरिकता की पहचान और एक गरिमापूर्ण जीवन जीने का पूरा अधिकार है।

इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए 6 जनवरी को दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें सेमिनार, शांति मार्च और डिजिटल अभियान प्रमुख हैं। इन पहलों के जरिए उन चुनौतियों को उजागर किया जाता है जिनका सामना ये बच्चे हर दिन करते हैं, जैसे कि शिक्षा से वंचित रहना, जबरन मजदूरी में धकेला जाना या युद्ध अपराधी समूहों द्वारा उनका शोषण किया जाना।

आज जब हम आधुनिकता और मानवाधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, तब युद्ध झेल रहे मुल्कों की बदतर होती स्थिति हमारे दावों की पोल खोल देती है। मासूम बच्चे, जिनका राजनीति या सत्ता के संघर्ष से कोई लेना-देना नहीं होता, सबसे ज्यादा प्रताड़ित होते हैं। वे या तो अपने ही देश में बने तंग राहत शिविरों में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं, या फिर उन्हें शरणार्थी बनाकर उनके देश से निकाल दिया जाता है। यदि हम खुद को मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध कहते हैं और फिर भी इन बच्चों की पीड़ा को नजरअंदाज करते हैं, तो मूल्यांकन करने पर हम मानवता के पैमाने पर बहुत पीछे खड़े नजर आएंगे। यह एक यक्ष प्रश्न है कि यदि कोई बच्चा युद्ध की आग के कारण अपना घर, अपना बचपन और अपना मुल्क खो चुका है, तो क्या उसे केवल विदेशी या बोझ मानकर दर-दर भटकने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए? शरणार्थी संकट के दौरान अक्सर देशों की सीमाएं इन मासूमों के लिए बंद कर दी जाती हैं, जो कि नैतिकता की हार है। हमें यह सोचना होगा कि यदि ईश्वर ने उसे इस दुनिया में जन्म दिया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बीएमसी पर नियंत्रण का अर्थ है नीतिगत प्राथमिकताओं, शहरी विकास की दिशा और संसाधनों के उपयोग पर निर्णायक प्रभाव। भाजपा नेतृत्व वाली महायुति की सफलता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में मुंबई का प्रशासनिक और विकासात्मक स्वरूप नए सिरे से गढ़ा जाएगा। मुंबई को खराब सडकों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए।**

# महाराष्ट्र में भाजपा के विकास एवं विश्वास की निर्णायक जीत

महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न शहरी निकाय चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा, प्रवृत्ति और भविष्य का संकेत देने वाला एक बड़ा जनादेश बनकर सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। यह बदलाव केवल सत्ता के हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, जन अपेक्षाओं और लोकतांत्रिक व्यवहार में गहरे परिवर्तन का द्योतक है। इन चुनावों ने जहां भगवा राजनीति की वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति को नए सिरे से रेखांकित किया है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच एवं विकास की राजनीति को आगे बढ़ाया है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब विधानसभा चुनावों में विपक्ष को करारी शिकस्त दिए जाने को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था। इसके बावजूद राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन का दबदबा यह दर्शाता है कि यह जीत क्षणिक नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ राजनीतिक प्रवाह का परिणाम है। इन परिणामों ने राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी। दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व का प्रतीक रहे बृहन्मुंबई नगर निगम, यानी बीएमसी में शिवसेना का दशकों पुराना किला ढ़ह गया, बीएमसी एवं राज्यभर के शहरी निकाय चुनाव में भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना एवं उसका दबदबा कायम होना, एक बड़े राजनीतिक बदलाव का सबसे सशक्त प्रमाण है।



ललित गर्ग

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक सोच और कार्यशैली इस पूरे परिदृश्य में एक निर्णायक कारक के रूप में उभरकर सामने आई है। फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति को केवल सत्ता संतुलन की सीमाओं में नहीं बांधा, बल्कि उसे दीर्घकालिक विकास दृष्टि से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे व्यापक राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों जैसे बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, निवेश अनुकूल वातावरण और सुशासन को उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। उनकी राजनीति भावनात्मक उत्तेजना या तात्कालिक लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, प्रशासनिक दक्षता और भविष्य की तैयारी पर आधारित रही है। मुंबई से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विकास की समान अवधारणा, शहरी-ग्रामीण संतुलन और रोजगार सृजन पर जोर उनकी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस महाविजय के पीछे फडणवीस की रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ रहे हैं- हिंदुत्व और विकास का संतुलन, लोकल मुद्दों पर फोकस, विपक्ष पर प्रभावी जवाब और जनता के साथ



जुडाव। यही कारण है कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने उन्हें केवल एक प्रशासक के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के रूप में स्वीकार किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की जो राष्ट्रीय अवधारणा गढ़ी गई, देवेंद्र फडणवीस ने उसे महाराष्ट्र की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और यही दृष्टि महायुति की सफलता की वैचारिक रीढ़ बनती दिखाई देती है।

बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है। इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बीएमसी पर नियंत्रण का अर्थ है नीतिगत प्राथमिकताओं, शहरी विकास की दिशा और संसाधनों के उपयोग पर निर्णायक प्रभाव। भाजपा नेतृत्व वाली महायुति की सफलता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में मुंबई का प्रशासनिक और विकासात्मक स्वरूप नए सिरे से गढ़ा जाएगा। मुंबई को खराब सडकों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए। इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि दो दशक बाद ठाकरे परिवार से जुड़ी पार्टियां एकजुट होकर मैदान में उतरीं, फिर भी वे महायुति की लहर को रोकने में असफल रहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की प्रतीकात्मक एकता मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सकी। इसी तरह शरद पवार और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों का पूणे में गठबंधन भी बुरी तरह विफल रहा। यह पराजय उन राजनीतिक परिवारों के लिए एक चेतावनी है, जिन्होंने लंबे समय तक राज्य की राजनीति में वर्चस्व बनाए रखा था।

इन परिणामों से यह स्पष्ट है कि महाराष्ट्र की जनता ने क्षेत्रीय संकीर्णता और पुराने नारों की बजाय विकास, स्थिरता और विश्वास की राजनीति को प्राथमिकता दी है। 'मराठी मानुष' जैसे भावनात्मक मुद्दे इस बार ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सके। मतदाताओं ने यह संकेत दिया है कि वे अपनी आकांक्षाओं को केवल पहचान की राजनीति में सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि वे बेहतर बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रशासन और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि चाहते हैं। इन स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हाशिये पर मौजूदगी भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह स्थिति कांग्रेस के लिए आत्ममंथन का अवसर है। महाराष्ट्र जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में उसकी कमजोर होती पकड़ यह सवाल उठाती है कि क्या पार्टी बदलते राजनीतिक परिदृश्य को समझने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने में विफल हो रही है। महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर भी इन परिणामों ने प्रश्नचिह्न लगा दिया है। इसके घटक दल पहले ही प्रासंगिक बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और यह पराजय उस संघर्ष को और कठिन बना देती है।

राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ठाकरे और पवार जैसे परिवारों को अब अपनी राजनीति का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। केवल विरासत और अतीत की उपलब्धियों के सहारे राजनीति नहीं चलाई जा सकती। जनता अब जवाबदेही, परिणाम और स्पष्ट दिशा चाहती है। इसके विपरीत भाजपा ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह चुनाव जीतने का गणित अच्छी तरह समझ चुकी है। मजबूत बूथ मैनेजमेंट, कैडर आधारित संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक व सांगठनिक संबल उसकी सफलता की आधारशिला बने हैं। यही कारण है कि भाजपा न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकली, बल्कि कई स्थानों पर अपने सहयोगियों पर भी भारी पड़ी। इन चुनावों का व्यापक अर्थ केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है।

# खाद्य सुरक्षा के लिए एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन की जरूरत

**मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना जैसी राष्ट्रीय पहल पहले से ही अनुमान के बजाय मिट्टी की असली जांच के आधार पर उर्वरकों के इस्तेमाल की सलाह देकर एक रास्ता बता रही हैं। प्रबंधन के मुख्य तरीकों में फसल के विकास के अहम चरण के हिसाब से नाइट्रोजन को बांटकर डालने और नीम-कोटेड यूरिया जैसे धीरे-धीरे छोड़े जाने वाले विकल्प का इस्तेमाल शामिल है। चावल में पत्तियों के रंग की सारणी (एलसीसी) जैसे आसान एवं कम लागत वाले तरीके किसानों को यह तय करने में मदद करते हैं कि यूरिया कब डालना है।**

दशकों से, भारतीय कृषि की कहानी जबरदस्त विकास की रही है। लेकिन यह प्रगति हमारे सबसे अनमोल संसाधन ङ्क मिट्टी - की कीमत पर हुई है। आज जब हम बढ़ती आबादी और बदलते मौसम की दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, तो रासायनिक उर्वरकों को लेकर ज्यादा ही बेहतर है वाला दृष्टिकोण काम नहीं आ रहा है। अपनी दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु, भारत को एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम) की दिशा में आगे बढ़ना होगा। एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन एक ऐसी समग्र रणनीति है, जो हमारी जमीन की उर्वरता वापस लाने हेतु आधुनिक विज्ञान को पारंपरिक ज्ञान के साथ जोड़ती है।



डॉ. कंचेती मृणालिनी

**पांव तले संकट :** छोटे एवं सीमांत जोतों और नाइट्रोजन आधारित रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता भारतीय कृषि की पहचान रही है। वर्षों तक असंतुलित उपयोग और लगातार एक ही फसल उगाने से मिट्टी का काफी क्षरण हुआ है। अब हम विभिन्न पोषक तत्वों की कमी की समस्या से दो-चार हैं और इसकी वजह से मिट्टी में गंधक (सल्फर), जस्ता (जिंक) और बोरोन जैसे द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत अधिक कमी हो गई है। जब मिट्टी की सेहत खराब होती है, तो 'कारक उत्पादकता' भी कम हो जाती है - मतलब यह कि किसानों को पूर्व में उर्वरकों के कम इस्तेमाल से हासिल होने वाली पैदावार के बराबर उपज पाने हेतु अधिक उर्वरक डालना पड़ता है। उर्वरकों के इस्तेमाल का यह चक्र उत्पादन की लागत बढ़ा देता है और भारत की जलवायु में बेहद आम होते जा रहे अनियमित वर्षा एवं सूखे की स्थिति में फसलों को और अधिक नाजुक बना देता है।

**एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन क्या है? :** आईएनएम का मतलब आधुनिक उर्वरकों के उपयोग को त्यागना नहीं, बल्कि जैविक एवं जीव विज्ञान संबंधी स्रोतों के साथ मिलाकर उनका अधिक समझदारी से इस्तेमाल करना है। यह मिट्टी के लिए एक संतुलित आहार जैसा है, जिसमें शामिल होते हैं।

**रासायनिक उर्वरक :** मिट्टी की वास्तविक जरूरतों के आधार पर सही मात्रा में इस्तेमाल किए जाते हैं।

**जैविक खाद :** खेत की खाद (एफवाईएम), कम्पोस्ट, वर्मीकम्पोस्ट और हरी खाद का इस्तेमाल करना।

**जैव उर्वरक (बायो-फर्टिलाइजर) :** नाइट्रोजन की मात्रा को प्राकृतिक रूप से सही करने और फास्फोरस को घुलनशील बनाने हेतु राइजोबियम, एजोटोबैक्टर और माइकोराइजा जैसे लाभदायक रोगाणुओं का उपयोग करना।

**फसलों के अवशेष :** उगाए गए पदार्थों को पुनर्चक्रित करके वापस धरती में मिला देना।

**मिट्टी की सेहत के आधार :** आईएनएम



के कारगर होने की वजह को समझने के लिए हमें मिट्टी की सेहत के तीन मुख्य आधारों - भौतिक, रासायनिक और जैविक - को देखना होगा।

**भौतिक:** आईएनएम मिट्टी की बनावट और पानी रोकने की क्षमता को बेहतर बनाता है। वर्षा पर निर्भर कृषि वाले इलाके के किसानों के लिए, इसका मतलब यह है कि मिट्टी स्पंज की तरह काम करती है और सूखे की अवधि में अधिक समय तक नमी बनाए रखती है।

**रासायनिक :** यह पीएच के स्तर को संतुलित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि वृहद एवं सूक्ष्म पोषक तत्व मिट्टी में अटके रहने या बह जाने के बजाय असल में पौधों की जड़ों को मिलें।

**जैविक :** शायद सबसे जरूरी बात यह है कि आईएनएम सूक्ष्मजीवों की विविधता और केंचुओं की आबादी को बढ़ाता है। ये छोटे इंजीनियर पोषक तत्वों के चक्रण और चावल-गेहूं या गन्ने बेल्ट जैसी गहन प्रणालियों में उत्पादकता को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी होते हैं।

**भारतीय किसानों के लिए उत्कृष्ट कार्यप्रणाली :** आईएनएम को प्रयोगशाला से खेत तक ले जाने के लिए व्यावहारिक तथा स्थान की जरूरतों के अनुरूप खास रणनीतियों की आवश्यकता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना जैसी राष्ट्रीय पहल पहले से ही अनुमान के बजाय मिट्टी की असली जांच के आधार पर उर्वरकों के इस्तेमाल की सलाह देकर एक रास्ता बता रही हैं। प्रबंधन के मुख्य तरीकों में फसल के विकास के अहम चरण के हिसाब से नाइट्रोजन को बांटकर डालने और नीम-कोटेड यूरिया जैसे धीरे-धीरे छोड़े जाने वाले विकल्प का इस्तेमाल शामिल है। चावल में पत्तियों के रंग की सारणी (एलसीसी) जैसे आसान एवं कम लागत वाले तरीके किसानों को यह तय करने में मदद करते हैं कि यूरिया कब डालना है। इससे बर्बादी और पर्यावरण में दुष्प्रभाव कम होता है। इसके अलावा, फसल प्रणाली में फलियों को शामिल करने से नाइट्रोजन स्थिरीकरण स्वाभाविक रूप से बढ़ सकता है, जिससे पूरे प्रणाली की उत्पादकता को लाभ होता है।

**क्षेत्रीय स्तर पर प्रभाव और आर्थिक लाभ :** आईएनएम की अहमियत खेत के स्तर पर सबसे अधिक दिखाई देती है। देश भर में किए गए दीर्घकालिक क्षेत्रीय स्तर के प्रयोगों से पता चलता है कि उर्वरकों और जैविक पदार्थों का समन्वित इस्तेमाल रासायनिक उर्वरकों की तुलना में अधिक पैदावार देता है।

**आम किसानों को होने वाले लाभ स्पष्ट हैं**

**कम लागत :** महंगे रसायनों की जगह खेत में मिलने वाले जैविक संसाधनों का उपयोग करने से बाहरी चीजों की जरूरत कम हो जाती है।

**सुदृढ़ता:** जड़ों की बेहतर वृद्धि एवं मिट्टी की अच्छी गुणवत्ता फसलों को जलवायु की दृष्टि से अधिक सुदृढ़ बनाती है, जिससे वे सूखे की वजह उपजे दबावों को झेल पाती हैं।

**गुणवत्ता :** जस्ता (जिंक) और लौह तत्व (आयरन) जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को शामिल करने से फसल की पैदावार और उपज की गुणवत्ता, दोनों में स्पष्ट सुधार होता है।

**आगे बढ़ने की एक स्थायी राह-** खेत विशेष से परे, आईएनएम पर्यावरणीय स्थिरता से संबंधित भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है। निक्षालन (लीचिंग) और वाष्पीकरण की प्रक्रिया के जरिए पोषक तत्वों की हानि को कम करके, यह तरीका पर्यावरणीय प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करता है। जब हम भारतीय कृषि के भविष्य की ओर देखते हैं, यह साफ हो जाता है कि हम अपनी मिट्टी का अनिश्चित काल तक दोहन कतई नहीं कर सकते। एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन बड़े पैमाने पर अपनाए जाने योग्य एवं किसानों पर केन्द्रित एक ऐसा रास्ता है, जो हमारी खेती की प्रणालियों का आने वाली पीढ़ियों तक प्रासंगिक बने रहना सुनिश्चित करता है। अब समय आ गया है कि हम अपनी मिट्टी को सिर्फ धूल भर न समझें, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रणाली समझें जिसे देश के लोगों का पेट भरने के लिए संतुलित एवं टिकाऊ पोषण की जरूरत है।

# भारतीय न्याय, सांस्कृतिक नैतिकता और विधवा बहू का अधिकार

**अदालत ने इस श्लोक को केवल सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक आधार के रूप में उद्धृत किया, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि भरण- पोषण का दायित्व भारतीय समाज में केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय भी है। सुप्रीम कोर्ट की तीन माननीय जजों की पीठ ने यह रेखांकित किया कि किसी मृत व्यक्ति की संपत्ति केवल उत्तराधिकारियों की निजी संपत्ति नहीं होती, बल्कि उस पर उन सभी निर्भर व्यक्तियों का नैतिक और कानूनी अधिकार होता है, जिनकी देखभाल मृतक के जीवनकाल में उसकी जिम्मेदारी थी।**

वैश्विक स्तरपर भारत केवल एक भौगोलिक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसकी चेतना में धर्म नैतिकता, आस्था, परंपरा और न्याय एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। भारतीय समाज में बड़े- बुजुर्गों की सीख, शास्त्रों में वर्णित जीवन-मूल्य और लोक-स्मृति में बसे संस्कार केवल निजी आचरण तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने सदियों तक सामाजिक और विधिक व्यवस्था को भी दिशा दी है। यही कारण है कि भारत जैसे विशाल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राष्ट्र में शास्त्रों, पुराणों और स्मृतियों में कही गई बातों का उल्लेख साधारण व्यक्ति से लेकर देश की सर्वोच्च अदालत तक में उदाहरण स्वरूप किया जाता रहा है। यह तथ्य अपने आप में भारतीय न्याय प्रणाली की विशिष्टता को रेखांकित करता है, जहाँ आधुनिक संवैधानिक ढांचे के भीतर भी सांस्कृतिक नैतिकता को पूरी तरह नकारा नहीं जाता, बल्कि उसे न्याय की संवेदनशील व्याख्या का माध्यम बनाया जाता है।13 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय ने इसी भारतीय न्यायिक परंपरा को एक बार फिर वैश्विक मंच पर स्थापित किया। यह फैसला केवल एक विधवा बहू के भरण-पोषण के अधिकार से जुड़ा मामला नहीं था, बल्कि यह उस गहरे दर्शन को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें कानून, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व एक-दूसरे के पूरक बनकर सामने आते हैं। भारतीय न्याय प्रणाली आधुनिकता और परंपरा के बीच टकराव नहीं,बल्कि संवाद में विश्वास करती है।इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मनुस्मृति के उस श्लोक का उल्लेख किया जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि माता, पिता, पत्नी और पुत्र को कभी नहीं त्यागना चाहिए और जो व्यक्ति ऐसा करता है, उसे दंडित किया जाना चाहिए। यह श्लोक केवल धार्मिक उपदेश नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का एक मूलभूत सिद्धांत प्रस्तुत करता है। अदालत ने इस श्लोक को केवल सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक आधार के रूप में उद्धृत किया, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि भरण- पोषण का दायित्व भारतीय समाज में केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय भी है। सुप्रीम कोर्ट की तीन माननीय जजों की पीठ ने यह रेखांकित किया कि किसी मृत व्यक्ति की संपत्ति केवल उत्तराधिकारियों की निजी संपत्ति नहीं होती, बल्कि उस पर उन सभी निर्भर व्यक्तियों का नैतिक और कानूनी अधिकार होता है, जिनकी देखभाल मृतक के जीवनकाल में उसकी जिम्मेदारी थी। यह दृष्टिकोण भारतीय पारिवारिक संरचना की उस अवधारणा को मजबूत करता है, जिसमें परिवार को केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं, बल्कि परस्पर उत्तरदायित्वों की इकाई माना गया है।



किशन भावनानी




साथियों बात अगर हम 13 जनवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट के तीन माननीय न्यायमूर्तियों की पीठ ने दिए गए निर्णय की करें तो,इस मामले का मूल विवाद अत्यंत तकनीकी प्रतीत हो सकता है,लेकिन इसके निहितार्थ अत्यंत व्यापक हैं। प्रश्न यह था कि यदि किसी विवाहित महिला के पति की मृत्यु उसके ससुर के जीवनकाल में हो जाती है, तो उसे भरण- पोषण का अधिकार मिलता है, लेकिन यदि पति की मृत्यु ससुर की मृत्यु के बाद होती है, तो क्या वह इस अधिकार से वंचित हो जाएगी? याचिकाकर्ता की ओर से यह तर्क दिया गया कि ससुर की मृत्यु के बाद विधवा बहू का उनके परिवार की संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं बचता। यह तर्क भारतीय समाज की उस संकीर्ण व्याख्या को दर्शाता है,जिसमें रिश्तों को केवल जीवनकाल की घटनाओं से जोड़कर देखा जाता है, न कि उनके नैतिक दायित्वों से।सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि पति की मृत्यु के समय के आधार पर विधवा बहुओं के बीच भेदभाव करना न केवल तर्कहीन है,बल्कि यह संवैधानिक समानता के सिद्धांत के भी विरुद्ध है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसी किसी भी व्याख्या का कोई संवैधानिक या तार्किक आधार नहीं हो सकता, जो समान परिस्थितियों में मौजूद महिलाओं के बीच भेदभाव उत्पन्न करे। यह टिप्पणी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के अधिकार की एक सशक्त पुनर्पुष्टि है।

साथियों बात अगर हम अदालत ने अपने निर्णय में हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण-पोषण अधिनियम 1956 की धारा 22 का विशेष उल्लेख किया, इसको समझने की करें तो यह धारा स्पष्ट रूप से कहती है कि मृतक हिंदू की संपत्ति से उसके सभी उत्तराधिकारियों पर यह दायित्व बनता है कि वे उसके निर्भर व्यक्तियों का भरण-पोषण करें। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रावधान की व्याख्या करते हुए कहा कि विधवा बहू भी निर्भर व्यक्तियों की श्रेणी में आती है, बशर्ते वह स्वयं या मृत पति द्वारा छोड़ी गई संपत्ति से अपना निर्वाह करने में असमर्थ हो। यह निर्णय इस मायने में भी ऐतिहासिक है कि इसमें अदालत ने कानूनी दायित्व और नैतिक दायित्व के बीच कृत्रिम विभाजन को अस्वीकार किया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय पारिवारिक कानून की आत्मा केवल विधिक प्रावधानों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें सामाजिक नैतिकता की गहरी छाप है। जब कानून नैतिकता से कट जाता है, तब वह केवल नियमों का संकलन बनकर रह जाता है, लेकिन जब वह नैतिक मूल्यों से जुड़ता है, तब वह न्याय का माध्यम बनता है।मनुस्मृति के श्लोक का उल्लेख करते हुए अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि प्राचीन ग्रंथों का संदर्भ लेना किसी धर्मनिरपेक्ष राज्य के सिद्धांत के विरुद्ध नहीं है, जब तक कि उसका उपयोग सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांतों को समझाने के लिए किया जा रहा हो। यह दृष्टिकोण अंतरराष्ट्रीय न्यायिक विमर्श में भी महत्वपूर्ण है, जहाँ सांस्कृतिक विविधता और स्थानीय नैतिकता को न्यायिक निर्णयों में स्थान देने की आवश्यकता पर लगातार चर्चा होती रही है।

साथियों बात अगर हम इस निर्णय कोवैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखनें की करें तो यह फैसला केवल भारत तक सीमित नहीं है। दुनियाँ भर में पारिवारिक कानूनों में यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या विधवा महिलाओं को केवल उनके पति की संपत्ति तक सीमित रखा जाए, या उन्हें परिवार की सामूहिक संपत्ति से भी संरक्षण दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय उन सभी समाजों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो पारंपरिक पारिवारिक संरचनाओं और आधुनिक मानवाधिकारों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।यह फैसला विशेष रूप से पितृसत्तात्मक समाजों के लिए एक स्पष्ट संदेश देता है कि महिलाओं के अधिकार किसी पुरुष रिश्तेदार के जीवनकाल या मृत्यु की तकनीकी घटनाओं पर निर्भर नहीं हो सकते।

# व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



■ जीएसटी के अंतर्गत पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाया : डीएम

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में व्यापार संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कायक्रम का उद्देश्य व्यापारियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा शासन की व्यापार हितैषी नीतियों की जानकारी प्रदान करना रहा।

जिलाधिकारी ने जीएसटी रिफॉर्म 2.0 के अंतर्गत व्यापारियों एवं आम जनमानस को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अंतर्गत पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे व्यापारियों को सुगमता हो रही है। जीएसटी लागू होने के पश्चात दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं, कृषि उपकरणों पर कर भार कम हुआ है, स्वास्थ्य सेवाओं में आम जनता को लाभ मिल रहा है, वहीं वाहन एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की कीमतों में भी कमी आई है, जिससे प्रदेश आर्थिक विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

इसी क्रम में राज्य कर विभाग के उपायुक्त अमित कुमार यादव एवं सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा द्वारा व्यापारियों को जीएसटी के अंतर्गत किए गए सरलीकरण के संबंध में जानकारी दी गई तथा व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके सुझाव भी प्राप्त किए गए। व्यापारियों को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत किसी भी व्यापारी की दुर्घटना में असमय मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 10 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है। जीएसटी लागू होने के पश्चात अब तक प्रदेश में 25 व्यापारियों के परिजनों को 10 लाख प्रति प्रकरण की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है।

# भाजपा सांसद ने भरवाया फॉर्म संख्या छः



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये गए अधिकतम मतदाता अभियान के निमित्त चंद्रपुरा में बूथ संख्या 96 पर बूथ प्रवासी के रूप में सांसद विनोद बिन्द के द्वारा फार्म संख्या 6 भरवाया गया। जिसमे लगभग 50 से अधिक नए मतदाता बने। भाजपा सांसद डॉ विनोद कुमार बिंद ने बताया कि वर्तमान वोटर सूची व 2003 की वोटर सूची का अवलोकन कर नए मतदाता जोड़ने का कार्य पूरी तन्मयता व तत्परता से कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा हैं। जिन मतदाताओं के नाम एएसडीडी सूची में हैं उनके वैध दस्तावेज संबंधित अधिकारी को दिखाकर वोट को बचाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमे प्रमुख रूप से बूथ अध्यक्ष सुरेंद्र बिन्द बीएलओ सुनीता यादव , विश्वनाथ बिन्द मुकेश गौड इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

बताते चले कि एसआईआर में प्रदेशभर में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम कटने के बाद सभी सियासी दलों की नींद उड़ी हुई है। सत्ताधारी दल भाजपा भी बेचैन है। पार्टी की ज्यादा बेचैनी शहरी और कम मार्जिन से हार-जीत वाली सीटों को लेकर है। इसी को ध्यान में रखकर भाजपा ने सब काम छोड़कर केवल एसआईआर में जुटने का फैसला किया है। सबसे ज्यादा फोकस फार्म-6 के जरिए नये वोटर बनवाने पर है।

# नवीनीकरण न कराने वाले शीतगृहों को जारी हों नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान नवीनीकरण की निर्धारित समयावधि के भीतर नवीनीकरण न कराने वाले शीतगृहों के विरुद्ध नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नवीनीकरण पूर्ण होने तक किसी भी शीतगृह में किसी प्रकार का अंतरण (ट्रांजेक्शन) नहीं किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने शासनादेश में वर्णित प्रावधानों का उल्लेख करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित शीतगृह स्वामी तीन दिवस के भीतर समस्त आवश्यक अभिलेख कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र नियमावली में निर्धारित प्रपत्र पर स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से भरा हुआ होना चाहिए, तथा उसमें उल्लिखित समस्त सूचनाएं सही रूप से अंकित हों। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आवेदन के साथ लाइसेंस शुल्क/नवीनीकरण शुल्क की कोषागार में जमा की गई मूल रसीद, भवन सुदृढ़ता प्रमाण-पत्र (पंजीकृत डिग्रीधारक सिविल अभियंता द्वारा), मशीनरी की सुदृढ़ता, कार्यशीलता एवं अवशीतन क्षमता से संबंधित प्रमाण-पत्र (पंजीकृत डिग्रीधारक मैकेनिकल/रेफ्रिजरेशन अभियंता द्वारा), गत वर्ष कराई गई बीमा पॉलिसी कवर नोट की सत्यापित प्रति, विद्युत लोड स्वीकृति एवं वैकल्पिक व्यवस्था (जनरेटर) की उपलब्धता का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि गत वर्ष भंडारित आदि में किसी प्रकार की क्षति हुई हो तो उसकी विस्तृत सूचना प्रस्तुत की जाए।

## हरी फलिया किसानों को उचित मूल्य पर मिले

**उरई (जालौन)।** एमएलसी रमा आर पी निरंजन द्वारा किसानों को उनकी हरी मटर फली का उचित मूल्य न मिलने की शिकायत जिलाधिकारी से कर किसानों की हरी फलिया 25 रुपए प्रति किलो से खरीदे जाने की मांग एक पत्र के माध्यम से की। उनकी की मांग पर अपर जिलाधिकारी ने जालौन मंडी में हरी मटर व्यापारियों तथा मंडी सचिवों के साथ बैठक कर उसे समस्या का निस्तारण करने पर मंथन कर व्यापारियों को तथा मंडी सचिव को भी आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये, एमएलसी रमा आर पी निरंजन ने जनपद के किसानों की पीड़ा को उठाते हुए जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडेय को एक पत्र देते हुए बताया कि जनपद का किसान दिन रात कडी मेहनत कर उत्तम फसल उत्पन्न करने के लिए जमकर लागत लगता है, जब उस फसल के बेचने का समय आता है तो उसे उचित मूल्य नहीं मिलता है, जिससे किसान कर्ज में डूबता जा रहा है, जनपद हरी मटर फसल के लिये पूरे देश में प्रसिद्ध है, व्यापारी,व्यापारी से मिलकर किसानों का शोषण कर 16 और 17 रुपए प्रति किलो में खरीद रहे और वहीं फलिया वह बाजार में 25 से 30 रुपये तक बेच रहे हैं।

# अनदेखी से अधर में पोंटून पुल, किसानों में नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

■ मुख्य मार्ग बंद होने से घंटों का सफर तय करने को मजबूर ग्रामीण, मुख्यमंत्री से की गई शिकायत

**मथुरा।** मांट सकराया मार्ग पर यमुना नदी को पार करने के लिए बनाया जाने वाला पोंटून पुल महीनों बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। पीडब्लूडी विभाग की इस कथित अनदेखी के कारण मांट कस्बे से सीधे जुड़े सेही, सकराया और बाबूगढ़ जैसे दर्जनों गांवों का संपर्क कट गया है। व्यापार करने वाले स्थानीय लोग हों या दूध विक्रेता, हर कोई प्रशासन के रवैये से परेशान है। स्थानीय निवासी कृष्ण गोपाल और छत्रपाल सिंह ने बताया कि मांट से छाता तक कम समय में पहुँचने के लिए यह पुल बेहद महत्वपूर्ण है। सामान्यतः यह अस्थाई मार्ग साल में करीब सात महीने चलता है, लेकिन इस बार पीडब्लूडी ने इसे शुरू करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। क्षेत्र के अरूण कुमार रावत और यादवेंद्र आदि ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की शिकायत की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुल का ठेका लेने वाला व्यक्ति कार्य पूरा करने में असमर्थ है।

### स्टीमर भी खराब

क्षेत्रीय निवासियों का आरोप है कि यमुना पार करने का एकमात्र जरिया श्स्टीमरश् भी लंबे समय से खराब पड़ा है। ग्रामीण गुड्डा, गब्बर और हाकिम ने बताया कि नाव से सफर करने में बहुत समय बर्बाद होता है और दूध विक्रेताओं को अपने वाहन नाव पर चढ़ाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों के अनुसार, खादर के गांवों तक पहुंचने के लिए उन्हें अब कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

# होरी को हुड़दंग मचैगो फागुन में, बसंत पंचमी 23 को

**बरसाना (मथुरा)।** विश्व प्रसिद्ध लठमार और लड्डूमार होली को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। शनिवार को बरसाना स्थित पीडब्ल्यूडी सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण समन्वय गोष्ठी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर ठोस रणनीति बनाई गई। इस बार पूरे मेला क्षेत्र को सात जोन और 18 सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा के कड़े घेरे में रखा जाएगा। श्रीजी गेट से प्रवेश और जयपुर मंदिर मार्ग से होगा निकास भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने स्पष्ट मार्ग योजना (रूट प्लान) तैयार की है। श्रद्धालुओं का प्रवेश केवल श्रीजी गेट से होगा, जो कटरा पार्क, सुदामा चौक और दादी बाबा मंदिर होते हुए सिंहपौर गेट तक पहुंचेगा। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को जयपुर मंदिर की ओर से निकाला जाएगा।

# बीएसए कॉलेज मथुरा नोडल केंद्र पर नकल-विहीन परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

■ 7 जनवरी से 3 फरवरी तक चलेंगी बीएससी एवं एमएससी एग्रीकल्चर की सेमेस्टर परीक्षाएं

**मथुरा।** बीएसए कॉलेज, मथुरा में बीएससी एवं एमएससी (एजी) प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा बीएसए कॉलेज को नोडल केंद्र बनाया गया है। परीक्षाएं 7 जनवरी 2026 से प्रारंभ होकर 3 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा व्यवस्था के अंतर्गत नोडल अधिकारी बी एस ए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, वरिष्ठ अधीक्षक डॉ. एस. के. राय एवं डॉ. ए. पी. सिंह, परीक्षा अधीक्षक डॉ. बी. के. गोस्वामी एवं डॉ. यू. के. त्रिपाठी, अनुशासन अधिकारी डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. रेखा राय, डॉ. बी. पी. राय एवं डॉ. सुनीता शर्मा की उपस्थिति में परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही हैं। इस नोडल केंद्र पर सर्वोदय डिग्री कॉलेज, चौमुहा तथा कृष्णा प्यारी शुक्ला कॉलेज, मथुरा के छात्र छात्राएं प्रतिदिन लगभग ढाई हजार की संख्या में परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं नकल-विहीन आयोजन सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। महाविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की नकल सामग्री अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय की आंतरिक उड़नदस्ता टीम द्वारा समय-समय पर परीक्षा कक्षों की सघन तलाशी भी ली जा रही है। प्रशासन द्वारा की गई सुदृढ़ व्यवस्थाओं के चलते परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रही हैं।

# मथुरा के विश्राम घाट पर बड़ा हादसा टला

**मथुरा।** घाट पर मची चीख-पुकारमथुरा । शनिवार सुबह मथुरा के विश्राम घाट और बंगाली घाट के बीच उस समय अफरा-तफरी मच गई जब श्रद्धालुओं से भरा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर यमुना जी में पलट गया। गनीमत रही कि समय रहते वहां मौजूद नाविकों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा में चार श्रद्धालु और उनके तीन बच्चे सवार थे। सभी श्रद्धालु सुबह करीब 7 बजे यमुना महारानी की आरती कर विश्राम घाट से लौट रहे थे। इसी दौरान ई-रिक्शा को बैक करते वक्त फिसलन हुई और वह सीधे घाट से यमुना जी में जा गिरा। हादसे में कई श्रद्धालु और बच्चे चोटिल हो गए लेकिन सभी की जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी चरम पर है। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना आम बात हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल ताइक्वांडो में मानसी ने हासिल की ब्रॉस मेडल

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** 69वें नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोमती नगर पत्रकारपुरम की मानसी शर्मा ने अंडर 14 कैटिगरी में ब्रॉस मेडल जीतकर लखनऊ व उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मानसी शर्मा के माता पिता मानसी व मनीष शर्मा जी ने बताया कि पंजाब लुधियाना में आयोजित इस नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में मानसी ने 22 से 24 किलो वेट केटेगरी में यह मेडल जीता है। उन्होंने बताया कि हमारी नन्ही परी मानसी शर्मा ने 69 नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ब्रोंज मेडल (अंडर 14 कैटिगरी) जीतकर पूरे लखनऊ ओर हमारी कॉलोनी के बच्चों के लिए नई प्रेरणा व उम्मीद जगाई है।



### व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जालौन के तत्वावधान में मुख्यमंत्री के नाम उरई जालौन विधानसभा के लोकप्रिय सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के द्वारा उनके आवास पर पहुंचकर विभिन्न व्यापारिक समस्याओं के संबंध में जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में एक ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर प्रदीप द्विवेदी संजीव सिपोलिया बलवीर सोनी राजकुमार अग्रवाल उदय करण प्रजापति धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ सर्राफा एसोशिएशन से श्याम किशोर सर्राफ राजेंद्र सोनी शालिनी अग्रवाल विनीता कुशवाहा उमेश चंद्र शर्मा हिरदेश पटेल रोहित अग्रवाल अरुण द्विवेदी शिवदयाल हुंका दिनेश कुमार कुशवाहा जितेंद्र राजपूत एवं अन्य व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।



# नियमों की अनदेखी कर लोग बैरियर से निकाल पार करते क्रॉसिंग

अवधनामा संवाददाता



■ हर माह दो से अधिक लोगों की मौत

**गाजीपुर।** देखने में आता है कि कई बार ट्रेन बेहद नजदीक होने पर लोग हड़बड़ी में ट्रैक पार करते हैं। कुछ मिनट रुकने की बजाय लोग जोखिम उठाना ज्यादा आसान समझते हैं। ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवाने की घटनाएं जिले में थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मटुकपुर गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी। वर्ष 2025 से अब तक अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में करीब 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

आंकड़ों पर गौर करें तो हर महीने दो से ज्यादा लोग ट्रेन से कटकर जान गंवा रहे हैं। बावजूद लोगों की लापरवाही कम नहीं हो रही। इंतजार करने की बजाए लोग बंद क्रॉसिंग को पार करने में गुरेज नहीं कर रहे है। ट्रेन गुजरने से पहले शहर से लेकर देहात तक कई जगहों पर बंद रेलवे फाटक, लाल सिग्नल और सामने आती ट्रेन की परवाह किए बिना लोग रेलवे ट्रैक पार करते नजर आते हैं। यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे को दावत दे सकती है। समय बचाने की जल्दबाजी में लोग अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालते दिखे। शहर के फूलनपुर रेलवे क्रॉसिंग के साथ ही भूतहियाटांड-बजुर्गा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर बंद होने के बावजूद वाहन चालकों और पैदल राहगीरों ने पटरी पार करते दिखे। भदौरा, जखनियां, दिलदारनगर सहित कई इलाकों में भी यही हाल रहा। लापरवाही केवल रेलवे क्रॉसिंग तक सीमित नहीं है। सिटी रेलवे स्टेशन पर भी नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी ट्रेन में चढ़ने के लिए कई लोग प्लेटफार्म नंबर एक से सीधे रेलवे ट्रैक पार करते ट्रेन की ओर जाते दिखे। यह नजारा यहां आम हो चुका है।

जीआरपी द्वारा लगातार जागरूकता अभियान, चेकिंग और कार्रवाई के बावजूद लोगों की आदतों में सुधार नहीं दिख रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, लेकिन डर और जिम्मेदारी की भावना अब भी लोगों में नहीं आ पा रही।

# सभी बूथों पर मेगा कैंप आज

अवधनामा संवाददाता

■ विधानसभा चुनाव के लिए 1107 मतदान केन्द्र और 2402 मतदान केन्द्र बनाये

**मथुरा।** मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रहा है। रविवार 18 जनवरी को जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जहां वोट जोड़ने, हटाने और संशोधन से जुड़ी सभी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा 31 जनवरी और 1 फरवरी को भी विशेष कैंप लगाए जाएंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सीपी सिंह ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची से जुड़ी त्रुटियों को अवश्य ठीक कराएं। उन्होंने साफ कहा 18 वर्ष से ऊपर के हर नागरिक के पास वोटर आईडी होना अनिवार्य है, इसे हल्के में न लें। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, 6 फरवरी तक आपत्ति का मौका। जिलाधिकारी ने बताया कि 6 जनवरी को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है, जिस पर 6 फरवरी तक आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। जनपद में कुल 1107 मतदान केंद्र और 2402 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। जनपद में अब तक फार्म न. 6 नए वोट बढ़ाने हेतु 23 हजार 142 फॉर्म जमा, फॉर्म-7 (नाम हटाने) करीब 600 और फॉर्म-8 (नाम/पता संशोधन) 8392 जमा हुए है। जबकि 3 लाख 74 हजार नाम वोटर लिस्ट से काटे गए, जिनमें मृतक व अनट्रेसेबल मतदाता शामिल है। इस तरह पूरे जनपद में 5 फीसदी, जबकि मथुरा सदर तहसील में 11 फीसदी मतदाता अनट्रेसेबल पाए गए हैं। मैपिंग कार्य के लिए 160 अधिकारी लगाए गए हैं। सिर्फ मथुरा सदर तहसील में 66 अधिकारी नोटिस वितरण में जुटे हैं। इसके अलावा बीएलओ घर-घर जाकर नोटिस पहुंचाएंगे, जिसके लिए चुनाव आयोग द्वारा तय दस्तावेज़ों में से एक प्रमाणित प्रति देना अनिवार्य होगा।

# बांके बिहारी कॉरिडोर का बिग-बैंग! पहली रजिस्ट्री हुई

**मथुरा।** वृंदावन में इतिहास रच दिया गया! श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में पहली रजिस्ट्री होते ही विकास का पहिया तेज़ी से घूम पड़ा। वर्षों से लंबित भक्तों के सुगम और सुरक्षित दर्शन का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी और जिला प्रशासन के साझा प्रयासों से कॉरिडोर निर्माण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। बिहारीपुरा क्षेत्र की संपत्ति संख्या-25 के एक भाग (69.26 वर्ग मीटर) की रजिस्ट्री तहसीलदार सदर के पक्ष में संपन्न हुई। यति गोस्वामी, अभिलाष गोस्वामी और अनिकेत गोस्वामी ने स्वेच्छा से भूमि देकर विकास को हरी झंडी दी। यह रजिस्ट्री नहीं, बल्कि ब्रज के भविष्य की नींव है। कॉरिडोर ऐसा बनेगा जिसमें श्रद्धा सुरक्षित रहेगी और सुविधा मिलेगी। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षित प्रवेश-निकासी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और भक्तों की सुरक्षा–सब कुछ एक ही परिसर में।

# विपक्ष मनरेगा को लेकर भ्रम फैला रहा : डॉ विनोद बिंद



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** ज्ञानपुर विधान सभा के छत्रशाहपुर और दुल्हीपुर में सैकड़ो गरीब, वंचितों व असहाय लोगो के बीच सांसद डॉ विनोद बिंद ने कम्बल वितरण किया। कम्बल वितरण के दौरान सरकार द्वारा की गई उपलब्धियों को बताया।

उन्होंने कहा कि आज हम सब यहाँ विकसित भारत-जी राम जी जनजागरण अभियान और कंबल वितरण कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, संवेदना और संकल्प के भाव से उपस्थित हुए है। कहा कि विपक्ष मनरेगा को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रहा है। मैं स्पष्ट कहना चाहता हूँ कि–मनरेगा को मजबूत करने, मजदूरों को समय पर काम और भुगतान देने का काम यदि किसी ने किया है, तो वह वर्तमान सरकार है। डिजिटल भुगतान, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर रोक यह सब आज की सच्चाई है, जिसे विपक्ष छुपाना चाहता है। विकसित भारत-जी राम जी केवल नारा नहीं है, यह गरीब का सम्मान, मजदूर का हक, किसान की आय और युवाओं का भविष्य है। जहाँ विपक्ष केवल अफवाह फैलाता है, वहीं सरकार ज़मीन पर काम करती है–सड़क, बिजली, आवास, शौचालय, आयुष्मान और रोजगार सहित अन्य जनपयोगी कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा, सरकार और समाज दोनों मिलकर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सपा चाहती है भाजपा विरोधी सभी दल एक साथ चुनाव लड़ें : डा. एसटी हसन

अवधनामा संवाददाता

■ अंकिता रेप-मर्डर केस से फैले जनाक्रोश को दबाने के लिए हिंदुओं के रोक लगाने की कोशिश गैरकानूनी

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद डा. एसटी. हसन ने हरिद्वार के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने से जुड़े सोशल मीडिया पोस्टों को उत्तराखंड सरकार की साजिश् करार दिया है। उन्होंने कहा है कि सरकार और कट्टरवादी संगठन प्रदेश में हुए बलात्कार-हत्या को लेकर जनता में आक्रोश है। लोग सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इसी आंदोलन को दबाने के लिए ऐसे मुद्दे उठाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पोस्ट असंवैधानिक हैं जिसपर कार्रवाई की जानी चाहिए।



सपा नेता डा. एसटी हसन ने पत्रकारों को बताया कि भारत किसी एक धर्म का देश नहीं है बल्कि यह विविधताओं से भरा हुआ एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है। सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अगर मुसलमानों को हर की पैड़ी जाने से रोका जाता है तो क्या यह संदेश नहीं जाता कि उन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक माना जा रहा है? उन्होंने कहा कि यह सोच बेहद खतरनाक है और देश को धार्मिक आधार पर बांटने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातें असंवैधानिक हैं बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि गंगा केवल किसी एक धर्म की नहीं है बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था का प्रतीक है।

# पत्नी के छोड़कर जाने से तनाव में आए न्यायिक कर्मचारी ने की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता



■ पुलिस की जांच शुरू
■ दो साल पहले हुआ था विवाह, सवा महीने बाद ही पत्नी चली गई मायके
■ न्यायालय नें विचाराधीन है तलाक का मामला, तनाव में रहता था मोहित

**मुरादाबाद।** जिले की तहसील ठाकुरद्वारा क्षेत्र में रहने वाले न्यायिक कर्मचारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह परिजनों ने युवक का शव कमरे के भीतर फंदे से लटका देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना से परिवार में कोहराम मच तथा इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव करनावाला खास निवासी मोहित कुमार (28) पुत्र मुनेश स्थानीय जेएम कोर्ट में क्लर्क के पद पर तैनात था। बताया जा रहा है कि वह काफी समय से मानसिक तनाव में था मोहित का अपनी पत्नी के साथ तलाक का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। परिजन को मुताबिक मोहित की शादी करीब दो वर्ष पूर्व अनीता, पुत्री महावीर, निवासी गांव लम्बिया (गजरौला के पास, अमरोहा) से हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया और विवाह के लगभग सवा महीने बाद ही पत्नी मायके चली गई।

इसके बाद से दोनों के बीच तलाक को लेकर कानूनी प्रक्रिया चल रही है। परिजन बताते हैं कि शुक्रवार रात मोहित ने परिवार के साथ भोजन किया और अपने कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो चिंता हुई और अंदर जाकर देखा तो सभी की चीखें निकल गई। कमरे में छत पर लगे हुक से दुपट्टे के सहारे उनका शव लटक रहा था। परिजन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार में मां कुसुम देवी, बड़ा भाई सोहित और बड़ी बहन पूजा का रोते-बिलखते बुरा हाल है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन सख्त

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने तहसील कालपी सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, विद्युत, नगर पालिका, पुलिस, जिला पूर्ति सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 113 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 38 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसीलवार प्राप्त शिकायतों का विवरण इस प्रकार रहा तहसील उरई में 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 8 का निस्तारण किया गया। तहसील कालपी में 49 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील माधौगढ़ में 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 4 का निस्तारण किया गया। तहसील कौंच में 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 5 का निस्तारण किया गया।

# विधायक रामवीर ने किया पांच सड़कों का शिलान्यास



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के शनिवार को मूंढापांडे ब्लॉक में गोविंदपुर सक्टूनगला मोड़ एवं करनपुर सरकड़ा रोड़ मिलक समेत 4.19 करोड़ से बनने वाली पांच सड़को का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को लगातार विकास करने का भरोसा भी जताया है। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि सड़कों का निर्माण ग्रामीण विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा आज जिन पांच महत्वपूर्ण सड़कों का भूमि पूजन और शिलान्यास हुआ है, ये केवल सड़कें नहीं बल्कि आपके विश्वास की नींव हैं। विधायक बनने के बाद मैंने ठाना था कि विकास की रोशनी गांव की गलियों तक पहुंचेगी और आज उसी संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े कार्यों में तेजी आयेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जायेगा। इस मौके पर दलपतपुर अलीगंज मार्ग का चौड़ीकरण सौंदर्गीकरण कार्य लंबाई एक किमी, एनएच अलीगंज से गोविंदपुर वाया सकटूनगला हमीरपुर तक विशेष मरम्मत योजना अंतर्गत सीसी नाली निर्माण कार्य।

# व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग



- व्यापारियों ने सदर विधायक को समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला चेयरमैन एवं प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर के निर्देश पर आज एक प्रतिनिधिमंडल ने जनपद संभल के सदर विधायक इकबाल महमूद के आवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।यह ज्ञापन प्रदेश भर के व्यापारियों एवं उद्यमियों की लंबे समय से चली आ रही गंभीर समस्याओं को उजागर करने एवं उनके निवारण हेतु प्रस्तुत किया गया है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर तत्काल एवं सकारात्मक कार्रवाई की मांग की गई है गृह एवं जलकर विभाग द्वारा अनावश्यक नोटिसों की रोकथाम व्यापारियों को अनावश्यक रूप से भेजे जा रहे नोटिसों से परेशानी हो रही है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। पारदर्शी एवं उचित प्रक्रिया अपनाने की मांग। जीएसटी विभाग द्वारा अनावश्यक नोटिस जारी करने पर रोक ऐसे नोटिस जिनकी आवश्यकता नहीं होती, उन्हें तत्काल बंद किया जाए तथा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। बिना अनुमति के छापेमारी पर रोक बिना जिला अधिकारी की अनुमति एवं व्यापार मंडल पदाधिकारी की मौजूदगी के छापेमारी न हो। संबंधित मंत्रालय द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। व्यापारियों को प्राथमिकता पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापारियों को प्राथमिकता दी जाए। खासकर सर्राफा व्यापारियो को प्राथमिकता दी जाए। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि प्रदेश के व्यापारी समाज राज्य सरकार के सहयोग से निरंतर विकास कर रहा है, लेकिन कुछ विभागीय प्रक्रियाओं से अनावश्यक परेशानी हो रही है। युवा अध्यक्ष हर्षित शर्मा हनी ने विधायक इकबाल महमूद से से प्रतिनिधिमंडल की बात की सुनने के लिए धन्यवाद किया माननीय विधायक इकबाल महमूद जी ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे इसे शीघ्र ही मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचाएंगे तथा व्यापारियों के हित में उचित कार्रवाई हेतु प्रयास करेंगे।यह प्रतिनिधिमंडल व्यापारियों के बीच एकता एवं संगठित प्रयासों का प्रतीक है, जो राज्य सरकार से संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान चाहता है। इस अवसर पर शाकिर हुसैन अध्यक्ष तह. सम्भल, अजय अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, जसपाल सिंह उपाध्यक्ष, हर्षित शर्मा युवा अध्यक्ष, प्रतीक गुप्ता युवा महामंत्री, अमूल्य भारद्वाज उपाध्यक्ष, मयंक गुप्ता उपाध्यक्ष, अंकित गुप्ता उपाध्यक्ष, दीपक गुप्ता, वैभव छाबड़ा, हर्ष गुप्ता, रजत रेवडी, पुष्कल गुप्ता, रजत गुप्ता उपाध्यक्ष, अक्षय गुप्ता, पुलकित गुप्ता सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# जिला कारागार का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला कारागार देवरिया मे निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा यू0टी0आर0सी0 कैंपेन 2026 के प्रथम चरण के अन्तर्गत चिन्हित बंदी तथा अन्य बंदियों के प्रकरणों पर व्यक्तिगत रूप से से मुलाकात कर उनके मामलों में विधि अनुसार कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकत्तम 07 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं, से संबंधित मामलों पर भी विचार-विमर्श किया गया। तथा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया। जेल में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुये जेल के बंदियों को विधिक सहायता, स्वच्छता पर जोर देते हुये कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समस्त बंदियों के विधिक सहायता/विधिक साक्षरता प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला कारागार अधीक्षक श्री प्रेम सागर शुक्ला, जेलर , डिप्टी जेलर व लीगल एड डिफेंस काउंसिल,उपस्थित रहें।

# पसमांदा मुद्दों पर किसी ने पहले ध्यान नहीं दिया : हाजी ताहिर

- पसमांदा विमर्श अब राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बन चुका है
- अपने हक़ और विकास के लिए वोट देने की जरूरत : हाजी ताहिर
- पसमांदा समाज को शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी



**अवधनामा संवाददाता**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ताहिर हुसैन ने की। बैठक में संगठन के विस्तार, पसमांदा समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रणनीति पर गंभीर चर्चा की गई। अपने संबोधन में हाजी ताहिर हुसैन ने कहा कि आज पसमांदा विमर्श केवल प्रदेश स्तर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह राष्ट्रीय स्तर का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की लगातार मुहिम के परिणामस्वरूप आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी पसमांदा समाज का उल्लेख किया जाना इस बात का प्रमाण है कि पसमांदा मुद्दा अब राष्ट्रीय बहस का हिस्सा बन गया है। हाजी ताहिर ने उन आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी, जिनमें यह कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मुसलमानों में फूट डालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कोई यह बताए कि इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री ने पसमांदा मुसलमानों की समस्याओं पर कभी ध्यान दिया हो। उन्होंने कहा कि यह भी एक सच्चाई है कि मुसलमान भाजपा को वोट नहीं देते, इसके बावजूद प्रधानमंत्री द्वारा पसमांदा समाज की बात करना एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि अब तक जिन तथाकथित सेक्युलर दलों को पसमांदा मुसलमान वोट देते आए हैं, उन्होंने कभी पसमांदा समाज की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्थिति पर गंभीरता से काम नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी विशेष राजनीतिक दल का समर्थन करना नहीं है, बल्कि पसमांदा समाज को यह समझाना है कि वोट अपने अधिकार और विकास के लिए दिया जाना चाहिए, न कि सिर्फ परंपरा के आधार पर। हाजी ताहिर हुसैन ने पसमांदा समाज की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज समाज की हालत कई मामलों में दलित समाज से भी बदतर हो चुकी है, जिसकी पुष्टि विभिन्न समाचार पत्रों और रिपोर्टों में भी हो चुकी है। उन्होंने समाज को शिक्षा, अधिकारों और आत्मसम्मान के प्रति जागरूक होने की अपील की। बैठक में संगठन के कार्यकर्ताओं से समाज के बीच जाकर काम करने, लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शिक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मुहम्मद फारूक, मो. परवेज, कफील, मुम्ताज सहित बड़ी संख्या में पसमांदा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में बंद युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** जिला कारागार में बंद अमेठी के एक युवक की शनिवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल प्रशासन ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है, जबकि परिजनों ने इस पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।मृतक की पहचान शैलेंद्र सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शैलेंद्र ने शुक्रवार शाम अपनी पत्नी से फोन पर बातचीत की थी और उस समय किसी तरह की तबीयत खराब होने की बात नहीं कही थी। शनिवार सुबह शैलेंद्र के रिश्ते के भाई आशीष सिंह को एसएचओ (धम्मौर) के माध्यम से मौत की सूचना दी गई।आशीष सिंह ने बताया कि जब उन्होंने मौत के कारण के बारे में पूछा तो उन्हें जेलर से जानकारी लेने को कहा गया। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि शैलेंद्र को मृत अवस्था में लाया गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उसकी मौत जेल के अंदर ही हुई। परिजनों के मुताबिक शैलेंद्र पिछले 10 महीनों से सुल्तानपुर जिला कारागार में बंद था। आशीष सिंह महीने में दो-तीन बार उससे मिलने जाते थे, जबकि उसकी पत्नी भी हफ्ते में दो दिन मुलाकात करती थी। परिजनों का दावा है कि शैलेंद्र पूरी तरह स्वस्थ था,उसे कोई बीमारी नहीं थी और वह हमेशा अपनी अच्छी सेहत की बात करता था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फ्लिहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# एकीकृत बागवानी मिशन के तहत कृषकों का प्रशिक्षण उपरान्त भ्रमण सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन 2025-26 योजनान्तर्गत चयनित 60 कृषकों का प्रशिक्षण उपरान्त भ्रमण कार्यक्रम आज दिनांक 17 जनवरी 2026 को सम्पन्न हुआ। कृषकों के इस दल को सहायक उद्यान निरीक्षक सुशील कुमार शर्मा द्वारा कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, देवरिया परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। भ्रमण के प्रथम चरण में कृषकों को प्रगतिशील कृषक जय सिंह कुशवाहा, ग्राम-कैथवलिया, विकास खण्ड-तरकुलवा के प्रक्षेत्र पर ले जाया गया। यहाँ कृषकों ने पपीता, अमरूद, आम, ड्रैगन फ्रूट एवं विभिन्न सब्जी फसलों की उन्नत खेती का अवलोकन किया। श्री कुशवाहा द्वारा औद्यानिक फसलों से होने वाले लाभ, लागत एवं उत्पादन की जानकारी दी गई तथा कृषकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर कृषकों ने उनकी नर्सरी का भी अवलोकन किया। श्री पत्रिका सिंह द्वारा जायद ऋतु की सब्जीवर्गीय फसलों की जानकारी देते हुए इच्छुक कृषकों से dbt.uphorti culture.in पोर्टल पर अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने का अनुरोध किया गया। द्वितीय भ्रमण स्थल पर कृषकों को प्रगतिशील कृषक श्री जयराम शर्मा पुत्र श्री चन्दन शर्मा, ग्राम-बघड़ा महुआरी, विकास खण्ड-पथरदेवा के केले के बाग में ले जाया गया। यहाँ शर्मा द्वारा केले की वैज्ञानिक खेती एवं उससे होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी दी गई। सहायक उद्यान निरीक्षक रणजीत यादव द्वारा विभागीय योजनाओं के अंतर्गत केले की खेती पर दिये जाने वाले अनुदान के संबंध में कृषकों को अवगत कराते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। इसके पश्चात कृषकों को ग्राम-बरियारपुर, विकास खण्ड-रामपुर कारखाना स्थित कृषक सुरेन्द्र चौहान के प्रक्षेत्र में लगे आलू एवं फूलगोभी की फसलों का भ्रमण कराया गया। साथ ही बरियारपुर के ही कृषक अष्टमूर्ति बहादुर शाही के पॉलीहाउस एवं उनके प्रक्षेत्र में उगाई गई विभिन्न औद्यानिक फसलों एवं सब्जियों का भी अवलोकन कराया गया। अन्त में सहायक उद्यान निरीक्षक सुशील कुमार शर्मा द्वारा सभी कृषकों का आभार व्यक्त करते हुए भ्रमण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## नदी खण्डों की नीलामी/पट्टा बैठक 19 जनवरी से

आजमगढ़। मत्स्य पालक विकास अभिकरण, आजमगढ़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम नारायण तिवारी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सदानीरा नदी घाघरा में निर्धारित 08 नदी खण्डों में से अवशेष 07 नदी खण्डों की नीलामी/पट्टा 01 वर्ष हेतु न्यूनतम निर्धारित मूल्य रू0 62500.00 या इससे अधिक पर कराया जाना है। अवशेष 07 नदी खण्डों की नीलामी बैठक तहसील सभागार, सगड़ी में उपजिलाधिकारी सगड़ी की अध्यक्षता में दिनांक 19 जनवरी 2026, 21 जनवरी 2026, 24 जनवरी 2026, 28 जनवरी 2026 एवं 30 जनवरी 2026 को सम्पन्न कराई जानी है।

उक्त के क्रम में इच्छुक बहुद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समितियों द्वारा घाघरा नदी खण्ड नीलामी/ठेका लेने हेतु उपर्युक्त निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी मोबाइल नम्बर 8851376987 पर या विभागीय कार्यालय मड़या, रैदोपुर में सम्पर्क कर किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकतें हैं।

## फारेहा ने प्रथम यश भारती ने द्वितीय और आकांक्षा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया



**संभल (अवधनामा संवाददाता)** एमजीएम कॉलेज संभल में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कार्यक्रमों की श्रृंखला में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रीति सिंह के संयोजन में किया गया।प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में 35 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में फ़ारेहा ने प्रथम स्थान यश भारती ने द्वितीय स्थान और आकांक्षा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संयोजिका ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्र छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा उजागर होती है तथा उनके व्यक्तित्व का विकास होता है।सड़क सुरक्षा अभियान प्रभारी डा फहीम अहमद ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अनिवार्य है। सड़क पर निकलते समय यातायात के सभी नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय में आगामी दिनों में भाषण और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में डा जोहरा जबीं, डॉ विजयलक्ष्मी शर्मा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

## स्कूल जा रहे छात्र को आलू लदी पिकअप ने मारी टक्कर, मौके पर मौत



**बल्दीराय/सुलतानपुर (अवधनामा संवादाता)** थाना बल्दीराय क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूल जा रहे कक्षा 12 के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम भखरी निवासी बंशराज सिंह का पुत्र युवराज सिंह (17 वर्ष) शनिवार सुबह घर से डीएवी कॉलेज कुमारगंज पढ़ने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था। वह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सिंदुरापुर डीह सर्विस लेन से होकर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही आलू लदी पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवराज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बल्दीराय पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि युवराज सिंह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी असमय मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

## भाजपाइयों ने लगाया नव मतदाता कैंप



**प्रयागराज।** भाजपा के द्वारा बूथ स्तर पर नव मतदाता कैंप का आयोजन मुट्ठीगंज में आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रदेश संगठन के द्वारा नए मतदाता बनाने के लिए प्रयाग राज महानगर के सभी 1216 बूथों पर विशेष रूप से अभियान चलाया गया। हर बूथों पर लगभग 6 नंबर का 250 फार्म भरवाए गए। इस अवसर राजेश केसरवानी, नीरज केसरवानी, स्मृति श्रीवास्तव, परमानंद वर्मा, स्वाती गुप्ता, सुनील केसरवानी, जितेंद्र जायसवाल, सौरभ चौरसिया, सुधांशु त्रिवेदी, अभिषेक जायसवाल, आदि रहे।

# विधानसभा चुनाव में मायावती भाजपा के इशारे पर देंगी टिकट: राकेश टिकैत

- भाकियू किसी का नहीं करेगा समर्थन, ईडी को बताया केंद्र सरकार का थानेदार

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और केंद्र सरकार पर तीखे राजनीतिक आरोप लगाए हैं। माघ मेले के दौरान आयोजित किसान चिंतन शिविर में शुक्रवार को उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव -2027 में मायावती टिकट वितरण भी भाजपा के इशारे पर करेंगी। उनका आरोप था कि इससे पहले के चुनावों में भी बसपा ने भाजपा के संकेत पर ही राजनीतिक फैसले लिए हैं।

राकेश टिकैत ने स्पष्ट किया कि भारतीय किसान यूनियन किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करती है। वोट पड़ने ही नहीं दिए जाते और जिसे चाहती है, उसे जीत का प्रमाण पत्र थमा दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर पूरे देश में संघर्ष करने वाला उनका संगठन एकमात्र मजबूत मंच था लेकिन सरकार को यह स्वीकार्य नहीं हुआ। सरकार ने रणनीति के तहत संगठन को कमजोर करने के लिए अलग-अलग हिस्सों में हजार से अधिक किसान यूनियन खड़ी कर दीं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लेकर राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी अब सरकार का थानेदार बन चुका है और चुनावी रंजिश में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरने की तैयारी के तहत उनके दल से जुड़े लोगों के यहां छापे मारे गए और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर लिए गए।

### 38 वर्षों से माघ मेले में किसानों की सहभागिता

प्रयागराज। राकेश टिकैत ने कहा कि माघ मेला हो या कुंभ मेला, पिछले 38 वर्षों से देश भर के किसान संगम स्नान के लिए प्रयागराज आते रहे हैं। झारखंड, बिहार, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों किसान यहां जुटते हैं। इस दौरान बिजली, सिंचाई, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), भूमि मुआवजा और गन्ने के दाम जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श होता है। उन्होंने कहा कि देश के किसान 24 प्रकार की फसलें उगाते हैं लेकिन अधिकांश मामलों में उन्हें न तो लाभ मिल पा रहा है और न ही लागत निकल रही है। कहा कि हम माघ मेले में आयोजित चिंतन शिविर के माध्यम से मांग करेंगे कि लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जोड़ कर समर्थन मूल्य तय किया जाए।

## वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवादाता)** जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर के तत्वावधान में सनबीम स्कूल सुल्तानपुर में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और समाज में फैले अंधविश्वासों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ शरणजीत कौर, मुख्य अतिथि भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉ राधेश्याम सिंह एवं रिसोर्स पर्सन अंजलि ढाका द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने विज्ञान को तर्क, सत्य और प्रगति का मार्ग बताते हुए अंधविश्वास से दूर रहने का संदेश दिया। अंजलि ढाका ने तथाकथित चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर पोस्टर, स्लोगन राइटिंग और वर्किंग मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों की सराहना की और वैज्ञानिक सोच अपनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने किया तथा प्रधानाचार्या ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गैर-शिक्षण कर्मचारियों हेतु GeM प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए Government e-Marketplace (GeM) विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सरकारी खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और डिजिटल बनाना तथा कर्मचारियों को GeM पोर्टल के प्रभावी उपयोग के लिए सक्षम करना रहा। कार्यक्रम में GeM विशेषज्ञ निखिल राय ने प्रतिभागियों को पोर्टल की कार्यप्रणाली, पंजीकरण प्रक्रिया, खरीद नियमों एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ महेश कुमार के साथ कंट्रोलर ऑफ़ एग्जामिनेशन विकास भी मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी एवं आयोजन सचिव संजीव गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अपने संदेश में कहा GeM पोर्टल आज सरकारी खरीद प्रणाली में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही का सशक्त माध्यम बन चुका है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे कर्मचारियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाते हैं, जिससे विश्वविद्यालय की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी व आधुनिक हो सके। कुलपति ने यह भी कहा कि डिजिटल इंडिया के विज़न को साकार करने में त्नद्दरूजैसी पहल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से प्रशिक्षण को और अधिक संवादात्मक बनाया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल-वर्धन कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया।

## महाराष्ट्र कॉरपोरेशन चुनाव मे एआईएमआईएम को मिली प्रचंड जीत पर जश्न

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिम एआईएमआईएम के महानगर इकाई महानगर अध्यक्ष अफसर महमूद के नेतृत्व में आज अटाला कार्यालय के बाहर महाराष्ट्र बीएमसी चुनाव पर मिली प्रचंड जीत पर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर महाराष्ट्र के सभी जीते हुए पार्षद नगरसेवक को बधाई संदेश दिया गया और महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज जलील को मुबारकबाद दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी और अकबरुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह से महाराष्ट्र का दौरा करके लोगों को अपना झंडा अपना डंडा वाला फार्मूला समझाया अपना लीडर चुन् ने का आवाहन किया उससे लोगों ने सभी सेकुलर दलों को नकार दिया। चाहे वह समाजवादी पार्टी हो कांग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस सबको धूल चटाने का काम किया। जश्न में शामिल लोगों में मुजीबुर रहमान एडवोकेट सैयद इरशाद आलम, मोहीउद्दीन सिद्दीकी, इफ्तिखार अहमद, रियाजुल हक चौधरी, अहमद खान, गुड़िया बेगम आदि शामिल रहे।

# अपना 27 फीसदी आरक्षण लेकर रहेगा ओबीसी: पटेल

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** ओबीसी वर्ग को मध्य प्रदेश में उसके संवैधानिक अधिकार से वंचित किए जाने का आरोप लगाते हुए अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर बी सिंह पटेल ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कागजों में तो ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दर्शाती है, लेकिन व्यवहार में केवल लगभग 86 प्रतिशत सीटों पर ही नियुक्तियां की जा रही हैं, जबकि शेष 14 प्रतिशत सीटों को होल्ड कर रखा गया है। यह स्थिति ओबीसी समाज के साथ अन्याय और भेदभावपूर्ण है। आर बी सिंह पटेल ने कहा कि आरक्षण कोई सरकार की कृपा नहीं, बल्कि ओबीसी समाज का संवैधानिक अधिकार है। मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग की आबादी लगभग 58 प्रतिशत है। इतनी बड़ी आबादी वाले वर्ग को यदि उसका वैधानिक आरक्षण नहीं मिलेगा, तो सामाजिक न्याय की अवधारणा अधूरी रह जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ओबीसी समाज किसी अन्य वर्ग का अधिकार नहीं छीन रहा है, बल्कि केवल अपने हक की मांग कर रहा है।

## डायल-112 पर चोरी की झूठी सूचना देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़ (अवधनामा संवादाता)** थाना मेंहनगर क्षेत्र में डायल-112 पर चोरी की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर जाँच की गई, जिसमें कथित चोरी की घटना संदिग्ध पाई गई। गहन जाँच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि सूचना देने वाले व्यक्ति द्वारा जानबूझकर अपने घर के आभूषण व नकदी छिपाकर पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से झूठी सूचना दी गई थी। जाँच के दौरान छिपाए गए आभूषण एवं नकदी घर के परिसर से ही बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया द्यआज अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# जैसलमेर में लें दुबई जैसा मज़ा, विंटर ट्रिप के लिए परफेक्ट है गोल्डन सिटी



सर्दियों में दुबई जैसी डेजर्ट सफारी का अनुभव लेने के लिए राजस्थान के गोल्डन सिटी जैसलमेर की यात्रा करें। यहां आप सोनार किला और सम सैंड ड्यून्स जैसी जगहों पर एडवेंचर एक्टिविटीज के साथ राजस्थानी संस्कृति का भी आनंद ले सकते हैं। इस समय भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दियों के सीजन में लोग ऐसी जगहें घूमने का प्लान करते हैं, जहां गुनगुनी धूप के साथ एडवेंचर एक्टीविटी का भी मजा मिले। इसके लिए आप राजस्थान के गोल्डन सिटी में घूमने का प्लान बनाएं। जैसलमेर सर्दियों में घूमने क लिए सबसे बेस्ट जगहों में से एक है। यहां पर आपको दुबई वाली फीलिंग मिलने वाली है क्योंकि डेजर्ट सफारी का भी मजा एक अलग ही होता है। इसके साथ ही रेत के मैदान में मिलने वाले शानदार नजारे भी नजर आएंगे। रात को आप साफ-सुथरे आसमान के बीच टिमटिमाते तारों के अलावा दूरबीन की मदद से आसमान को भी निहारने का मौका पा सकते हैं। दिल्ली से जैसलमेर की ट्रिप का प्लान करना भी काफी आसान होता है।

यहां पर घूमने-फिरने के साथ खाने के भी ऑप्शन मिलेंगे और आप दो रात तीन दिन में जैसलमेर के खूबसूरत नजारों को लेकर वापस भी लौट सकते हैं। यदि आप भी घूमने का प्लान बना रही हैं, तो जैसलमेर बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकती है।

यदि आप सेफ्टी के साथ ही बजट में ट्रैवल करना चाहते हैं, तो ट्रेन का ऑप्शन बेस्ट है। खासतौर पर पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से कई ट्रेने हैं, जो जैसलमेर के लिए चलती हैं। करीब 15 घंटे के रास्ते को नापकर आप राजस्थान के इस शहर में पहुंच सकते हैं। शाम के 6 बजे के करीब चलने वाली ट्रेन जैसलमेर सुबह 9 बजे आराम से पहुंचा देती है। इस बात का ध्यान रखें कि अगर आप ट्रेन से ट्रैवल करना चाहते हैं, तो टिकट को पहले ही बुक कर लें। आप चाहे तो फ्लाइट से भी सफर कर सकते हैं, जैसलमेर एयरपोर्ट पहुंचकर, अपनी ट्रिप को एन्जॉय करें।

जैसलमेर का सोनार किला दूर से ही दिखाई देता है। गोल्डन रंग के इस किले में अंदर पतली कलरफुल गलियां, हवेलियां, तोपें, मंदिर और म्यूजियम भी है। ये किला अंदर से किसी छोटे शहर जैसा है जिसमें अभी भी लोग रहते हैं।

अगर आप भी रेगिस्तान को ओरिजनली देखना चाहते हैं तो यहां पर जरुर जाएं। लेकिन ये जगह जैसलमेर से 40 किमी दूर है। यहां पर जाने के लिए आपको प्राइवेटस लोकल कैब या टैक्सी करना सही होगा। यदि आप अकेले हैं तो बाइक भी ले सकते हैं। इधर आपको रेत का मैदान और छोटी झाड़ियां दिखाई देती हैं जो किसी सपने की तरह लगती हैं। सम सैनड्यून्स में आपको कई तरह की एक्टीविटीज करने को मिल जाएंगी।

इसके अलावा, यहां पर डिनर, ब्रेकफास्ट के साथ ही कैंपिंग की भी सुविधा मिलती है। जिसे आप लोकर ही जाकर बुक कर सकते हैं।

इस बात का ध्यान रखें कि यहां कैंप की ऑनलाइन बुकिंग करने से बचें नहीं तो फ्रॉड के चांस ज्यादा बढ़ जाते हैं।

पाकिस्तान की सीमा से लगा ये मंदिर बेहद खास है। इस मंदिर को अर्मी ने डेवलप किया है और यहां तक जाने के लिए राजस्थान की रोडवेज बसें भी चलती हैं। इस मंदिर से आगे ही एक घंटे की दूरी पर लोंगेवाला वार म्यूजियम है।

दो-तीन दिन में घूमने के लिए जैसलमेर में पटवा की हवेली भी शामिल है। यहां पर विदेशी टूरिस्ट सबसे ज्यादा है।

## कर्तव्य पथ पर देखना चाहते हैं गणतंत्र दिवस परेड घर बैठे ऐसे बुक करें अपना टिकट



77वें गणतंत्र दिवस परेड 2026 के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो गई है; दर्शक कर्तव्य पथ पर होने वाले इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पोर्टल के माध्यम से 20 से 100 रुपये में अपनी सीट आरक्षित कर सकते हैं। इस साल 26 जनवरी 2026 को भारत में 77वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की खास परेड का आयोजन होता है। इस परेड को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। हर कोई चाहता है कि गणतंत्र दिवस पर परेड देखने जरुर जाएं। वैसे करीब से परेड देखने का अनुभव अलग ही होता है और देश की शान देखकर हाथ के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यदि आप भी इस अनुभव को करीब से फील करना चाहते हैं, तो अभी से परेड के लिए ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं दिल्ली में आयोजित होने वाली इस परेड के लिए ऑनलाइन बुकिंग कैसे करनी है और कितने रुपये लगेंगे।

आपको बता दें कि, गणतंत्र दिवस के पूरे प्रोग्राम की डिटेल्स अलग-अलग दिन में तय की गई हैं। सैनिकों की परेड राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होगी। इसके अतिरिक्त बाद में 28 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल प्रोग्राम होगा और फिर 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट प्रोग्राम होगा। इन सभी कार्यक्रम के लिए अलग-अलग टिकट बुक होगी।

## आईआरसीटीसी का सुंदर सौराष्ट्र पैकेज: अब बजट में करें द्वारका-सोमनाथ के दर्शन



IRCTC सुंदर सौराष्ट्र नामक एक किफायती टूर पैकेज लेकर आया है, जो 7 रात और 8 दिनों में गुजरात के द्वारका और सोमनाथ जैसे प्रमुख स्थलों की यात्रा कराएगा। इस पैकेज में ट्रेन यात्रा, एसी होटल में रहना और भोजन जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जिसकी बुकिंग IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट से की जा सकती है। अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। वैसे तो सोशल मीडिया पर ऐसे कई टूर पैकेज वायरल होते रहते हैं, जिसमें बजट में ट्रिप प्लान करने का ऑफर मिलता है। लेकिन ऑनलाइन वायरल पैकेज पर आसानी से भरोसा भी नहीं किया जा सकता है। अगर आप भरोसमंद टूर पैकेज को सर्च कर रहे हैं, तो आपको बता दें कि IRCTC का टूर पैकेज लेकर आया शानदार ट्रिप का मौका। इस पैकेज को बुक करने के लिए आपको आधिकारिक वेबसाइट से ही करनी है। तो चलिए बिना देर किए आपको इस टूर पैकेज के बारे में बताते हैं।

## चिनाब ब्रिज के साथ इन जगहों को देखें, लिस्ट में मिनी कश्मीर भी है शामिल



अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, जो चेनाब ब्रिज का दीदार करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि अगर आप भी चेनाब ब्रिज देखने के लिए जा रहे हैं, तो यहां आसपास घूमने के लिए कई जगहें हैं।

दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चेनाब ब्रिज चेनाब नदी पर बना है। यह जम्मू-कश्मीर हैं और इस पुल को देखने के लिए लगभर हर कोई बेताब है। हर कोई इस खूबसूरत ब्रिज को देखना चाहता है। अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, जो चेनाब ब्रिज का दीदार करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि अगर आप भी चेनाब ब्रिज देखने के लिए जा रहे हैं, तो यहां आसपास घूमने के लिए कई जगहें हैं।

बता दें कि यहां का नजारा एकदम स्वर्ग जैसा होता है। यहां पर बर्फ से ढके पहाड़ और हरियाली देखने लायक होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो चेनाब ब्रिज के पास हैं। ऐसे में आप कुछ घंटों की यात्रा करके यहां पहुंच सकते हैं।

चेनाब नदी के किनारे बसा एक छोटा सा लेकिन बेहद सुंदर गांव डोडा है। डोडा की पहाड़ियां और साफ हवा आपके मन को शांति देने का काम करती है। एडवेंचर पसंद करने वाले लोग यहां पर ट्रेकिंग और रिवर राफ्टिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

भद्रवाह को मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। भद्रवाह चेनाब नदी के पास है और चारों ओर हरियाली, पहाड़ और सुंदर फूलों से घिरी है। आप यहां पर जई घाटी, सीरी नदी और चेराला आदि एक्सप्लोर कर सकते हैं। भद्रवाह ट्रेकिंग और कैंपिंग के लिए फेमस है। अगर आपको ट्रेक करना पसंद है, तो आपको एक बार भद्रवाह जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

चेनाब ब्रिज से करीब 60 किमी दूरी पर कटरा है। जोकि वैष्णों देवी मंदिर के लिए जाना जाता है। धार्मिक आस्था से जुड़ी यह जगह पहाड़ों की गोद में बसी है। ऐसे में आप चेनाब ब्रिज को एक्सप्लोर करने के बाद वैष्णों देवी के दर्शन के लिए जा सकते हैं।

वैष्णों देवी जाने वाले लोग शिवखोरी जरूर जाते हैं। शिवखोरी गुफा भगवान शिव को समर्पित है और तमाम फेमस तीर्थ स्थलों में से एक है। शिवखोरी चेनाब ब्रिज से करीब 70 किमी दूर है। बता दें कि पटनीटॉप एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां की दूरी चेनाब नदी से ज्यादा नहीं है। यहां आकर आप पैराग्लाइडिंग, बर्फबारी और ट्रेकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। देवदार के पेड़, ठंडी हवा और खुला आसमान इस जगह को बेहद खास बनाते हैं।

## बर्फ से ढकी यमुनोत्री घाटी, हनुमान चट्टी से शुरू करें अपना विंटर एडवेंचर ट्रेक



सर्दियों में चार धाम यात्रा बंद होने पर भी यमुनोत्री के आस-पास की वादियां बर्फ की सफेद चादर से ढक जाती हैं। उत्तरकाशी की यात्रा पर आप हनुमान चट्टी, जानकी चट्टी और बरकोट जैसी खूबसूरत जगहों पर प्राकृतिक सुंदरता और शांति का अनुभव कर सकते हैं। वैसे तो इस समय चार धाम की यात्रा बंद है। वहीं, सबसे पहले आप यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुले हैं। इसके बाद केदारनाथ और फिर बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाते हैं। कपाट बंद होने के बाद भी लोग यहां से आस-पास घूमने के लिए जगहें सर्च करते हैं, क्योंकि सर्दियों में यहां सुंदर नजारा देखने को मिलता है। सर्दियों में ये जगहें और भी खूबसूरत हो जाती है। इस समय तो कपाट बंद होते हैं लेकिन बाद में चार धाम के आस-पास घूमने लायक जगहें खोजते हैं, जहां सुकून, प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शांति एक साथ महसूस होती है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं यमुनोत्री धाम के आस-पास घूमने की शानदार जगहें बताते हैं, जहां आप ट्रिप का प्लान कर सकते हैं।

यमुनोत्री धाम की यात्रा हनुमान चट्टी होते हुए जाती है। यह यमुनोत्री से 13 किमी की दूरी पर स्थित है। डोडीताल ट्रेक भी इसी रास्ते से होते हुए ही लोग जाते हैं। इसलिए डोडीताल के ट्रेक पर जाने वाले लोग हनुमान चट्टी होकर जाते हैं। यह नगर यमुनोत्री के पावन मंदिर की यात्रा मार्ग में स्थित है। श्रद्धालु अपनी यात्रा की शुरुआत इसी स्थान से होकर आगे बढ़ते हैं, इसलिए यहां रुककर स्थानीय दर्शनीय स्थलों को देखकर यात्रा को आगे बढ़ाया जा सकता है।

## भारत का वो सीक्रेट हिल स्टेशन जहां विदेशियों की है नो एंट्री



उत्तराखंड का चकराता एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, लेकिन यह एक उच्च-सुरक्षा वाला सैन्य छावनी क्षेत्र होने के कारण यहां विदेशी नागरिकों का प्रवेश प्रतिबंधित है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील इस इलाके में भारतीय पर्यटकों को भी कुछ नियमों का पालन करना होता है, जैसे प्रतिबंधित जगहों पर फोटोग्राफी न करना।

आमतौर पर भारत में एक ऐसा हिल स्टेशन है, जहां विदेशों नागरिक इस हिल स्टेशन में प्रवेश नहीं कर सकते हैं, यदि विदेशी पर्यटक यहां जाने का प्रयास करेंगे तो उन्हें पहले ही रोक दिया जाएगा। इस जगह की खास बात तो यह है कि ऊंचाई पर चढ़ने से पहले ही, बेरिगेटिंग लगी होती है, जहां आपकी आईडी भी देखी जा सकती है। बता दें कि, यह एक ऑफबीट हिल स्टेशन है, जिसका नाम चकराता है। इस जगह पर यदि किसी विदेशी नागरिक के साथ यहां घूमने का प्लान कर रही हैं, तो पहले ही रुक जाएं। हालांकि, कई लोग नहीं जानते है कि यहां ऐसा क्यों होता है? क्यों इस हिल स्टेशन पर विदेशी नागरिकों का आना मना है। चलिए आपको बताते हैं चकराता के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

यह हिल स्टेशन देश के उच्च सुरक्षा वाली जगह में से एक है। इधर आपको जगह-जगह आर्मी फोर्स भी देखने को मिलेंगी, क्योंकि यह उच्च सुरक्षा वाला सैन्य छावनी क्षेत्र (ष्ड्डठ्ठह्लश्ठ्ठद्वद्गठ्ठह्ल 'श्ठ्ठद्ग) में आता है। आपको बता दें कि, यहां पर भारतीय सेना की टीम राजनीतिक कार्य करती हैं और खुफिया एजेंसियां भी यहां मौजूद है।

चकराता ऊंचाई पर स्थित है और भारत-चीन सीमा के करीब भी पड़ता है, इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के हिसाब से यह संवेदनशील क्षेत्र भी माना जाता है। इसी कारण, यहां पर विदेशी नागरिकों का आना मना है। यदि कोई विदेशी नागरिक, खुफिया बनकर यहां आया, तो खतरनाक हो सकता है।

सिर्फ गृह मंत्रालय की अनुमति के बाद यहां विदेशी नागरिक आ सकते हैं, वरना इसके अलावा गृह मंत्रालय की अनुमति नहीं हैं।

चकराता एक ऐसी जगह है, जहां भारतीय नागरिकों को भी फोटो लेना प्रतिबंध है। कुछ जगहों पर बोर्ड लगे हैं, जहां फोटो वीडियो बनाना सख्त मना है। यदि आप इन बातों को ध्यान नहीं रखती हैं, तो हो सकता है कि आर्मी ऑफिसर को आप पर शक हो जाए। ऐसे में आपको पकड़कर पूछताछ भी हो सकती है और आपसे आईडी प्रूफ भी मांगा जा सकता है। इस बात का ध्यान रखें कि जबां पर फोटो लेने से मना किया गया है, वहां फोने जेब से बाहर ना निकालें।

इस लोकेशन पर आप रात के समय ड्राइव न करें, उजाले में ही होटल ले लें। चकराता पूरा पहाड़ी इलाका है। सड़कें पर ज्यादा चौड़ी नहीं है और मोड़ भी खतरनाक है। यहां पर सड़कों पर लाइटें भी नहीं है, इसलिए आपको यात्रा में परेशानी हो जाएगी। अंधेरा होने से पहले ही कहीं होटल लेकर रुक जाएं।

चकराता में होटल या रिसॉर्ट

# महाबलेश्वर और लोनावला ट्रिप: जेब पर भारी नहीं पड़ा महाबलेश्वर



आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर महाबलेश्वर और लोनावाला हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र के दो बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन लोनावला और महाबलेश्वर हैं। यह दोनों हिल स्टेशन हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। गर्मी हो या मानसून आप किसी भी मौसम में लोनावला और महाबलेश्वर घूमने जा सकते हैं। यह दोनों ही हिल स्टेशन प्रकृति की गोद में समाए हैं। यहां पहुंचकर आप सुकून महसूस कर सकते हैं। यह दोनों ही जगहें बजट फ्रेंडली ट्रिप के लिए बेहतरीन है। अगर आप भी प्रकृति के बीच शांति और थोड़ा सा एडवेंचर करना चाहते हैं, तो आपको महाबलेश्वर और लोनावला ट्रिप एकदम परफेक्ट है। ऐसे में आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर इन दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। साथ ही आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

इन हिल स्टेशनों तक जाने के लिए आप मुंबई या पुणे से यात्रा शुरूकर सकते हैं। मुंबई या पुणे से लोनावला सिर्फ 2 घंटे की दूरी पर है। बस, ट्रेन और कार आप तीनों से ही यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। वहीं अगर आप पुणे से महाबलेश्वर की यात्रा कर रहे हैं, तो आप बस या फिर प्राइवेट टैक्सी के करिए 120 किमी का सफर तय कर सकते हैं। वहीं मुंबई से महाबलेश्वर की दूरी करीब 260 किमी है। मानसून में लोनावला की गए हैं तो आपको भूशी डैम जरूर जाना चाहिए। वहीं बेहतरीन सनसेट व्यू पॉइंट देखने के लिए टाइगर पॉइंट जा सकते हैं। अगर आप भी ट्रैकिंग लवर्स हैं, तो राजमाची फोर्ट बेहतरीन जगह है। वहीं आप लोनावला की ऐतिहासिक बौद्ध गुफाएं कार्ला और भाजा केव्स स्थित है। इसके साथ ही आप पावना झील और लोहेगढ़ किला देखने जा सकते हैं।

महाबलेश्वर की शानदार वादियों का नजारा देखने के लिए आप अरथर सीट पॉइंट को एक्सप्लोर करें। नौकाविहार और खूबसूरत फोटोशूट के लिए वीना लेक जाएं। इसके अलावा महाबलेश्वर मंदिर और एलिफेंट हेड पॉइंट जा सकते हैं। वहीं फिल्मों में दिखने वाले खूबसूरत नजारों का सामने से लुत्फ उठाने के लिए पंचगनीकी टेबललैंड जरूर जाएं। बता दें कि लोनावला में एक हजार से दो हजार रुपए में प्रति रात के लिए अच्छा होम स्टे या होटल मिल जाएगा। वहीं महाबलेश्वर में लॉज, होटल या रिसॉर्ट्स में स्टे के लिए डेढ़ से ढाई हजार रुपए के करीब खर्चा आ सकता है।

कम पैसों में स्टे के लिए आप ऑफ-सीजन में ऑनलाइन बुकिंग से भी सस्ते दामों में रुकने का मौका मिल सकता है।

इन जगहों पर आने के लिए स्थानीय परिवहन पर करीब 2000-3000 रुपए का खर्च आ सकता है।

वहीं इस दौरान 3-4 दिन रुकने के लिए आपको करीब 5000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं पर्यटन स्थलों के टिकट्स और खानपान पर करीब 2000 रुपए का खर्च आ सकता है। इस ट्रिप के लिए प्रति व्यक्ति कुल अनुमानित खर्च 6000-8000 रुपए हो सकता है।

# यूपी फेमस वॉटरफॉल

## इन शानदार वॉटरफॉल्स पर एंट्री है फ्री, फैमिली संग बनाएं पिकनिक का प्लान



उत्तर प्रदेश के झरने न सिर्फ प्रकृति की खूबसूरती को निहारने का मौका देते हैं, बल्कि आपको मानसिक सुकून भी पहुंचाएंगे। ऐसे में आज हम आपको उत्तर प्रदेश के 5 फेमस और खूबसूरत वॉटरफॉल के बारे में बताने जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश अपनी ऐतिहासिक इमारतों, विश्व धरोहरों, धार्मिक स्थलों और दुनिया के सातवें अजूबे के लिए फेमस है। लेकिन यूपी सिर्फ धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के लिए नहीं बल्कि अपनी छुपी हुई प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यूपी में कई खूबसूरत झरने भी मौजूद हैं, जिनको एक्सप्लोर करके आपके मन और शरीर को फिर से तरोताजा कर देगी। ऐसे में अगर आप भी यूपी की खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के यह झरने न सिर्फ प्रकृति की खूबसूरती को निहारने का मौका देते हैं, बल्कि आपको मानसिक सुकून भी पहुंचाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तर प्रदेश ह्यके 5 फेमस और खूबसूरत वॉटरफॉल के बारे में बताने जा रहे हैं।

चंदौली जिले के रॉबर्ट्सगंज के पास दो बेहद खूबसूरत जदारी और देवदारी वॉटरफॉल है। कैमूर की पहाड़ियों के बीच स्थित यह दोनों जुड़वा झरने बेहद मनोरम हैं। यहां पर ऊंचाई से गिरता पानी, शांत वातावरण और हरियाली इस जगह को एक परफेक्ट पिकनिक स्पॉट बनाते हैं। जुलाई से लेकर अक्तूबर तक आप यहां पर आ सकते हैं।

काशी रेलवे स्टेशन से राजदारी वॉटरफॉल 65 किमी दूर है। यहां पर सभी के लिए प्रवेश निशुल्क है। आप बस, ट्रेन, कार या टैक्सी के जरिए यहां पर आ सकते हैं। इसके अलावा जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। राजदारी के पास देवदारी वॉटरफॉल है। आप यहां पर सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे तक घूम सकते हैं। वहीं यहां पर स्टे के लिए रिसॉर्ट भी है, जहां पर पर्यटक रुक सकते हैं। राजदारी की तरह देवदारी वॉटरफॉल में भी एंट्री फ्री है।

बनारस के करीब 55 किमी दूर विंध्याचल पर्वतमाला में लखनिया वॉटरफॉल है। यहां पर एंट्री के लिए आपको 50 रुपए देने होंगे। यह झरना सुरम्य जंगल के बीच मौजूद है। मानसून में यह झरना बेहद खूबसूरत नजर आता है। आप यहां पर पहुंचकर प्रकृति की आवाजें जैसे पानी की गर्जना, पक्षियों की चहचहाहट और पत्तों की सरसराहट सुन सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर ट्रेकिंग और फोटोग्राफी भी कर सकते हैं। बनाकरस मंडल में मौजूद सोनभद्र जिला बेहद खूबसूरत है। यहां ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक जगहों के खूबसूरत नजारों का आनंद ले सकते हैं। सोनभद्र में रिहंद नदी पर 35-40 फीट ऊंचा सोनभद्र वॉटरफॉल है। मानसून में सोनभद्र की प्राकृतिक सुंदरता देखते रह जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में ललितपुर जिले में बेहद खूबसूरत तुगलपुर झरना है। कम भीड़भाड़ वाला यह वॉटरफॉल ट्रैकिंग और कैंपिंग प्रेमियों के लिए शानदार डेस्टिनेशन है। गर्मियों में यहां की ठंडी फुहारें आपको सुकून देती हैं। अब तक बहुत कम लोगों को भी इस वॉटरफॉल के बारे में पता है। आपको यहां की शांति और सुंदरता आपको पसंद आएगी।

# प्रायोगिक ज्ञान से विकसित होती है वैज्ञानिक तार्किक सोचः कुलपति

**कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने किया साइंस बस प्रदर्शनी का उद्घाटन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर परिसर में विद्यार्थियों को विज्ञान से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शनिवार को हुई।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ÷साइंस बस प्रदर्शनी÷ का उद्घाटन विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा किया गया। यह साइंस बस प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में एक माह तक संचालित की जाएगी।जिससे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को विज्ञान के प्रयोगात्मक और व्यावहारिक पक्ष को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।

साइंस बस प्रदर्शनी में आई.आई.टी. कानपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान से जुड़े विभिन्न प्रयोगों एवं आधुनिक उपकरणों की जानकारी अत्यंत रोचक एवं सरल तरीके से दी जा रही है। प्रदर्शनी में टेलीस्कोप, 3-डी प्रिंटर, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान से संबंधित अनेक प्रयोगों का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसे विद्यार्थी बड़े उत्साह और जिज्ञासा के साथ देख रहे हैं। इन प्रयोगों के माध्यम से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने के साथ-साथ उनके वैचारिक और विश्लेषणात्मक कौशल को भी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, नवाचार की प्रवृत्ति तथा तार्किक सोच के विकास में प्रायोगिक ज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। साइंस बस जैसी पहल विज्ञान को पुस्तकों की सीमाओं से बाहर लाकर विद्यार्थियों के दैनिक जीवन से जोड़ती हैं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय का यह निरंतर प्रयास रहा है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों के युवाओं तक विज्ञान की पहुँच सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया जाए। डीएसटी पर्स परियोजना एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश का यह सहयोग विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सामाजिक दायित्वों को और अधिक सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को केवल परीक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और समस्याओं के समाधान हेतु नवाचारी सोच विकसित करने के लिए प्रेरित करती हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि साइंस बस प्रदर्शनी के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में एक माह तक विज्ञान-प्रचार की गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी, जिसमें विश्वविद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं के साथ प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. मिथिलेश सिंह, उप कुलसचिव बबीता सिंह, डॉ. एस. पी. तिवारी, डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. काजल डे, डॉ. सुजीत चौरसिया सहित शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेम प्रकाश का 71वां का जन्मोत्सव मना



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आरके ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की स्थापना दिवस एवं संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव की 71 में जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर आरके आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम हाल में कार्यक्रम का किया गया आयोजन जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री नंदकिशोर यादव पूर्व सांसद,श्री राम दर्शन यादव पूर्व विधायक, एवं श्री हरिश्चंद्र द्विवेदी पूर्व प्राचार्य टाउन इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद उपस्थित रहे इन सभी अतिथियों का स्वागत चेयरमैन डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव द्वारा पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र देकर किया गया डॉ प्रेम प्रकाश यादव एवं मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया संस्थाओं की छात्रा-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और उपस्थित वक्ताओं के द्वारा संस्थापक चेयरमैन प्रेम प्रकाश यादव के जीवन से संबंधित वृतांतों का वर्णन किया गया और उनको एक कर्म योगी की संज्ञा दी गई विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी लगभग 400 लोगों को कंबल वितरण किया गया आगंतुक अतिथियों के द्वारा मच संचालन शशांक एवं सबा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के निदेशक डॉ विशाल कुमार यादव ने किया उक्त अवसर पर सभी संस्थाओं के प्राचार्य समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में एम्स जैसे अस्पताल की अति आवश्यकताः उज्जवल



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह व पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह कल माघ मेला का भ्रमण कर साधु संतों संयासी कल्पवासियों से मुलाकात कर उनकी सुविधाओं समस्याओं से मुखातिब हुए। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह महंत सतुआ बाबा के आश्रम में पहुंच कर बाबा जी से कहा कि प्रयागराज में चिकित्सा व्यवस्था नगण्य हैं ऐसे मे मेरे प्रयास के साथ आप भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने सम्बधों का लाभ लेते हुए एक एम्स जैसा अस्पताल में प्रयागराज में लाने की कोशिश करें जिससे आसपास के दस-पंद्रह जिले लाभांवित होंगे। महंत सतुआ बाबा ने सांसद के प्रयास कि सराहना किया और कहा कि मैं आपके प्रयास में सहयोगी बनूंगा। प्रतिनिधि ने बताया कि महंत सतुआ बाबा ने पुरानी बात स्मरण कर कहा कि 2012 के महाकुंभ में जमीन सुविधा के लिए मैं तत्कालीन सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह के पास गया था उन्होंने तत्कालीन मेला अधिकारी प्रज्ञान राम मिश्रा को काल किया और मुझे पूरी सुविधा मिली और कुंवर साहब ने गंगा की कि अविरलता पर भी बहुत ही सराहनीय प्रयास किया है। प्रतिनिधि ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपने मंच से खुले मन से प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने गाय को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए जो आवाज लोकसभा में उठाई उसकी गूंज पूरे देश में गूंज रही हैं यह प्रयास रंग लायेगा।

# समाजसेवी प्रेम प्रकाश सिंह ने गरीबों को वितरित किये कम्बल

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर, बक्शा।** समाजसेवी प्रेम प्रकाश सिंह और पंजाबी सिंह ने शनिवार को बक्शा के गढ़ासेनी और सिकरारा के ककोहियां गांव में गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान कुल 400 परिवारों को गर्म कंबल दिए गए, जिससे उन्हें कड़ाके की ठंड से राहत मिली।

यह कार्यक्रम गढ़ासेनी गांव में और ककोहियां में समाजसेवी प्रेम प्रकाश सिंह के आवास के पास साईं बाबा मंदिर पर आयोजित किया गया। ककोहियां निवासी प्रेम प्रकाश सिंह ने अपनी उपस्थिति में बक्शा ब्लॉक के गढ़ासेनी गांव में 100 कंबल और ककोहियां गांव में 300 कंबल वितरित किए।

कंबल मिलते ही जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के कारण रात भर नींद नहीं आती थी, लेकिन अब उन्हें काफी राहत मिलेगी। समाजसेवी प्रेम प्रकाश सिंह ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ठंड का यह मौसम किसी गरीब या असहाय व्यक्ति के लिए परेशानी का कारण न बने। उन्होंने यह भी बताया कि वे पिछले दस वर्षों से लगातार समाज की सेवा कर रहे हैं और हर साल ठंड में जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित करते हैं। उन्होंने इसे केवल कंबल वितरण नहीं, बल्कि अपनी संवेदना और जिम्मेदारी का प्रतीक बताया।

समाजसेवी पंजाबी सिंह ने जानकारी दी कि कड़ाके की ठंड और बर्फीली हवाओं में जीवन यापन कर रहे गरीब परिवारों को ऊनी गर्म कंबल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे लगातार जनकल्याणकारी और मानवीय संवेदना के प्रति जागरूक होकर सामाजिक कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर समाजसेवी प्रेम प्रकाश सिंह, पंजाबी सिंह, रोहित यादव, शेषमणि पांडेय, अशोक कुमार सिंह, स्वामीनाथ पांडेय, इन्द्रजीत गौतम, राजन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रधान ज्योति यादव, प्रधान पति अरुण यादव, सत्यप्रकाश शुक्ला, संतोष सिंह, अनुपम यादव, मंटू यादव और वंदना यादव भी उपस्थित रहे।

## बक्शा में पुलिस कर्मियों को मिला महाकुंभ सेवा मेडल

**जौनपुर। (बक्शा)** स्थानीय थाना क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मी को प्रयागराज ड्यूटी के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ प्रयागराज 2025 में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित किया है। यह सम्मान पुलिस कर्मियों के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देता है। इसी क्रम में बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने शुक्रवार को थाने पर तैनात उपनिरीक्षक और महिला आरक्षी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को यह मेडल प्रदान किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री ने स्वयं महाकुंभ सेवा मेडल से इन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। विश्व के सबसे बड़े समागम महाकुंभ प्रयागराज का आयोजन विभिन्न आयोजनों में अद्वितीय रहा है। इसके सफल आयोजन के परिणाम स्वरुप इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा मिली है। सुरक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों में उपनिरीक्षक राममिलन तिवारी, स्वामीनाथ यादव, महिला आरक्षी अंकित पटेल, राजू सिंह और धीरेंद्र यादव शामिल है इन्हें विशेष रूप से महाकुंभ सेवा मेडल से नवाजा गया है।

# वॉलीबाल व लम्बी कूद प्रतियोगिता में येलो हाउस रहा अव्वल



अवधनामा संवाददाता

**सभी खेलो में येलो हाउस ने मारी बाजी, विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित**

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। समारोह में विजेता खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा एक से लेकर बारह तक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। वॉलीबॉल, लम्बी कूद, क्रिकेट, रस्साकशी, खो-खो और कबड्डी आदि खेलों में चारों हाउसों में येलो, ब्लू, ग्रीन और रेड के खिलाड़ियों में जबरदस्त मुकाबला हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में येलो हाउस ने ब्लू हाउस को हराकर विजेता बना, जबकि लम्बी कूद में येलो हाउस ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में रेड हाउस ने येलो हाउस को हराकर विजेता बना, कबड्डी में ब्लू हाउस विजेता रहा, खो-खो में येलो हाउस विजेता रहा, और क्रिकेट में येलो और रेड हाउस की टीमों ने बाजी मारी।सभी खेलों में येलो हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय और रेड हाउस तृतीय स्थान पर रहा। बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड आयुषी गुप्ता, शिवम विश्वकर्मा, अनुपम सिंह, अव्दिका दूबे और अनुज को मिला। उदयमान खिलाड़ियों अवार्ड ऋषभ मौर्य सिंह और अन्वी दुबे को दिया गया।विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य शिव चंद्र तिवारी, रमेश चंद मिश्रा और आदित्य गुप्ता ने संयुक्त रूप से शील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रेफरी अभिषेक तिवारी, नीरज मिश्रा और सुशील पाण्डेय तथा कोच रंजीत गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा, सुभाष मिश्रा, इंद्रजीत, अजीत सिंह, जगत यादव, प्रीति जायसवाल और ज्ञान आदि लोग मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या पर उमड़ेगी करोड़ों की भीड़

**माघ मेले में सुरक्षा के खास इंतजाम**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** माघ मेले के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर संगम में उमड़ने वाली करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना के मद्देनजर पुलिस ने मेला क्षेत्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि हर स्तर पर सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती कर निगरानी को और मजबूत किया गया है। ताकि स्नान पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

मेला क्षेत्र की सुरक्षा को तीन अलग-अलग घेरों में विभाजित किया गया है। सबसे बाहरी घेरे में स्थानीय पुलिस बल की तैनाती की गई है, जो शहर और मेला क्षेत्र की सीमाओं पर लगातार चेकिंग कर रहा है। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दूसरे घेरे में पीएसी और आरएएफ के जवान तैनात किए गए हैं। ये लगातार पैदल और वाहन पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

भीड़ नियंत्रण, घाटों की सुरक्षा और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जवानों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सबसे तीसरा और संवेदनशील सुरक्षा घेरा संगम नोज पर बनाया गया है। यहां पुलिस, एनडीआरएफ और पीएसी की संयुक्त टीमें तैनात हैं। संगम क्षेत्र में प्रवेश पूरी तरह नियंत्रित कर दिया गया है और श्रद्धालुओं की आवाजाही पर लगातार नजर रखी जा रही है। पूरे क्षेत्र की निगरानी ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है।

मौनी अमावस्या को देखते हुए मेला क्षेत्र में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के जवानों को भी तैनात किया गया है। खुफिया एजेंसियां लगातार इनपुट जुटा रही हैं और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा और जाम से बचने के लिए यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं। ई-रिक्शा, ऑटो और अन्य सवारी वाहनों का कई मार्गों पर आवागमन प्रतिबंधित किया गया है।

मिर्जापुर और रीवा की ओर से आने वाले सवारी वाहनों को लेप्रोसी चौराहे पर ही रोक दिया जा रहा है और शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। अन्य प्रमुख मार्गों पर भी डायवर्जन लागू किया गया है।

वही प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे तय मार्गों का ही उपयोग करें, अनावश्यक भीड़ न लगाएं और सुरक्षा बलों का सहयोग करें। ओर पुलिस आयुक्त डॉ. अजयपाल शर्मा ने बताया कि मौनी अमावस्या का स्नान पर्व पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिव्यांग मतदाता जागरूकता हेतु गठित कमेटी की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में दिव्यांग मतदाता जागरूकता हेतु गठित कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में दिव्यांग मतदाताओं की विकलांगता के प्रकार सहित मतदान केंद्रवार मैपिंग सुनिश्चित करना और दिव्यांग मतदाताओं के अद्यतन डाटा का रख-रखाव, दिव्यांगजन का नाम मतदाता सूची में अंकित है परन्तु ईआरओ नेट पर टैगिंग नहीं है, उनकी टैगिंग कराना, जिन दिव्यांग मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है उनका चिन्हांकन कर मतदाता सूची में सम्मिलित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना और इस कार्य हेतु फार्म-6 भरा जाना, दिव्यांगजनों हेतु सक्षम बाधा-मुक्त वातावरण बनाना जिसमें सुलभ मतदान केंद्र शामिल हो और सुलभ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाने, जिला स्तर पर स्वीप के माध्यम से दिव्यांगजनों के विशेष सुविधाओं हेतु विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला को निर्देशित किया कि ऐसे दिव्यांग पेंशन के लाभार्थी जिनका नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नही है उन्हे चिन्हित करते हुए उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करवायें तथा जिन दिव्यांगजन का नाम मतदाता सूची में अंकित है, परन्तु ईआरओ नेट पर टैगिंग नहीं है, उनकी टैगिंग सम्बन्धित ईआरओ/एईआरओ से समन्वय करते हुए कराना सुनिश्चित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में मतदाता सूची में सम्मलित कुल मतदाताओं में 0.88 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सपा राकेश मौर्य, जिलाध्यक्ष बीएसपी संग्राम भारती, उपाध्यक्ष कांग्रेस राकेश सिंह ''डब्बू, बीजेपी से सुर्दशन सिंह, सीपीआईएम से किरन शंकर रघुवंशी, अपना दल एस से लाल बहादुर पटेल, आप से सुबाष चन्द्र गौतम, कांग्रेस से अली असांरी, बीजेपी से स्कन्द पटेल, पीयुष, सहित अन्य राजनैतिक दल के सम्मानित प्रतिनिधिगण, उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, स्वीप कोर्डिनेटर मो0 मुस्तफा, जेसीआई चेतना से सरला माहेश्वरी और अंशिका, लायंस क्लब से संजीव साहू, डा0 सूरज जायसवाल, रोटरी क्लब से विवेक सेठी, रचना विशेष विद्यालय से डा0 संतोष कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दही चूड़ा भोज का आयोजन किया गया



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** जाति वाद,ऊंच नीच, छुआछूत के विरुद्ध निरन्तर अभियान चलाते हुए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भारत रक्षा दल द्वारा मकर संक्रांति पखवारा में आज रिक्शा स्टैंड कलेक्ट्रेट पर दही चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। भोज के आयोजन में लगे संगठन के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि भारत रक्षा दल द्वारा अपने स्थापना काल से ही प्रत्येक वर्ष छुआ छूत ऊंच,नीच के भाव के विरुद्ध निरन्तर खिचड़ी भोज कराया जाता है,इस वर्ष भी हम सभी ने÷ दाना बांट कर, तब दाना खाएं÷ अभियान चलाते हुए आज इस सह भोज का आयोजन कर रहे हैं,जिसमें करीब 700लोगों ने उत्साहित होकर दही चूड़ा,लाई गुड़ गट्टे का आनंद लिया है, हमारा यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में भी खूब चल रहा है, हम लोग 15 जनवरी से 30 जनवरी तक मकरसंक्रांति पखवारा चलाते हैं जिसमें वस्त्र दान, अन्न दान, आदि कार्यक्रम आयोजित करते हैं, आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिमांशु सिंह, दीपक जयसवाल, जावेद अंसारी, हरेंद्र यादव, केशव सोनू, सोनू पंडित, शिवम बरनवाल, सोनू पण्डित, दुर्गेश श्रीवास्तव, राजन, धीर जी, मो.अजीज, शिव जयसवाल, राजेश, द्वारिका,प्रतीक मोदनवाल आदि कार्यकर्ताओं ने भागीदारी किया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र–2**

**विषयः निविदा प्रपत्र संख्याः 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा–02 का शुद्धि पत्र। सन्दर्भः निविदा सूचना संख्याः 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा–02 दिनांक 05.01.2026 खुलने की तिथिः 03.02.2026। कार्य का नामः** अपग्रेडेशन ऑफ टॉयलेट्स इन 580 नंबर्स एलएचबी नॉन एसी कोचेस विथ एफआरपी मॉडुलर टॉयलेट्स ऐट आलमबाग वर्कशाप जगाधरी वर्कशॉप एंड कोचिंग डिपॉस ऑफ एनआर। उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा प्रपत्र में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है।

| Clause | Description |
|---|---|
| Tender Closing Date and Time | Up to 15:00 Hrs. on 12.03.2026 |
| Clause 5 under section (iv) General Condition of contract of Master Tender Document | **New Pre-Bid Conference date-** 19.02.2026 at 11:00 hrs.; **Link for Pre bid meeting- https://calendar.app.google/TyeAbXNhGrftiTBDA** |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धि पत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।

**सं.: 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा–02**
**दिनांकः 17.01.2026** **188/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-सिग/टेंडर/54/2025-26 |
| कार्य का नाम | प्रोवीसन ऑफ डिजिटल एक्सेल काउंटर इन lieu ऑफ obsolete यूनिवर्सल फॉर ट्रैक सर्किट ओवर लखनऊ डिवीजन। |
| अनुमानित लागत | रु. 2,40,92,189.39/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,70,500.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.02.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–सिग/टेंडर/54/2025–26 दिनांक 16.01.2026 **178/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पर्यटन मंत्री के आदेश पर तुरंत मिला बिजली कनेक्शन

**जनता दर्शन में मंत्री जयवीर सिंह का सख्त रुख**

**बिल के नाम पर उपभोक्ता न हों परेशानः जयवीर सिंह**

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जनता दर्शन के दौरान जब पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख सुजरई नि. बैभव गुप्ता ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसने नये विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया था परंतु उप खंड अधिकारी कुरावली ने माता जी के नाम विद्युत बिल बकाया की धनराशि जमा करने के उपरांत विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने को कहा, मेरे द्वारा बकाया विद्युत बिल रु. 40 हजार जमा कर दिए गए तद्उपरांत एस.डी.ओ. द्वारा प्रार्थी के भाई पर विद्युत बकाया धनराशि भी जमा करने को कहकर विद्युत कनेक्शन स्वीकृत नहीं किया जा रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने उप खंड अधिकारी विद्युत कुरावली को दूरभाष पर तत्काल विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने के आदेश देते हुए कहा कि किसी भी उपभोक्ता को नए विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल के कारण असुविधा का सामना न करना पड़े, तत्काल आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कर नये विद्युत कनेक्शन स्वीकृत किए जाएं, उपभोक्ताओं को समय से विद्युत बिल उपलब्ध कराये जाएं, विद्युत बिलिंग व्यवस्था में सुधार किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण से कहा कि प्रस्तावित नवीन बाईपास के निर्माण का कार्य तत्काल प्रारंभ करायें ताकि शहर वासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जो भी नवीन सड़कें स्वीकृत हो चुकी है, उन पर भी शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाए, जिन मार्गों की स्वीकृति शासन स्तर पर लंबित है, उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए ताकि शासन स्तर से तत्काल धनराशि अवमुक्त कराई जा सके। पर्यटन मंत्री ने कहा कि अनाधिकृत कब्जों की शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रही हैं, सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए, कमजोर वर्ग के लोगों की भूमि पर कोई दबंग काबिज न हो, धारा-67 के आदेश के बाद बेदखली की कार्यवाही मे किसी भी स्तर पर विलंब न हो। उन्होंने कहा कि जन-शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जा रही है इसलिए सभी अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मान जन-शिकायतों का निदान करें, आमजन की शिकायतों का भी त्वरित गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया जाए, किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। जन-सुनवाई के दौरान ग्राम मिटावली कलां नि. अजय चौहान, श्याम मोहन, रणवीर सिंह ने भूमि की पैमाइश कराने, ग्राम भगवतीपुर नि. शंकर लाल ने भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने, डी.एन. नगर नि. सेवानिवृत्त रामौतार दुबे ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति की धनराशि का भुगतान कराये जाने, मु. छपट्टी नि. सौरभ भदोरिया, रघुनंदन सिंह ने रकवा पूर्ण कर कब्जा, दखल दिलाए जाने, ग्राम औड़ेन्य मंडल नि शबनम ने ससुरालीजनों द्वारा उत्पीड़न किए जाने, जयपाल, बलवीर, मनोज, गोविंद गिरी, गिरीश, मनोहर, दिनेश आदि ने राम-लक्ष्मण जानकी मंदिर के मार्ग को पक्का कराये जाने की मांग अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से की, जिन्हे सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल गुणवत्तापरक निराकरण हेतु उपलब्ध कराया।

# संत सेवा और गो-सेवा के लिए बेच दी थी संपत्ति

**स्वामी हरीश्वरानंद तीर्थ महराज के प्रपौत्र अरविंद स्वामी जोशी ने बताया अनोखा किस्सा**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** संगम के रेतीली धरा पर अनवरत दान-पुण्य का सिलसिला जारी है। यहां एक ऐसा मठ भी डेरा जमाए है, जिसके किस्से सुनकर आप भी हैरान हो जाएंगे। संतों और गाय की सेवा के लिए तकरीबन 200 करोड़ की सम्पत्ति बेच दी गई थी।

सेक्टर छह स्थित श्री स्वामी डूंग जी महाराज संस्थान (भूरा मठ) के संचालक और दंडी समाज के प्रवक्ता विद्यामार्तंड अरविंद स्वामी जोशी बताते हैं कि वह पिछले 134 वर्षों से संपूर्ण पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में अन्नक्षेत्र का संचालन कर रहे हैं। इस समय वह माघ मेला में अन्नक्षेत्र का संचालन कर रहे हैं। इसमें काफी संख्या में संतों और गरीब-असहायों को भोजन प्रसाद वितरित किया जाता है। वह बताते हैं कि उन्होंने यह सीख स्वामी हरीश्वरानंद तीर्थ (हुकुमानंद जी) से प्राप्त की है। 106 वर्ष के जीवनकाल में उन्होंने गोवंश की हत्या रोकने के लिए अपने सभी आश्रमों तक को बेच दिया। इसमें काशी में पांच भवन आश्रम के अलावा चित्रकूट, हरिद्वार, बृजघाट, कोलकाता, रिसड़ा और प्रयागराज के आश्रम शामिल हैं। इसके साथ ही वह संतों की लगातार सेवा भी कर रहे हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी पीड़ितों कि फरियाद, निस्तारण के दिए निर्देश

**पडरौना तहसील में 54 मामलों में से मात्र 06 का निस्तारण**

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** शनिवार को पडरौना तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण का निर्देश दिए सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के गांवों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

जिलाधिकारी श्री तंवर ने एक-एक कर सभी प्रार्थना पत्रों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्रों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस से जुड़े मामलों में पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 54 मामले प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग के 31, पुलिस विभाग के 12, विकास विभाग के 08, अन्य विभागों के 03 प्रकरण शामिल रहे। इनमें से मौके पर ही राजस्व विभाग के 06, मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष 48 प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत डीएम ने दिलाई शपथ

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील दिवस पडरौना में उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारी एवं आम जनमानस को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाया गया साथ ही हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर कर किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पीयूष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्द्र प्रकाश, बीएस राम जियावन मौर्य, उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी ऋषभ पुंडीर सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उर्द और मूंग के मिनीकिटों के लिए 420 किसानों ने कराई है आनलाइन बुकिंग

**अमेठी।** जायद-2026में दलहनी फसलों के बीजों के मिनी किट का वितरण लाटरी सिस्टम से कराया जाएगा।लाटरी सिस्टम के लिए डी डी ओ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में संचालित विभिन्न केन्द्रीय एवं राज्य सेक्टर की योजनाओं के तहत ई-लाटरी के माध्यम से मिनीकिट वितरण हेतु जनपद स्तर पर समिति का गठन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। गठित समिति द्वारा जायद-2026 में दलहनी फसलों के बीज (उर्द एवं मूंग बीज मिनीकिट) किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित ई-लॉटरी का कार्य 19 जनवरी को विकास भवन सभागार, गौरीगंज में पूर्वान्ह 11 बजे किया जायेगा तथा जायद-2026 में दलहनी फसलों के बीज उर्द बीज के 180 मिनीकिट एवं मूंग बीज के 80 मिनीकिट के सापेक्ष जनपद में किसानों द्वारा क्रमशः 331 एवं 89 ऑनलाइन बुकिंग की गयी है।

# दरगौली के मुशहर बस्ती में बुनियादी सुविधाओं का टोटा



मुशहर बस्ती में वर्षों से खराब पड़ा मार्का हैंड पंप



मुशहर बस्ती में टूटी फूटी सड़के

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती के लोगों ने बीडीओ को पत्र देकर शासन द्वारा सुविधाओं को मुहैया कराने की मांग की**

**खड्डा, कुशीनगर।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम सभा दरगौली की मुशहर बस्ती बैरियहवा टोला में सड़क पानी आदि मूल सुविधाओं से जनता परेशान हैं। जनप्रतिनिधि ने जो इनको सड़क भी दी वह भी जर्जर हो चूका हैं। अब इनके इलाज के लिए सरकार के एम्बुलेंस भी गांव में जाने के लिए हिचकिचा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी को पत्रक देकर अपनी मूल समस्याओं को ठीक करने कि मांग कि हैं।

बता दें कि उपरोक्त गांव बस्ती अपनी मूल सुविधाओं के अभाव में चिंतित हैं। कहने के लिए इस बस्ती में लगभग 80 मुशहर परिवार निवास करते हैं। लेकिन इनकी मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, पानी आदि सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। रुदल, फूलबदन, लालचंद, जोखू, अशर्फी, मोहन साधू के घरों के सामने से गुजरने वाली इंटरलॉकिंग सड़क पूरी तरह खराब हैं। जिसके वजह से एम्बुलेंस गांव में आने से कतराती है। इससे मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता हैं। बस्ती में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप कि बात किया जाय तो पिछले दो माह से खराब है। लेकिन ठीक करने के लिए गांव के जिम्मेदार अपनी आंखे बंद कर रखे हैं। जिस वजह से महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए भटकना पड़ता हैं। गांव के लोगों ने इन सभी मूल सुविधाओं को तत्काल उपलब्ध करने की मांग कि हैं। खंड विकास अधिकारी खड्डा प्रहलाद सिंह ने बताया कि मुशहर बस्ती की बुनियादी सुविधाओं को शासन स्तर से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

# नालियों में भरा गंदा पानी, संक्रमण का खतरा

**नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के कोटवा बाजार से कोहरगड्डी मार्ग का मामला**

अवधनामा संवाददाता



**खड्डा, कुशीनगर।** ब्लॉक नेबुआ नौरंगिया के कोटवा बाजार से कोहरगड्डी जाने वाली मार्ग पर पूर्व प्रधान के दुकान के सामने नालियों की गंदा पानी की जमाव से गंदा पानी गलियों और सड़कों पर फैल रहा है। हालात यह हैं कि राहगीरों के साथ गांव वालो को इसी दूषित पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

बता दें कि कोटवा बाजार से कोहरगड्डी जाने वाली मार्ग पर चौराहे से लगभग पचास मीटर आगे ग्राम सभा के नालियों का पानी सड़कों पर जमा होने से दुर्गंध फैल रहा है और मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव के निवासी अरबाज, मुबारक आदि ने बताया कि ग्राम प्रधान नाली को बनाए और यही बसे निवासियों के बीच नाली बनवाकर छोड़ दिए। गांव के सफाई कर्मी भी समय से नहीं आते और अपनी जिम्मेदारी का ठीक से निर्वाह नहीं करते। जिसके वजह से गांव का पूरा गंदा पानी बह कर यही इकट्ठा हो जा रहा है। और सदैव बजबजा रहा है। जिससे डायरिया नामक संक्रमण बीमारियों को फैलने का दावत दे रहा है। वहीं, पास में स्थित दुकानदार एवं पिपरिया के पूर्व ग्राम प्रधान अनिल यादव ने बताया कि घरों के सामने हमेशा गंदा पानी भरा रहता है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। इस सम्बन्ध में ब्लॉक कर्मचारियों को भी शिकायत की गई लेकिन अनसुना किया जा रहा है। अब गांव के लोग इसी कार्य के लिए खंड विकास अधिकारी के कार्यालय को घेराव करेंगे और जिलाधिकारी से शिकायत करने के लिए मजबूर होंगे। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव के मोबाइल पर सम्पर्क करना चाहा गया लेकिन स्विच ऑफ होने के कारण बात नहीं हो सकी है।

# पुलिस ने नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वालम्बन हेतु महिलाओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** एसएसपी सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलायें जा रहे अभियान के तहत एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी एवं थानाध्यक्ष ढेबरूआ नरायन लाल श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में शनिवार को मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केन्द्र, बहू-बेटी सम्मेलन एवं नये कानून के सम्बन्ध में अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम खैरहनिया में चौपाल लगाकर महिलाओं की संख्या 42 और बालिकाओं संख्या 08, दहेज उत्पीड़न व 03 नये कानून के बारेऔ में एवं केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजना जैसे कि सुमंगला कन्या योजना, वृद्धा पेंशन योजना, किसान सम्मन निधि योजना, विधवा पेंशन योजना, शहरी व ग्रामीण आवासीय योजना, महिला सशक्तिकरण सम्बन्धी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न हेल्पलाइन नम्बर, कानूनों की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये अभियान के तहत जागरुक किया गया महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन,102 स्वास्थ्य सेवा के बारें में जानकारी दी गई। इस दौरान थाना ढेबरुआ की मिशन शक्ति टीम में उप निरीक्षक कुंज बिहारी तिवारी, महिला कांस्टेबल मीरा रानी व महिला कांस्टेबल श्रद्धा त्रिपाठी उपस्थित रहीं।

# अभिभावकों से मिलकर बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए किया प्रेरित

**बीआरसी में बीईओ की अध्यक्षता में शिक्षकों का मासिक बैठक संपन्न**

अवधनामा संवाददाता



बीआरसी में बैठक को संबोधित करते बीईओ

**मथौली, कुशीनगर।** बीआरसी मोतीचक सभागार में शनिवार को खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश नारायण मिश्र की अध्यक्षता में विकास खंड के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक संपन्न हुई। बीईओ ने समस्त प्रधानाध्यापकों से अपील करते हुए कहा कि अविभावकों से मिलकर बच्चों को प्रति दिन स्कूल आने के लिए प्रेरित करते रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक मुकेश नारायण ने कहा कि शासन के मंशानुरूप विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण बना रहना चाहिए। जर्जर भवन, अधूरी बाउंड्री वाल, छात्र-छात्राओं के उपस्थित पर विशेष ध्यान देना व 6 से 14 वर्ष आयु के बच्चे नामांकन से दूर न रहें इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर समझौता न हों। बैठक में यू डायस के पेंडिंग कार्य, एमबी यू, छात्रों का प्रोग्रेशन, सामुदायिक सहभागिता, गुणवत्ता शिक्षा, निपुण भारत मिशन, पीएम पोषण योजना, आधार कार्ड, मानव संपदा और 27 जनवरी से होने वाले डीएलएड प्रशिक्षु आकलन पर चर्चा हुई। बैठक में एआरपी वरुणेश, सत्येंद्र प्रताप सिंह व आधार राम ने निपुण भारत की बारीकियों को बताया।

इस मौके पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री मोलई प्रसाद प्रजापति, मंत्री राधेश्याम वर्मा, दीपेश सिंह, मुन्ना सिंह, मतीउल्लह, महेंद्र प्रसाद, शाह आलम, नाजरीन तारा, मंजू देवी, संजय जायसवाल, फखरे आलम, ब्यास मुनि सिंह, मुन्ना प्रसाद सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

# सब्जी मंडी में हुए विवाद को लेकर व्यापारियों ने जाम किया सड़क



अवधनामा संवाददाता

**आरोपी पर असलहा लहराने का आरोप, पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन**

**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही स्थित न्यू पाल सब्जी मंडी में सब्जी व्यवसाई के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी और हथियार लहराने की घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आजादनगर वार्ड निवासी सब्जी व्यवसाई प्रिंस गुप्ता पुत्र ओंकारनाथ गुप्ता की न्यू पाल सब्जी मंडी में दुकान है। शुक्रवार की सुबह लगभग नौ बजे एक ऑटो चालक रफीक उनकी दुकान से सब्जी लोड कर रहा था। इसी दौरान स्थानीय अनुराज सिंह पुत्र लंकेश सिंह एवं कृष्णा अथर्व सिंह सहित 4-5 अन्य लोग मौके पर पहुंचे और वाद-विवाद के बाद मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर आरोप है कि हमलावरों ने प्रिंस गुप्ता पर भी लोहे की रॉड से हमला किया और बाद में रिवॉल्वर लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। आसपास के व्यापारियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। घटना से नाराज व्यापारियों ने मंडी क्षेत्र में सड़क जाम कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अनिल शर्मा ने पीड़ित का प्रार्थना पत्र लेकर मामले में कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद व्यापारियों ने जाम समाप्त कर दिया।

# सात वर्ष सेवा देने वाले सुरक्षा कर्मियों को बाहर निकालने की साजिश

**मेडिकल कालेज में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मामला**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित मेडिकल कालेज अपने दायित्व से भटकता हुआ दिख रहा है। जहां लोगों की जिन्दगी बचाना उद्देश्य है, वहीं गरीब कर्मचारियों की रोज़ी-रोटी पर सुनियोजित हमला किया जा रहा है। सबब यह है कि मेडिकल कालेज में वर्ष 2019 से लगातार ड्यूटी निभा रहे तकरीबन एक दर्जन आउटसोर्सिंग सुरक्षा कर्मियों को हटाने की गहरी साजिश ने सिस्टम की संवेदनहीनता को नंगा कर दिया है।

आरोप है कि प्राचार्य मेडिकल कॉलेज के इशारे पर पुराने व अनुभवी कर्मचारियों को जबरन बाहर करने की तैयारी चल रही है, ताकि नई भर्ती के नाम पर खेल खेला जा सके। आरोप है कि जनवरी माह से कर्मचारियों के नाम हाजिरी रजिस्टर से जानबूझकर गायब कर दिया गया, जो सीधे-सीधे सेवा समाप्ति की भूमिका है।

**शिकायतों पर प्रशासनिक चुप्पी**

बताया जाता है कि अपने हक के लिए जूझ रहे ये आउट सोर्सिंग कर्मचारी 14 अक्टूबर 2024 को पूर्व जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी थी उससे पहले 29 मार्च 2023 को भी इन कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं। सवाल यह है कि क्या आउटसोर्सिंग कर्मचारियों अधिकार सिर्फ कागज़ों तक सीमित हैं?

कहना ना होगा कि कोरोना काल में जब पूरा देश घरों में कैद था, तब यही सुरक्षा कर्मी जान जोखिम में डालकर अस्पताल की सुरक्षा में तैनात रहे। शासनादेश स्पष्ट हैं कि कोविड काल में सेवा देने वालों को संरक्षण और प्राथमिकता दी जाए, लेकिन कुशीनगर में उन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें प्रतिदिन यह कहकर डराया जाता है कि तुम लोग किसी काम के नहीं हो, कभी भी निकाल दिए जाओगे, वेतन भी नहीं मिलेगा। यह रवैया केवल श्रम कानूनों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र द्वारा गरीब परिवारों पर मानसिक उत्पीड़न करने जैसा है।

# देह व्यापार का भंडाफोड़ : 7 युवक व 2 युवतियां धाराएं



अवधनामा ब्यूरो

**अनैतिक कार्य करने वालों में मचा हड़कंप**

**कुशीनगर।** कसया क्षेत्र में लगातार हो रहे देह व्यापार के खिलाफ पुलिस का शिकंजा कसा जा रहा है। शनिवार को कसया पुलिस ने एक गेस्ट हाउस में छापा मारकर अनैतिक कार्य से जुड़े 7 युवक व 2 युवतियां को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया। इस कार्रवाई से अवैध कार्य में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में कसया में शनिवार को अनैतिक देह व्यापार के मामले में थाना कसया पुलिस द्वारा एक गेस्ट हाउस में छापा मारकर सात पुरुष व दो महिला सहित कुल 09 लोगों को दबोच लिया। इन लोगों के पास से 9 मोबाईल, एक बोलेरो, एक मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के इस कार्रवाई से अवैध कार्य करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## दो बाईकों की टक्कर में तीन घायल, मेडिकल कालेज रेफर

**अवधनामा संवाददाता, मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र मथौली-रगड़गंज रामकोला मार्ग पर शनिवार की दोपहर मठिया ऊर्फ अकटहां गांव के समीप एक ईंट भट्ठे के सामने दो बाईकों की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें सभी को सीएचसी मथौली से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार शेष वर्मा पुत्र शम्भू वर्मा (24) व मुकेश पुत्र हीरा वर्मा (20) वर्ष निवासी रगड़गंज थाना रामकोला शनिवार दोपहर बाद अपनी बाइक से मथौली किसी काम से जा रहें थे कि राम सोहन गाजीपुर निवासी जो मथौली क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूर का कार्य करता है विपरित दिशा से आकर शेष वर्मा के बाइक से भींड गया। टक्कर इतनी जोरदार थी शेष वर्मा का पैर व एक हाथ फैक्कर हो जबकि दूसरे को भी चोटे लगी। मजदूर की भी पैर में फैक्कर व सिर में गंभीर चोटे लगी है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज पडरौना रेफर कर दिया गया।

## विधायक पी.एन. पाठक ने आरसीसी रोड का किया लोकार्पण




**कसया, कुशीनगर।** शनिवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने क्षेत्र के गांव नरकटिया में विधायक निधि से निर्मित आरसीसी सड़क का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने लगभग 20 लाख की लागत से निर्मित हुए आरसीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। उक्त गांव में समारोह पूर्वक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगो ने विधायक को फूल माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोग व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में बनी सरकार विश्व पटल पर भारत को मजबूती मिली है। भाजपा सरकार ने प्रदेश के विकास में कई योजनाएं संचालित कर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है।

## मिला युवक का शव, घटना का कारण स्पष्ट नहीं

**अमेठी /संग्रामपुर।** थाना क्षेत्र में एक 32 वर्षीय युवक का शव तालाब किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना कारण स्पष्ट नहीं है। युवक की पहचान मड़ौली गांव निवासी आशीष मिश्र के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, आशीष लखनऊ में अपने भाई-बहनों के घर गए थे। तीन दिन बाद घर लौटते समय उन्होंने अमेठी स्टैंड पर अपनी गाड़ी खड़ी की और घर के लिए निकले। हालांकि, वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला। इसी दौरान उनकी बहन और बहनोई घर पहुंच चुके थे। अगले दिन सुबह ग्रामीण शौच के लिए निकले तो उन्होंने खौसी पुरवा स्थित हनुमान मंदिर के पास तालाब किनारे एक शव पड़ा देखा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान आशीष मिश्र के रूप में की। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशीष अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनके बड़े भाई कुलदीप मिश्रा और छोटे भाई बृजेश मिश्रा सेना में कार्यरत हैं। परिवार में उनकी दो बहनें सरिता और रीता भी हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है।




# ओडीओपी योजना के तहत 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



प्रशिक्षण का शुभारंभ करते जिलाध्यक्ष

**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत जिला उद्योग केंद्र कुशीनगर के तत्वावधान में रामकोला स्थित एक मैरेज लॉन में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह में विधायक रामकोला विनय प्रकाश, विधायक पडरौना मनीष जायसवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर विधायक रामकोला विनय प्रकाश गोंड ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार देने की दिशा में आगे बढ़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाएं और अपने साथ कार्य करने वाले लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण का भरपूर लाभ उठाने और सफल उद्यमी बनने की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा 10 लाभार्थियों को स्टडी किट का वितरण भी किया गया। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा प्रायोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जनपद कुशीनगर में केले के उत्पाद से जुड़े 350 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन यू.पी. इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड (यूपीकॉन) द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शिल्पकारों और उद्यमियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे लोकल फॉर वोकल की अवधारणा को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष सिंह व गायक अनीष सोनी द्वारा किया गया।

# विकसित भारत राम जी योजना पर भाजपा की प्रेस कांफ्रेंस

**ग्रामीण भारत अब योजनाओं का लाभार्थी नहीं, विकास का भागीदार : सुधांशु शुक्ल**

अवधनामा संवाददाता




**गौरीगंज/ अमेठी।** शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत अब केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास का भागीदार बन रहा है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का ग्रामीण विकास मॉडल जरूरत-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर उत्पादकता, परिवर्तन और भविष्य-उन्मुख विकास पर आधारित है, जो सीधे विकसित भारत -2047 के लक्ष्य से जुड़ा हुआ है।

श्री शुक्ला ने बताया कि VB-G RAM G विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीणअधिनियम के तहत रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को एकीकृत दृष्टि से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हर ग्रामीण परिवार को 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार, बेहतर और अनुमानित आजीविका सुरक्षा, उच्च गुणवत्ता की स्थायी ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण, तकनीक आधारित पारदर्शिता से भ्रष्टाचार पर अंकुश, केंद्र-राज्य की जवाबदेह साझेदारी, ग्राम स्तरीय योजनाओं का राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्राथमिकताओं से समन्वय किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त किया गया है, वहीं युवाओं को कौशल विकास और स्थानीय रोजगार से जोड़कर पलायन रोकने का प्रभावी कार्य किया जा रहा है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने योजनाओं को विकास के बजाय नेहरू-गांधी परिवार के नामकरण तक सीमित रखा और देश के महान नेताओं जैसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल और लाल बहादुर शास्त्री को उनका उचित सम्मान नहीं दिया।

भाजपा प्रवक्ता श्री चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव सशक्त और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत है, और भाजपा उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पयागपुर विधान सभा क्षेत्र का होगा विकास, सरकार से मिली सौगात

■ सुभाष त्रिपाठी के प्रयासों से बनेगा सरयू नदी पर पुल और अप्रोच मार्ग

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह और विधायक सुभाष त्रिपाठी के प्रयासों से हुजूरपुर विकास खंड में रामपुर लक्ष्मना घाट स्थित सरयू नदी पर 134 मीटर लंबा पुल और डेढ़ किलोमीटर लंबे अप्रोच मार्ग के रूप में दो हजार चार सौ बहत्तर लाख रुपए की सौगात विधानसभा वासियों को प्राप्त हुई है। इस पुल के बन जाने पर क्षेत्र वासियों को हुजूरपुर से फखरपुर तक जाने के लिए पूर्व की तुलना में लगभग आधी ही तय करनी पड़ेगी।

इस संबंध में विधायक सुभाष त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि हुजूरपुर और फखरपुर के सीमावर्ती गांवों से सरयू नदी निकलती है। सरयू नदी के उत्तरी ओर हुजूरपुर विकास खंड की ग्रामपंचायत रामपुर और प्रेमीदास दास कुट्टी, जिगनियां जसकरण , जिगनिया छत्रपाल, धर्मपुर भैंसहा, त्रिकोलिया राजापुर सहित दर्जनों ग्राम तथा दक्षिणी ओर फखरपुर विकास क्षेत्र के भूपानी, सिंगरों और बसौना सहित दर्जनों ग्राम और फखरपुर ब्लाक मुख्यालय पड़ते है। स्थानीय निवासियों को इस ओर से उस ओर तक जाने के लिए गहरी सरयू नदी को पार करने के लिए नाव ही एक मात्र सहारा है वह भी बरसात के दिनों में नाव पर जाना क्षेत्र वासियों की जान जोखिम में डालने जैसा होता था। गन्ना कृषकों को परले तथा अन्य कार्यों से फखरपुर मुख्यालय के लिए 25 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करना पड़ता था।

वर्ष 2017 विधायक श्री त्रिपाठी ने स्थानीय लोगों से पुल निर्माण का वायदा भी किया था। इसी क्रम में विधायक श्री त्रिपाठी ने मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत मिलकर क्षेत्रवासियों की समस्या से अवगत कराते हुए पत्र भी दिया था।जिसकी स्वीकृति के रूप में शासन द्वारा 134 मीटर लंबा सेतु और डेढ़ किलो मीटर लंबे अप्रोच मार्ग के लिए दो हजार चार सौ बहत्तर लाख बावन हजार रुपए स्वीकृति किए गए है। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने बताया शीघ्र ही पुल का शिलान्यास करवाकर कार्य शुरू कराया जाएगा। क्षेत्रीय लोगों ने विधायक द्वारा क्षेत्र को यह महत्वपूर्ण सौगात देने के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# मतदाता पुनरीक्षण हेतु किया गया विशेष बूथों का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के महसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को जनपद बहराइच के विधानसभा महसी के सभी 386 बूथों पर बी0एल0ओ0 द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़ने के उपरान्त सभी बूथों पर नाम बढ़ाने अपमार्जन संशोधन इत्यादि हेतु फाम-6, फार्म-7, फार्म-8 व घोषणा पत्र उपलब्ध कराये गये। उक्त कार्य को मिशन मोड में कराया तथा इस कार्य को सकुशल सम्पादित किये जाने हेतु क्षेत्र के पार्षद ग्राम प्रधान वार्ड सदस्य बूथ लेवल एजेण्ट स्थानीय प्रतिनिधियों को सूचित करते हुए उनकी सहभागिता भी कराई गई एवं बूथ पर आलेख्य नामावली पढ़कर सुनाने के साथ-साथ नए मतदाताओं के लिए फार्म संख्या 6 भरना एवं अन्य कोई आपत्ती एवं दावा है तो उसका निस्तारण किया गया। निर्वाचन अधिकारियों ने टीम बनाकर भूतों का निरीक्षण किया एवं आवश्यकता पड़ने पर सहयोग एवं निस्तारण भी किया। महसी में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम आलोक प्रसाद ने इस कार्यक्रम की कमान स्वयं अपने हाथ में लेकर अनेक बूथों का निरीक्षण किया एवं बी एल ओ और मतदाताओं के समक्ष उत्पन्न होने वाली समस्याओं का निस्तारण भी किया।

## धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में थाना हलियापुर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना हलियापुर क्षेत्र के उमरा निवासी अरुण कुमार तिवारी पुत्र गिरजा प्रसाद तिवारी ने थाने में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गौरा परानी निवासी रज्जब अली पुत्र वारिस अली अपने फेसबुक अकाउंट पर हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरें पोस्ट कर उनके साथ आपत्तिजनक टिप्पणियां करता है। इससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं तथा क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी वंदना अग्रहरि ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बाँदा में हनुमंत कथा बनी वीवीआईपी कथा

अवधनामा संवाददाता

■ आयोजकों की मनमानी से श्रद्धालुओं में आक्रोश

**बाँदा।** मवई बाईपास में आयोजित हनुमंत कथा अब श्रद्धा से अधिक वीवीआईपी संस्कृति को लेकर चर्चा में है। आयोजकों द्वारा शुरू में यह दावा किया गया था कि कथा में किसी भी प्रकार का वीआईपी कल्चर नहीं होगा और न ही किसी को पास दिए जाएंगे, लेकिन कथा के दूसरे ही दिन यह दावा खोखला साबित होता नजर आया।

कथा स्थल तक आम श्रद्धालुओं के लिए यातायात कई किलोमीटर पहले ही बंद कर दिया गया, जिससे विशेषकर वृद्धजनों, बीमार व्यक्तियों और महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रिक्शा और निजी वाहन मवई चौराहे से दो-तीन किलोमीटर पहले ही रोक दिए गए, ऐसे में श्रद्धालुओं को पैदल ही लंबी दूरी तय करनी पड़ी। वहीं दूसरी ओर, विशिष्ट लोगों और आयोजकों के चहेतों के लिए यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रही, जिससे आम श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त हो गया। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब कथा की कवरेज के लिए पहुंचे मीडियाकर्मियों के साथ आयोजक समिति के पदाधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के आरोप लगे। जबकि इससे पूर्व आयोजक प्रवीण सिंह द्वारा यह कहा गया था कि मीडियाकर्मियों के लिए अलग दीर्घा की व्यवस्था की जाएगी, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत देखने को मिली। कई मीडियाकर्मियों को प्रवेश तक नहीं दिया गया। श्रद्धालुओं का आरोप है कि आयोजकों ने अपने परिचितों और खास लोगों को पहले प्रवेश दिलाया, जबकि आम लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रखने के बाद भी अंदर जाने से रोक दिया गया। इसके बावजूद श्रद्धालु केवल पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने की आस्था में हर कठिनाई सहने को मजबूर दिखाई दिए। कुल मिलाकर, हनुमंत कथा जहां श्रद्धा और समरसता का प्रतीक होनी चाहिए थी, वहीं आयोजकीय अव्यवस्था और कथित मनमानी के चलते यह आयोजन वीवीआईपी कथा बनकर रह गया, जिससे आम श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

## दो सौ दिव्यांग जनों एवं विधवा महिलाओं को कम्बल वितरण



**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में शनिवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में शीत लहर के दृष्टिगत ठंड से राहत हेतु शाहजहांपुर के ग्रामीण क्षेत्र के दो सौ जरूरतमंद दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को कम्बल प्रदान कर सहयोग किया गया।कम्बल वितरण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा एवं नगर निगम के उपसभापति वेद प्रकाश मौर्य ने संयुक्त रूप से किया । इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डा0 विजय जौहरी ने कहा कि रेड क्रॉस दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को केवल राहत ही नहीं, बल्कि सशक्तिकरण और समावेशन के अवसर प्रदान करता है, ताकि वे समाज में सक्रिय और सम्मानित सदस्य बन सकें। इसके अतिरिक्त रेडक्रॉस सचिव डॉ विजय जोहरी ने जानकारी देते हुए बताया की शेष वंचित जरूरतमंद दिव्यांग जन एवं विधवा महिलाओं को रेडक्रास कार्यालय में सोमवार दिवस को अपना आधार कार्ड दिखाकर अपना नाम सूचीबद्ध कराना है जिससे शीघ्र ही पुनः निर्धारित दिवस पर कम्बल उपलबध कराये जा सकें। इसके अतिरिक्त आगामी समय में भी जरूरतमंदों को सहयोग और अतिआवश्यक सेवाएं प्रदान की जा सकें दिव्यांगजन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष बालकृष्ण पांडेय दिव्यांग रामसिंह कोषाध्यक्ष नन्द किशोर मिश्रा रवि कुमार मुनीश कुमार वर्मा ब्रजेश कुमार गुप्ता श्रीमती सविता देवी श्रीमती विमला देवी श्रीमती प्रेमलता इत्यादि उपस्थित थे।

## गेट से भैंस निकालने को लेकर, विवाद पत्नी की मौत

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के थाना तिलहर क्षेत्र में शुक्रवार शाम भैंस निकालने के विवाद में पति ने पत्नी की कथित रूप से डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी, एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के गांव जोधपुर नवादिया की रहने वाली माया देवी (45) का अपने पति महाराज सिंह से विवाद चल रहा था माया देवी अपने छोटे बेटे अतुल के साथ रहती थी। जबकि पति महाराज सिंह अपने बड़े बेटे हरिशरण के साथ रहता था। दोनों घरों का निकास एक ही है माया देवी शुक्रवार शाम गेट से भैंस निकाल रही थी इसी बीच उसका पति से विवाद हो गया और विवाद में पति ने अपनी पत्नी माया देवी के सर पर आवेश में आकर डंडा मार दिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पति मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया आरोपी पति की तलाश में पुलिस टीम गठित कर दी गई आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक कल

**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** ज्ञात रहे कि गत 14 जनवरी 2026 को सायं 04:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार दबरई फिरोजाबाद में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक अपरिहार्य कारणवश स्थगित की गई है। अब उक्त बैठक आगामी 19 जनवरी 2026 सांय 04:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार दबरई फिरोजाबाद में ओयोजित की जायेगी।

# डीएम ने उद्योग जगत के स्टेकहोल्डर के साथ किया गहन विचार-विमर्ष

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में नीरी द्वारा जनपद में इंपैक्ट स्टडी के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में आयोजित की गई, बैठक में उद्योग जगत के विभिन्न स्टेकहोल्डर के साथ गहन विचार विमर्श किया गया, बैठक में नीरी के वैज्ञानिक एस0के0 गोयल द्वारा जलेसर रोड इंडस्ट्रियल एरिया में स्थापित औद्योगिक इकाइयों की इंपैक्ट स्टडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद की सभी इकाइयों का डाटा उपलब्ध कराने हेतु एक विशेष प्रारूप विकसित किया जाए, इस प्रारूप में सभी प्रकार की सूचनाओं को समाहित किया जाए, ताकि भविष्य में सेंट्रल इन्पार्वड कमेटी और टी0टी0जेड अर्थॉरिटी के समक्ष उद्यमियों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े, इस स्टडी का मुख्य उद्देश्य उद्योगों को भविष्य में नई इकाइयां लगाने के लिए सहुलते प्रदान करना और एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार करना है। बैठक में इस बात पर भी मंथन किया गया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक और बेहतर मशीनरी का उपयोग कर बिना गैस की खपत बढ़ाएं स्थानीय इकाइयां वैश्विक बाजार की प्रतिस्पर्धा में बनी रह सकती है। इस बैठक में उद्योगों को भविष्य की चुनौतीयों के लिए तैयार करना और पर्यावरण मानकों के साथ सम्वन्य बिठाते हुए औद्योगिक विकास को गति देने हेतु विचार विमर्श किया गया, इस बैठक में प्रभारी वनाधिकारी और उपयुक्त उद्योग संध्या, सहायक अभियंता यू पी सी डा, नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राज कुमार मित्तल, मुकेश बंसल, रीतेश बंसल, हेमंत अग्रवाल, दीपक गुप्ता, विनय गोयल तथा एस के गोयल एवं सुनील गूलिया नीरी से भी उपस्थित रहें।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु तहसील शिकोहाबाद के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में किया गया।

इस समाधान दिवस में जिलाधिकारी के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ-साथ समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति भी रही, इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें कानून व्यवस्था, विद्युत, विकास, सफाई, राजस्व इत्यादि की आई, जिलाधिकारी ने इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जन शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय दें, शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान हेतु लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी पंचायत भवन पर बैठें, जिससे प्रारंभिक चरणों में ही विवादों का निस्तारण हो जाए, इस दौरान रेखा नामक युवती द्वारा शिकायत की गई कि उसके पिता की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा की गई, परंतु परिजनों को कोई सूचना नहीं दी गई, इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपी, इसी तरह चरण सिंह नामक प्रार्थी ने यह शिकायत की की लता यादव उसके घर में 3000 रू0 में किराए पर रहती है, परंतु उनके द्वारा किराया नहीं दिया जा रहा है और न ही उनका घर खाली किया जा रहा है, साथ ही साथ मुझे लगातार धमकाया भी जा रहा है, इस पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण मामले की जांच थाना अध्यक्ष और राजस्व निरीक्षक को सौंपी ताकि मामले की सच्चाई का पता लगाया जा सके। इसी तरह शिकायतकर्ता कुसुम देवी ने शिकायत की की ग्राम प्रधान द्वारा जबरन रास्ते पर ब्रेकर बनाया गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, इस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को संपूर्ण मामले की जांच करने के निर्देश दिए, इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में 51 शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष आई और मौके पर 11 का निस्तारण किया गया।

# हैजा माई धाम पर कंबल वितरण व सहभोज का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सरकौड़ा गांव सभा स्थित हैजा माई धाम परिसर में कंबल वितरण व सहभोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक राम चंद्र मिश्रा रहे। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का आयोजक एवं पूर्व प्रधान अशोक यादव ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राम चंद्र मिश्रा ने कहा कि संगठन में ही वास्तविक शक्ति निहित होती है। यदि समाज संगठित होकर कार्य करे तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रहता। उन्होंने प्रदेश व केंद्र में भाजपा सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही आज देश और प्रदेश में स्थिर व मजबूत सरकार कार्य कर रही है, जिसकी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। मुख्य अतिथि ने भीषण ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के लिए किए गए कंबल वितरण की सराहना करते हुए इसे सराहनीय सामाजिक कार्य बताया। आयोजक की ओर से सरकौड़ा गांव सभा के लगभग 500 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे ग्रामीणों में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बानो पत्नी अब्दुल लतीफ कादरी निवासी ग्राम दुलारपुर पोस्ट डीहा थाना दरगाह व जिला बहराइच की निवासी हूँ। मैं सशपथ बयान करती हूँ कि मेरे परिवार रजिस्टर नकल, राशनकार्ड, पहचान पत्र और बिजली बिल सभी इसी नाम से है यह कि वर्तमान समय में त्रुटिवश मेरे उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम अख्तरी पत्नी मंगल अंकित हो गया है जो पूरी तरह गलत है मुझे सिर्फ बानों पत्नी अब्दुल लतीफ कादरी नाम से ही जाना और पहचाना जाय।

बानों पत्नी अब्दुल लतीफ कादरी
ग्रामसभा-दुलारपुर, वि0ख0-चित्तौरा, बहराइच।

## Public Notice

I Shabanam have change my name to shabnam ansari In future call and know me shabnam ansari w/o jan Mohmmad Ansari 3/2199 Gali no 7 Khan Alampur, saharanpur, Uttar Pradesh-247001

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय सिविल जज(जूडि)/एफटीसी द्वितीय सहारनपुर। वाद सं0-809 सन् 2024 साजिद पुत्र इलियास निवासी ग्राम सीकरी खुर्द परगना सुलतानपुर तहसील व जिला सहारनपुर। वादी.......नोटिस बनाम ...सलमान पुत्र साजिद निवासी ग्राम सीकरी खुर्द परगना सुलतानपुर तहसील व जिला सहारनपुर (प्रतिवादी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत हुक्म इमतनाई के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23 माह 01 सन 2026 को बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से कतई करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारिख जो आपके इजकारो के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस लाज़िम है उसी रोज़ जुमला गवाह एवं दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय समात किया जायेगा और फ़ैसला होगा आज दि.16/1/26 को मेरे द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज, जूडि/FTC 2nd,सहारनपुर**

# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।

पत्रांक :- 875/जि0पं0म0/2025-26 दिनांक : 17 जनवरी, 2026

## ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग/समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वॉ वित्त (अनटाइड/टाइड ग्राण्ट) योजना से स्वीकृत परियोजना की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्तें अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 20.01.2026 को अपरान्ह 06.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 09.02.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 10.02.2026 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में पूर्वान्ह 11.00 बजे से निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/चालान/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या. 21246239861 आई0एफ0एस0 सी0 कोड - IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद/प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड - CNRB0018642 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 20.01.2026 04.00 PM | 20.01.2026 04.00 PM | 09.02.2026 10-00 AM | 10.02.2026 11-00 AM |

**अभियन्ता जिला पंचायत महराजगंज।** **अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज।** **मा. अध्यक्ष जिला पंचायत महराजगंज।**

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ

No. 315/ E-Tender / 2025-26 Dated : 13-01-2026

## अल्पकालिक निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''ए'' ''बी'' ''सी'' एवं0 ''डी'' में रजिस्टर्ड ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क + प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लखनऊ | सहायक अभियन्ता-प्रथम के क्षेत्रान्तर्गत लाटूश मार्ग एवं लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। (विभागीय प्लाण्ट द्वारा) | 2.46 | 0.25 | रू. 75.00, 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी.एस.टी. @ 18% = रू. 677.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | सहायक अभियन्ता-प्रथम के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। (विभागीय प्लाण्ट द्वारा) | 4.20 | 0.45 | रू. 75.00, 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी.एस.टी. @ 18% = रू. 677.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | सहायक अभियन्ता-चतुर्थ के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। (विभागीय प्लाण्ट द्वारा) | 5.08 | 0.55 | रू. 75.00, 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी.एस.टी. @ 18% = रू. 677.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | सहायक अभियन्ता-तृतीय के क्षेत्रान्तर्गत लोहिया पथ सर्विस मार्ग रोड रेस्टोरेशन का कार्य। (विभागीय प्लाण्ट द्वारा) | 21.52 | 2.20 | रू. 300.00, 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी.एस.टी. @ 18% = रू. 944.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | लेहियापथ सर्विस मार्ग के किमी0 5 में रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 32.56 | 3.30 | रू. 300.00, 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी.एस.टी. @ 18% = रू. 944.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | लखनऊ कानपुर मार्ग के किमी0 4,5 व 6 में रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 30.72 | 3.10 | रू. 300.00, 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी.एस.टी. @ 18% = रू. 944.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | गोमती नगर में अम्बेडकर चौराहा से सी0एम0एस0 चौराहा होते हुए ग्वारी चौराहा तक मार्ग पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 30.00 | 3.00 | रू. 300.00, 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी.एस.टी. @ 18% = रू. 944.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |

➤बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 19.01.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 24.01.2026 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 24.01.2026 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 24.01.2026 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश सं0- 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दि0 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(इं. सत्येन्द्र नाथ)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ
For on behalf of Governor of UP

UPID-244082 Dated-16-01-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर इटावा, ने बताया कि जीएसटी की विधिक व्यवस्थाओं के प्रति जागरूकता, व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी 2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से शनिवार को व्यापारी संवाद कार्यक्रम प्रेरणा सभागार विकास भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सरिता भदौरिया, विधायक, सदर शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, जिलाधिकारी, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एच0पी0राव दीक्षित, अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर के साथ व्यापारी, युवा उद्यमी, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, अधिवक्ता एवं सी0ए0एवं राज्य कर विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 191 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण मनीष कुमार राय, सहायक आयुक्त द्वारा किया गया एवं एच0पी0राव दीक्षित, अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर, द्वारा जी0एस0टी0 में जनपद के राजस्व, पंजीयन डाटाबेस बढ़ाने के संबंध में, ईट भट्ठों से प्राप्त राजस्व संवर्धन एवं व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के संबंध में व्यापारियों को अवगत कराया गया। शिव कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा जी0एस0टी0में ट्रिब्युल में द्वितीय अपील दाखिल करने की प्रक्रिया की एवं विवेक स्वरुप अग्रवाल, अध्यक्ष बार एसोसिएशन द्वारा जी0एस0टी0 में रिटनों एवं रिटर्न दाखिला के संबंध में राकेश कुमार, अपर आयुक्त ग्रेड-2 (अपील) द्वारा अपीलीय प्रक्रिया के बारे में एवं सुरेन्द्र मोहन, अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) द्वारा प्रवर्तन के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी व्यापारियों को प्रदान की गयी। ए0के0 शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, विवेक स्वरुप अग्रवाल, अध्यक्ष, टैक्स बार एसोसिएशन, शिव कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता, अनन्त प्रताप अग्रवाल, जिलाध्यक्ष, उद्योग व्यापार मण्डल एवं धर्मेन्द्र जैन, जिला महामंत्री, व्यापार मण्डल द्वारा अपने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये गये, जिन्हें उच्च स्तर पर अग्रेषित किए जाने के लिए अभिलिखित किया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांगों को मिला प्रमाण पत्र

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0 एन. सिंह की जन-कल्याणकारी नीतियों और संवेदनशील पहल के अंतर्गत, तहसील घोरावल में आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' केवल शिकायतों के निस्तारण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के लिए वरदान साबित हुआ। जिलाधिकारी के विशेष निर्देशों पर तहसील परिसर में ही दिव्यांगजनों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया था और वृद्धजनों को तत्काल पेंशन योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया था कि दूर-दराज से आए दिव्यांगजनों, पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, उन्हें सम्पूर्ण समाधान दिवस में ही कैम्प लगाकर सरकार संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज मौके पर ही दिव्यांगजनों का परीक्षण कर तत्काल दिव्यांगता प्रमाण पत्र जिलाधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांगजन प्रमाण-पत्र प्राप्त लाभार्थियों के चेहरे पर एक अलग ही खुशी झलक रही थी और प्रशासन द्वारा की गयी इस व्यवस्था पर उन्होंने काफी प्रसन्नता व्यक्त की। 4 लाभार्थियों को आज दिव्यांग प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया, 4 लाभार्थियों का वृद्धा पेंशन, 22 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड, 5 दिव्यांगजनो को कृत्रिम उपकरण तथा दो पात्र अभ्यर्थियों द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के फार्म जमा कराये गये हैं।

# शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें : डीएम

- एसएसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की
- तहसील जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील जसवन्तनगर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 02 शिकायत का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी जसवंतनगर कुमार सत्यजीत, पुलिस उपाधीक्षक आयुषी सिंह सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची एवं ASDD सूची को पढ़कर सुनाया जायेगा

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में अर्हता

**विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026**

तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अनुसार विशेष अभियान दिवस दिनांक 18 जनवरी, 2026 को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने बूथों पर उपस्थित होकर आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची एवं ,स्ड्ड सूची को पढ़कर सुनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अतःसूचित किया जाता है कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दिनांक 18 जनवरी, 2026 को प्रातः10.30 बजे से सायं 04.30 बजे के मध्य पढ़कर सुनाया जायेगा।

अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदाता उपरोक्त दिवसों का लाभ लेते हुये मतदाता सूची का अवलोकन करे अगर कोई पात्र मतदाता, मतदाता सूची में अंकित नहीं है अथवा 01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है एवं कर चुके है, तो यह प्रारूप-6 के साथ अनुलग्नक-4 (घोषणा पत्र), मतदाता सूची से नाम अपमार्जित (हटावाने) हेतु प्रारूप-7 एवं मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि को शुद्ध कराने एवं स्थानान्तनरण तथा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हाकंन हेतु प्रारूप-8 पर दावे और आपत्तियों अपने बूथ लेवल अधिकारी को प्रस्तुत कर सकते है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, चालक फरार

**प्रयागराज।** प्रयागराज के चौफटका पुल पर एक बार फिर तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र केबलुआ घाट सब्जी मंडी निवासी अजीत सिंह अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में चौफटका पुल पर एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी और चालक ने लापरवाही से वाहन चलाया। हादसे को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके से अपनी कार लेकर भाग निकला।

# सदर विधायक ने फॉर्म भरवाने के साथ अन्य औपचारिकताए पूर्ण कराई

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सदर विधायक ने संभाली बूथों की कमान सोनभद्र प्रदेश में चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने रॉबर्ट्सगंज नगर के जोगिया वीर मोहाल के बुथ संख्या 52व 53 में नाम जोड़ने का फॉर्म भरवाने के साथ अन्य औपचारिकताए पूर्ण कराई। मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काफी गंभीरता से लिया है उन्होंने पार्टी के समस्त लोगों को संदेश दिया है कि इस कार्य में कोई कोताही न बरती जाए।

तमाम कार्य छोड़कर मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है इसी के तहत सदर विधायक भूपेश चौबे को सदर विधानसभा के बुथ संख्या 52 53 का प्रवासी बनाया गया है प्रवासी का दायित्व मिलने के साथ विधायक सक्रिय हो गए हैं शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या। 52 53 पर पहुंच कर जिनकी उम्र 18 वर्ष होने वाली है उनके लिए फॉर्म 6भरवाने का कार्य कराया इसी के साथ फार्म 7व फार्म 8 भी भी भरवाया गया इस मौके पर उन्होंने मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा कि परिवार में जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है और वह 18 वर्ष के हैं तो वह फॉर्म सिक्स भरें यदि परिवार में कोई बाहर रहता हो मतदाता सूची में उसका बाहर नाम हो या मृत्यु हो चुकी हो तो नाम निकालने के लिए फार्म 8 भरें किसी का भी नाम जो पात्र है मतदाता सूची में छूटना नहीं चाहिए उन्होंने अपने साथ के लोगों को भी सजक करते हुए कहा कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह मतदाता सूची मैं मतदाता के रूप में दर्ज हो और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें इस मौके पर ज़िला मिडिया प्रभारी भाजपा अनूप तिवारी पूर्व नगर अध्यक्ष संजय जायसवाल,,बूथ अध्यक्ष 52 ओम प्रकाश, बीएलओ बच्चा शर्मा, पूर्व सभासद अमन मौर्या, सत्यम पांडेय, बबन मौर्य, संजय श्रीवास्तव, नीरज केशरी, मनीष केशरी, विशाल गुप्ता, आकाश, आयुष वर्मा राजेश सोनी, बीएलओ राजकुमारी मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन ने कूड़े के प्रति घर- घर चलाया अभियान



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जिलाधिकारी के निर्देशन पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी सतोष कुमार मिश्रा तथा डीपीएम सुनील कुमार एवं डॉ.हरीशंकर पटेल ब्राण्ड एम्बेसडर द्वारा नथ्थी लाल कुशवाह मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विशाल मिश्रा की टीम के सहयोग से नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा बार्ड कटरा फतेह महमूद खाँ निरीक्षण करते हुए वार्ड में स्वच्छ सर्वेच्छण 2025-26 में सदर पलिका को प्रथम लाने के लिए डोर टू डोर जाकर कूड़ें को इधर-उधर ना फेकनें के प्रति जन जागरूकता अभियान के साथ इधर- उधर कूड़ा डालने वालों को निर्देशित कर बताया कि यह शिकायत पुनःमिली तो चालान काटने का कार्य किया जायेगा। साफाई नायक विजय के साथ अन्य क्षेत्रों के सफाई नायक, आईईसी की टीम उपस्थित रही।

## अन्ना पशुओं से किसान त्रस्त, सौंपा ज्ञापन



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसान अन्ना पशुओं की समस्या से बेहाल हैं। हजारों बीघा फसल बर्बाद होने से आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन (गैर राजनीतिक) ने प्रदर्शन कर मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान न हुआ तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। भैंसता, गुरदहा, करहय्या सहित बिंवार थाना क्षेत्र के कुनेहटा और मुटनी जैसे गांवों में किसानों को रातों की नींद हराम कर फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। अक्सर ये पशु हिंसक होकर किसानों पर हमला भी कर देते हैं। प्रदर्शन के दौरान आशा प्रसाद, शिवपूजन निषाद सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## पाँच ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के मोहल्ला सिचौली पुरवा निवासी आसिया ने अपने पति और ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का विवाह सवा दो साल पहले टीकमगढ़ निवासी साबिर खान के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज से असंतुष्ट होकर उसे शारीरिक और मानसिक यातनाएं दे रहे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति साबिर, ससुर कासिम, सास बफातन और ननद खुशनुमा व मुस्कान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चाकूबाज बाइकर्स की हुई शिनाख्त, मुकदमा दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** दो दिन पूर्व गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में युवक को चाकू मारकर घायल करने वाले आरोपियों की बाइक की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। पीड़ित प्रशांत कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने बाइक नंबर (क्क91 च 6056) के अज्ञात चालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब बाइक और हमलावरों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## समाधान दिवस में आई 31 शिकायतें, दो का निस्तारण



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** साल के दूसरे और महीने के तीसरे शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुईं। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में अन्ना पशु, महिला हिंसा, बिजली, सिंचाई और अवैध कब्जों से जुड़े मामले छाए रहे। मौके पर केवल दो शिकायतों का निस्तारण हो सका। शेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम कर्णवीर सिंह, सीओ राजकुमार पाण्डेय और तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सीज की गई लकड़ी आरा मशीन से रातों-रात गायब

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** पचखुरा खुर्द में वन विभाग द्वारा सीज की गई लकड़ी के रातों-रात गायब होने का मामला सामने आया है। यह लकड़ी दुष्कर्म और धर्मांतरण के आरोपी के पिता की आरा मशीन से पकड़ी गई थी। शुक्रवार को वन विभाग ने छापेमारी कर इसे सीज किया था, लेकिन टीम के जाते ही लकड़ी गायब कर दी गई। प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह ने संतोषजनक जवाब न देते हुए केवल जांच की बात कही है।

## भूमाफिया के रसूख के आगे मंडी की जल निकासी ठप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** नवीन गल्ला मंडी के बगल में एक दबंग भूमाफिया द्वारा बनाए गए ऊंचे नाले के कारण मंडी परिसर में जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम ने बताया कि भूमाफिया मौलाना खान ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान का नाला मंडी के नाले से ऊंचा बना दिया है, जिससे बारिश का पानी नहीं निकल पाता। कई बार पत्राचार के बावजूद रसूख के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसका खामियाजा किसानों और व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है।

## ग्राम समाज की जमीन पर अवैध आलीशान मकान, नगर पंचायत में रिकॉर्ड नहीं



**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के कमलेश तिराहा पर बना एक आलीशान मकान विवादों के घेरे में है। आरोप है कि दुष्कर्म के आरोपी के पिता ने मैकासुर बाबा आश्रम की ग्राम समाज की जमीन पर यह कब्जा किया है। जांच में पता चला कि इस मकान का न तो कोई नक्शा स्वीकृत है और न ही हाउस टैक्स लगता है। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार, यह भूमि गाटा संख्या 1515 में दर्ज है। गुरुवार को पुलिस ने यहीं से आरोपी के पिता को गिरफ्तार किया था।

## पांडव गेस्ट हाउस में व्यापारी संवाद कार्यक्रम संपन्न

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** राज्य कर विभाग द्वारा शनिवार को व्यापारियों के लिए जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त आयुक्त राम नारायण आनंद ने व्यापारियों को पंजीयन, रिटर्न फाइलिंग और जीएसटी के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीएसटी धारकों को 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा निःशुल्क मिलता है। कार्यक्रम में भट्ठा एसोसिएशन, उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी और कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मकरांव गांव में बारहसिंगा आने से हड़कंप



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के मकरांव गांव में एक बारहसिंगा के आने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और वन विभाग को सूचित किया। बारहसिंगा एक नाले में फंसा हुआ था, लेकिन वन विभाग के रेस्क्यू शुरू करने से पहले ही वह जंगल की ओर भाग निकला। आशंका जताई जा रही है कि वह कुनेहटा के जंगलों से भटक कर आया था।

## गौशाला में गौवंश की मौत की शिकायत निकली निराधार

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** इंगोहटा गौशाला में भूख-प्यास से दो दर्जन गौवंश की मौत की शिकायत जांच के बाद गलत पाई गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह और बीडीओ ने टीम के साथ निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि केवल आधा दर्जन गौवंश की स्वाभाविक मौत हुई थी, जिसका रिकॉर्ड मौजूद है। गौशाला में भूसा, पानी और ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम पाए गए और सीसीटीवी फुटेज में भी लापरवाही के साक्ष्य नहीं मिले।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, परिजनों ने हाईवे पर लगाया जाम



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** 11 जनवरी को ऑटो और कार की टक्कर में घायल हुए 27 वर्षीय पुष्पेंद्र की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को शव गांव चकदहा पहुँचते ही गुस्साए ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। एसडीएम और पुलिस अधिकारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर घंटों बाद जाम खुलवाया। मृतक अपने परिवार का इकलौता सहारा था और 4 फरवरी को उसकी बहन की शादी होनी थी।

# 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करें: सीडीओ

- फरियादियों की समस्यों का निस्तारण करायें
- क्षेत्र के सभी दबंग, अपराधी एवं आराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें: पुलिस अधीक्षक

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** बिलग्राम सभागार में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक दिन कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करें और आने वाले फरियादियों की समस्यों का ससमय निस्तारण करायें। भूमि विवाद संबंधी शिकायतों के सम्बन्ध में सीडीओ ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकारी एवं गरीबों की अवैध कब्जा की गयी भूमि कब्जा मुक्त कराने हेतु अभियान चलायें और चिन्हिान कर पुलिस टीम के साथ समन्वय बनाकर सभी सरकारी एवं गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण त्वरित करायें और नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति कराना सुनिशिचित करायें। राशन वितरण अनियमिताओं के संबंध में उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन वितरण में अनियमिता करने वाले कोटेदारों की जांच कराये और शिकायत सही पाये जाने पर कोटेदार के विरूद्ध कार्यवाही करें। पेंशन संबंधी शिकायतों के संबंध में सीडीओ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन लोगों की पेंशन किसी कारण रूक गयी है या निरस्त हो गयी उनका सत्यापन कराकर पात्र लोगों की पेंशन बहाल करायें। समाधान दिवस में अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के सभी दबंग, अपराधी एवं आराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें और ऐसे लोगों के संबंध में गांव के चौकीदारों एवं बीट सिपाहियों के माध्यम से प्रत्येक दिन की गतिविधियों की जानकारी लें और अवैध भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व टीम का सहयोग करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधकारी डा0 भावनाथ पाण्डे, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार बिलग्राम सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## शिकायतों का समयबद्ध तरीके से किया जाये: डीएम

**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में जनवरी महीने के द्वितीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी बी.एन. सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले जमीन सम्बन्धित प्राप्त हुए, जिसका शंका समाधान मौके पर ही तत्परता के साथ निस्तारण किया गया। जमीन सम्बन्धी मामले को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों का निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई.जी.आर.एस., सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये।

# 23 जनवरी को सोनभद्र पुलिस लाइन में होगा माक ड्रिल

अवधनामा ब्यूरो



- युद्ध की विभिषिका हो या अन्य आपदा, करेंगे नागरिकों का जीवन संरक्षण, एडीएम ने सुझाया युद्ध मे सुरक्षा के गुर

**सोनभद्र।** सिविल डिफेंस कोर की शनिवार 17 जनवरी 2026 को संपन्न बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सोनभद्र रमेश चंद्र ने कहा कि अच्छे कार्य करने पर जहां आत्मसंतुष्टि का बोध होता हैं वहीं अभिनव गर्व की अनुभूति भी होती है। सिविल डिफेंस कोर सदस्यों को विशेष रूप से सुभाष जयंती पर 23 जनवरी 2026 को पुलिस लाइन में शाम 6 बजे ब्लैक आउट की स्थिति में आयोजित माक ड्रिल में बतौर नागरिक सुरक्षा रोल में प्रतिभाग करने तथा महाराष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को आयोजित आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में परेड सलामी टीम का अंग बनने का निर्देश दिया। युद्ध से बचाव के क्रम में विभिषिका से बचाव हेतु होगा रण, धधकेगी आग, 23 जनवरी को सोनभद्र पुलिस लाइन में होगा माक ड्रिल । प्रशिक्षण और दिशा निर्देश बैठक के दौरान स्वयंसेवियों को एडीएम श्री चन्द्र ने जहां कार्य और दायित्व का बोध कराया वहीं आधुनिक युद्ध कला और उससे बचाव से अवगत कराते हुए वैश्विक तनाव तथा गतिविधियों के प्रति अपडेट रहने पर बल देते हुए अफवाहों और भगदड़ की स्थिति में सचेत रहकर नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा का आह्वान किया। डिप्टी कंट्रोलर प्रदीप यादव ने माक ड्रिल के दौरान ब्लैक आउट, हवाई हमले की चेतावनी, सायरन, घायलों की चिकित्सा सहायता, अग्नि अथवा अन्य आपदाओं से, घायलों की सहायता पर मार्गदर्शन किया। अग्नि शमन अधिकारी करन यादव ने माक ड्रिल के दौरान सायरन बजते ही सक्रिय होने, घरों, अस्पतालों, होटल मे आग लगने पर सबसे पहले सिलेंडर को बाहर निकालने और आग बुझाने पर जहां बल दिया, वहीं आक्रोशित जनता को समझाएं रखना, उसकी विभीषिका तथा सुरक्षित स्थानों समेत, जल स्रोतों को चिन्हित करने का सुझाव और अन्य उपाय साझा किया। श्री यादव ने स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस मंगाने, फायर सर्विस को सूचना एवं सहयोग पर बल देते हुए स्वयंसेवियों से कहा कि आग एवं आपात स्थिति से दम घुटने पर लोगों को बचाने के उपाय सुझाए, माक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीएमओ की चिकित्सा टीम, एडीएम, आपदा विशेषज्ञ, नागरिक सुरक्षा टीम के स्वयंसेवी, एडीएम चंदौली, एसडीएम मुख्यालय, आपदा मित्र आदि प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर एडीएम रमेश चंद्र, डिप्टी कंट्रोलर प्रदीप यादव, पुलिस उपाधीक्षक चारु द्विवेदी, सुरेश पाठक, विजेंद्र शर्मा आदि कर्मचारियों के अलावा सिविल डिफेंस कोर सदस्यों में कमाल अहमद, जयशंकर राय, अनिल चौधरी, अमान खान, मनोज पाठक, ललित नारायण सिंह, रंगनाथ पांडेय, मुन्ना सिंह, शरणजीत मौर्य, हेमनाथ देव समेत दर्जनों वालंटियर, आपदा मित्र आदि उपस्थित रहे।

# शुद्ध नहीं है सभी बोतलबंद पानी 29 इकाइयों पर शिकंजा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सभी बोतल बंद पानी शुद्ध नहीं है कभी कभी नकली या गंदे पानी वाली बोतल का पानी आपके स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित हो सकता है राजधानी की 29 पानी की इकाइयों पर शिकंजा कसा गया है।

मिनरल वाटर के नाम पर बोतलबंद पानी बेचने वाली 29 इकाइयों पर अब प्रशासन ने सख्ती की तैयारी कर ली है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की प्रारंभिक जांच में इन इकाइयों में कई तरह की कमियां पाई गई हैं, जिसके बाद इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिले में कुल 29 बोतलबंद पानी की इकाइयां हैं। शासन के निर्देश पर की गई जांच में पांच इकाइयां मौके पर बंद मिलीं थीं, जबकि शेष चालू मिलीं इकाइयों में साफ-सफाई, पानी के शोधन और पैकेजिंग प्रक्रिया में कमियां मिली हैं। अधिकारियों के अनुसार इनमें से कुछ इकाइयां मिनरल वाटर के निर्धारित मानकों तक की अनदेखी कर रहीं थीं। जिनसे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को खतरा है।

जांच में यह भी सामने आया कि कुछ इकाइयों में मशीनों की नियमित सफाई नहीं हो रही थी और कर्मचारी सुरक्षा मानकों के पालन में भी लापरवाही बरत रहे थे। इन कमियों को गंभीर मानते हुए विभाग की ओर से संबंधित इकाइयों को नोटिस जारी की जा रही है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

एफएसडीए विभाग के अनुसार अगले चरण में पानी के नमूने लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाली इकाइयों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं की सेहत से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## प्रशिक्षण केंद्र में 70 महिलाओं को मिले प्रमाण पत्र

**लखनऊ।** श्री कृष्णा फाउंडेशन द्वारा संचालित सिलाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कुल 70 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

फाउंडेशन के चार प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां बीते पांच वर्षों में लगभग 10 हजार महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपने घर से काम कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं और बच्चों की पढ़ाई व घरेलू खर्चों में सहयोग दे रही हैं। संस्था की महामंत्री निशा श्रीवास्तव सभी केंद्रों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे गरीब बेटियों की शादी में निशुल्क श्रृंगार कर सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ा रही हैं। संस्था द्वारा चार महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें सिलाई में महिलाओं के सभी प्रकार के परिधान तैयार करना सिखाया जाता है, जबकि ब्यूटीशियन कोर्स में थ्रेडिंग से लेकर ब्राइडल मेकअप तक का प्रशिक्षण शामिल है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के भ्रमण अवसर पर

## काजिम हुसैन की मजलिसे चेहलुम आज

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** अंजुमन गुंचए मेहदिया के महासचिव नुसरत हुसैन लाला के पिता स्वर्गीय काजिम हुसैन के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम रविवार को आयोजित होगी। हुसैनाबाद के रईस मंजिल स्थित रौजए हजरत मुस्लिम में दोपहर 12:30 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास रिजवी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस उनके आवास मेहताबबाग स्थित काजमी मेंशन में दोपहर 12:15 बजे होगी, जिसे जाकिरा ख्वाहर अरीबा अब्बास खिताब करेंगी। वहीं स्वर्गीय जाफर रजा जाफरी के ईसाले सवाब के लिए नेशनल पैथोलॉजी के पास स्थित मस्जिद नवाब हुजूर बहु सरीर आरा बेगम में मजलिसे चेहलुम होगी। सुबह 10:30 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना अम्बर आब्दी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के मकबरा हकीम मेहदी स्थित आवास पर दोपहर 1 बजे होगी।

## मेराजउन नबी के मौके पर हुआ नज़्रों का आयोजन

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मेराज-उन-नबी (27 रजब) के मौके पर शनिवार को शिया सुमदाय ने घर-घर नज़्रों का आयोजन किया जिसमें लोगों ने शिरकत करके एक-दूसरे को मेराज-उन-नबी की मुबारकबाद दी। मेराज-उन-नबी के दिन हजरत मोहम्मद साहब (स.) अल्लाह के मेहमान थे। उनके इस मरतबे की वजह से नज़्रों का आयोजन किया जाता है। आज प्रातः से ही लोगों ने अपने घरों में मीठे पकवान बनाकर व बाजारों से मिठाइयां लाकर नज़्र की तैयारी में लगे रहे कहीं सुबह नज़्र हुई तो कहीं शाम को नज़्र का आयोजन किया गया। आज दिन भर लोग एक-दूसरे के घर जा कर नज़्रों में शिरकत करते रहे यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस खुशी के मौके पर लोगों ने अपने घरों में बिजली की सजावट की तो किसी ने चिरागा करके मेराज-उन-नबी की खुशी मनायी।

## रौजा ए हजरत मुस्लिम में मजलिस आज

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** अंजुमन गुंचाए मेहदिया के महासचिव नुसरत हुसैन लाला के पिता काजिम हुसैन मरहूम के चालीसवें की मजलिस का आयोजन रविवार दोपहर12.30 बजे रौज़ाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में होगी। तिलावते कुरआने पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास रिज़वी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस उनके आवास काजमी मेंशन महताबबाग में दोपहर 12.15 बजे होगी जिसे जाकिरा अरीबा अब्बास खिताब करेंगी।

## वकाफ का तहफ़्फ़ुज़ समाज की ज़िम्मेदारी

**लखनऊ।** औकाफ तहफ्फुज दिवस पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फ की सम्पत्तियां कौम की अमानत हैं। उनकी हिफाजत करना सिर्फ सरकार या वक्फ बोर्ड का ही नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वक्फ की जमीनों और संस्थानों पर हो रहे अतिक्रमण और अनियमितताओं के खिलाफ संगठित और कानूनी लड़ाई लडने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वक्फ की अवधारणा मूल रूप से मुस्लिम समाज के यतीम बच्चों, विधवाओं, गरीबों और समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की मदद और उत्थान की है। लेकिन अफसोस है कि आज इन्हीं तबकों को सबसे ज्यादा नजरअंदाज किया जा रहा है। वक्फ की आमदनी अगर अपने असली मकसद के मुताबिक खर्च हो तो समाज की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली जा सकती हैं। सालों से वक्फ की बड़ी-बड़ी सम्पत्तियां या तो विवादों में फंसी हैं या उनका सही इस्तेमाल नहीं हो पा रहा।

# शरर की रचनाएं उर्दू तहजीब की फिक्री बुनियाद की प्रतिनिधि: खालिद रशीद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मौलाना अब्दुल हलीम शरर की रचनाएं उर्दू तहजीब की फिक्री बुनियाद की प्रतिनिधि हैं। जरूरत इस बात की है कि उनके चयनित लेखों को संक्षिप्त लेकिन निरंतर रूप से पत्रकारिता जगत में प्रकाशित किया जाए ताकि नई पीढ़ी उनकी विचारधारा के जरिए अपनी तहजीबी पहचान से जुड़ी रह सके। यह बात इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ऐशबाग ईदगाह में विख्यात लेखक, इतिहासकार और पत्रकार मौलाना अब्दुल हलीम शरर की शैक्षिक, साहित्यिक और पत्रकारिता सेवाओं पर आधारित सेमिनार में कही।

आयशा अफजाल एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी और उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग से आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में नदवतुल उलमा के नाजिमे आम मौलाना अम्मार अब्दुल अली हसनी नदवी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मौलाना अब्दुल हलीम शरर की लेखनी का प्रमुख गुण उद् देश्यपरकता, सुधार और शोध व जिज्ञासा की भावना है। आज के लेखकों को उसी परम्परा को जिंदा रखने की जरूरत है, जिसके सबसे बड़े प्रवर्तक मौलाना शरर थे। मौलाना शमीम अहमद नदवी ने मौलाना शरर के व्यक्तित्व पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि मौलाना की पत्रकारिता, उपन्यास लेखन, ऐतिहासिक उपन्यास, नाटक और कहानियां उर्दू तहजीबी चेतना की धरोहर हैं जिनसे नए पत्रकारों और साहित्यकारों को मार्गदर्शन लेना चाहिए। इससे पहले सेमिनार का आगाज कारी तरीकुल इस्लाम ने तिलावते कलामे पाक से किया। सेमिनार का संचालन मौलाना जकी नूर अजीम नदवी ने किया और स्वागत भाषण नूरूल हसन ने दिया। अशरफ फिरदौसी नदवी ने काव्यात्मक रूप से मौलाना शरर को श्रद्धांजलि पेश की। सेमिनार में हकीकुल्लाह नदवी, जियाउल्लाह सिद्दीकी, डॉ. मसीहुद्दीन खान नदवी, एहसानुल हक और मोहम्मद राशिद खान नदवी ने शोध पत्र पेश किये।


